दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 134 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 22 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया






किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


# गुवाहाटी में CRPF स्थापना दिवस समारोह अमित शाह ने जवानों के शौर्य को किया नमन

## – बोलेः देश की आंतरिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बना CRPF, नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार

समाज जागरण ब्यूरोः गुवाहाटी, 21 फरवरी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने असम के गुवाहाटी में आयोजित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 87वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होकर जवानों के शौर्य और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा, CRPF के महानिदेशक समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।अपने संबोधन में शाह ने कहा कि पिछले 86 वर्षों में CRPF ने शौर्य, धैर्य और समर्पण के साथ देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत आधार दिया है। उन्होंने बल के वीर जवानों को राष्ट्र की सुरक्षा का "अटूट कवच" बताया।



### आंतरिक सुरक्षा में CRPF की निर्णायक भूमिका

गृह मंत्री ने कहा कि CRPF के बिना देश की आंतरिक सुरक्षा की कल्पना अधूरी है। उन्होंने बताया कि अब तक बल के 2,270 जवान देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान दे चुके हैं। उनकी कर्तव्यनिष्ठा और साहस के कारण CRPF देश की सुरक्षा व्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनकर उभरी है।

## हॉटस्पॉट से ग्रोथ स्पॉट की ओर बढ़ता देश

अमित शाह ने कहा कि एक समय जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र और नॉर्थईस्ट आंतरिक सुरक्षा के बड़े हॉटस्पॉट माने जाते थे, लेकिन आज इन इलाकों में शांति और विकास का माहौल बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन CRPF के बलिदान और समर्पण का परिणाम है।

### नॉर्थईस्ट में पहली बार स्थापना दिवस परेड

शाह ने बताया कि 2019 के निर्णय के अनुसार CRPF बलों की वार्षिक परेड देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में CRPF के इतिहास में पहली बार स्थापना दिवस समारोह नॉर्थईस्ट में आयोजित हुआ, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। समारोह में 14 जवानों को वीरता पदक और 5 जवानों को विशिष्ट सेवा का राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया गया।

### छोटी शुरूआत से विश्व का सबसे बड़ा CAPF

गृह मंत्री ने कहा कि वर्ष 1939 में मात्र 2 बटालियन से शुरू हुआ CRPF आज 248 बटालियन और लगभग 3.25 लाख जवानों के साथ विश्व का सबसे बड़ा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल बन चुका है। संसद हमले और श्रीराम जन्मभूमि पर हमले को विफल करने जैसे कई महत्वपूर्ण अभियानों में बल ने निर्णायक भूमिका निभाई है।

### नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक संघर्ष

अमित शाह ने विश्वास जताया कि CRPF और कोबरा फोर्स के प्रयासों से देश जल्द ही नक्सलवाद से मुक्त होगा। उन्होंने लक्ष्य दोहराया कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण उन्मूलन संभव है। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने जवानों के अदम्य साहस की सराहना की।

### धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा में भी अहम योगदान

गृह मंत्री ने कहा कि CRPF ने अमरनाथ यात्रा, महाकुंभ सहित अनेक बड़े धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा में उत्कृष्ट भूमिका निभाई है।

## इजरायल संग 'जय-वीरू' क्यों बना है अमेरिका?

दुनिया एक और जंग के मुहाने पर खड़ी है. अमेरिका और ईरान आमने-सामने हैं. दोनों देशों के बीच बीते कई महीनों से जारी असामान्य हालात के बीच अब अमेरिकी जंगी बेड़े की तैयारी देखते हुए किसी भी समय युद्ध के शुरू होने का अंदेशा है.

अमेरिका ने समुद्र से लेकर हवाई और जमीनी रणनीति को पुख्ता कर लिया है. वहीं ईरान ने भी अपने इरादे साफ जाहिर करते हुए करारा जवाब देने की बात कही है. इस टकराव की एक अहम वजह परमाणु का मुद्दा है. अमेरिका किसी भी शर्त पर ईरान को परमाणु शक्ति नहीं बनने देने के लिए कमर कसकर तैयार है. इसकी एक अहम वजह है इजरायल. ईरान के परमाणु संपन्न बनने पर सबसे बड़ा खतरा पड़ोस में इजरायल को ही है. अब सवाल यह है कि दुनिया का सबसे ताकतवर मुल्क अमेरिका आखिर छोटे से देश इजरायल पर इतना भरोसा क्यों करता है? अमेरिका ने उस इलाके में पाकिस्तान के परमाणु हथियार को भी उतना ही ताकतवर बनने दिया, जिससे उसकी आंच इजरायल तक ना पहुंच सके. आइए यहां 'जय और वीरू' की दोस्ती का रूप ले चुके अमेरिका और इजरायल के संबंध को समझते हैं.

अमेरिका और इजरायल का रिश्ता सिर्फ कूटनीतिक नहीं, बल्कि रणनीतिक, वैचारिक, साझा दुश्मनों, राजनीतिक समीकरणों और सैन्य साझेदारी का गहरा मॉडल है. यही वजह है कि जब भी मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, खासतौर पर ईरान के मुद्दे पर तो दोनों देश एक-दूसरे के साथ मजबूती से खड़े नजर आते हैं. हालांकि वर्तमान समय में युद्ध का हो जाना अभी भी किसी के हित में नहीं है, लेकिन हालात इतने संवेदनशील हैं कि एक छोटी चिंगारी भी बड़े टकराव में बदल सकती है. सवाल है कि अमेरिका आखिर इजरायल पर इतना भरोसा क्यों करता है कि हालात ईरान के साथ टकराव तक पहुंच गए हैं? एक-एक कर हर अहम पॉइंट पर गौर करते हैं.

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 फरवरी को मेरठ दौरे पर, 12,930 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन

समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 फरवरी 2026 को मेरठ का दौरा करेंगे। दोपहर करीब 12:30 बजे वे शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे और वहां से मेरठ साउथ स्टेशन तक मेट्रो से यात्रा करेंगे। दोपहर लगभग 1 बजे वे मेरठ में करीब 12,930 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण करेंगे। इस अवसर पर वे जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

### दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर राष्ट्र को समर्पित

प्रधानमंत्री 82 किमी लंबे दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे भारत की पहली नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) के शेष खंडों का भी उद्घाटन करेंगे, जिनमें दिल्ली में सराय काले खान से न्यू अशोक नगर के बीच 5 किमी और उत्तर प्रदेश में मेरठ साउथ से मोदीपुरम के बीच 21 किमी का खंड शामिल है।

### 180 किमी प्रति घंटा रफ्तार, प्रमुख शहरों को तेज कनेक्टिविटी

180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ नमो भारत देश की पहली क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली है। इसके जरिए साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर और मेरठ जैसे प्रमुख शहरी केंद्र दिल्ली से पहले के मुकाबले अधिक तेजी से जुड़ पाएंगे।

### मल्टी-मॉडल हब के रूप में सराय काले खान

कॉरिडोर का शुरूआती स्टेशन सराय काले खान, इस उद्घाटन के साथ शुरू होने वाले चार नमो भारत स्टेशनों में से एक है। यह स्टेशन प्रमुख मल्टी-मॉडल हब के रूप में विकसित किया गया है, जो हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन, वीर हकीकत राय आईएसबीटी और रिंग रोड से सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करता है। अन्य तीन नमो भारत स्टेशन शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम (मेरठ) में हैं।

### मेरठ मेट्रो और नमो भारत एक ही बुनियादी ढांचे पर

प्रधानमंत्री मेरठ साउथ से मोदीपुरम के बीच मेरठ मेट्रो सेवा



का भी उद्घाटन करेंगे, जो नमो भारत के ही बुनियादी ढांचे पर संचालित होगी। यह देश में अपनी तरह की पहली पहल है। मेरठ मेट्रो भारत की सबसे तेज मेट्रो प्रणाली होगी, जिसकी अधिकतम परिचालन गति करीब 120 किमी प्रति घंटा होगी और यह पूरी दूरी को निर्धारित पड़ावों सहित लगभग 30 मिनट में तय करेगी।

### एकीकृत परिवहन से भीड़ और उत्सर्जन में कमी

नमो भारत और मेरठ मेट्रो का एकीकृत संचालन अंतर-शहरी तेज यात्रा और शहर के भीतर सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगा। इससे सड़क यातायात में भीड़ घटेगी और वाहनों से होने वाले कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी। ये परियोजनाएं शहरी गतिशीलता को आधुनिक, कुशल और टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन के जरिए नई दिशा देंगी।

## UGC कानून के विरोध में मेरठ में पीएम मोदी की जनसभा का बहिष्कार का ऐलान

*साठा-84 के ठाकुर समाज ने किया विरोध, 22 फरवरी की रैली से दूरी*

UGC कानून के विरोध में साठा-84 उत्तर प्रदेश के ठाकुर समाज ने 22 फरवरी को मेरठ में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा का पूर्ण बहिष्कार करने की घोषणा की है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाता, तब तक वे विरोध जारी रखेंगे। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि UGC से जुड़े प्रावधानों को लेकर समुदाय में व्यापक असंतोष है। उनका कहना है कि सरकार को इस मुद्दे पर सभी पक्षों से संवाद कर समाधान निकालना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने 22 फरवरी की जनसभा से दूरी बनाने का निर्णय लिया है।

समाज के नेताओं ने कहा कि वे शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से UGC कानून के विवादित बिंदुओं पर पुनर्विचार करने और व्यापक चर्चा करने की मांग उठाई है। सूत्रों के अनुसार, मेरठ में प्रस्तावित जनसभा को लेकर प्रशासन सतर्क है और सुरक्षा-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# 'जीने दो कराची को' के नारों से दहला पाकिस्तान, गृह युद्ध जैसे हालात!

समाज जागरण

इस्लामाबादः कराची में इस वक्त हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और जनता अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए सड़कों पर उतर आई है. पाकिस्तान के सबसे संपन्न शहर होने के बावजूद कराची आज बदहाली के आंसू रो रहा है. 14 फरवरी को जब हजारों लोग 'जीने दो कराची को' के नारे के साथ बाहर



निकले, तो उन्हें हक देने के बजाय पुलिस की लाठियों और आंसू गैस का सामना करना पड़ा. इस विरोध प्रदर्शन ने पाकिस्तान की राजनीति में एक नया उबाल ला दिया है. अब सवाल सिर्फ शहर के विकास का नहीं, बल्कि इसके वजूद का बन गया है. एक तरफ एमक्यूएम-पी इसे केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग कर रही है, तो दूसरी तरफ सिंध सरकार किसी भी कीमत पर बंटवारे के खिलाफ खड़ी है.

## आगरा में राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

समाज जागरण ब्यूरोः आगरा, 21 फरवरी। उत्तर प्रदेश के आगरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कथित AI Impact Summit प्रकरण को लेकर किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के पोस्टर जलाए और उनके खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा और स्थिति पर नजर रखी गई। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि AI Impact Summit से जुड़ा मामला आपत्तिजनक है, जबकि कांग्रेस की ओर से इस मुद्दे पर अभी विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## ट्रंप का बड़ा ऐलानः वैश्विक टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% करने की घोषणा

**बोलेः अमेरिका के हितों की रक्षा के लिए सख्त कदम**

समाज जागरण डेस्कः वॉशिंगटन, 21 फरवरी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक व्यापार को लेकर बड़ा कदम उठाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका कई दशकों से अन्य देशों द्वारा "नुकसान" उठाता रहा है, इसलिए अब 10% वैश्विक टैरिफ को तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर 15% किया जाएगा। ट्रंप ने अपने पोस्ट में कहा कि आने वाले कुछ महीनों में उनका प्रशासन नए और कानूनी रूप से अनुमत टैरिफ तय करेगा। उन्होंने दावा किया कि यह कदम "मेक अमेरिका ग्रेट अगेन" अभियान को और मजबूती देगा।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो की मांग तेज



समाज जागरण

ग्रेटर नोएडाः ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बढ़ती आबादी के बावजूद मेट्रो कनेक्टिविटी न मिलने से स्थानीय निवासियों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है. क्षेत्र में रहने वाले लोगों का कहना है कि करीब एक दशक से मेट्रो आने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीन पर अब तक कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दे रही. इसी मुद्दे को लेकर अब निवासियों ने 15 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है. नेफोवा के उपाध्यक्ष दीपांकर कुमार ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो की मांग पिछले 10 वर्षों से लगातार उठाई जा रही है. उन्होंने कहा कि हर बार यह कहा जाता है कि मेट्रो जल्द आएगी, लेकिन फाइलें केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच घूमती ही रह जाती हैं. कभी डीपीआर खारिज होती है, तो कभी रूट में बदलाव की बात सामने आती है, जिससे परियोजना आगे नहीं बढ़ पा रही है.

# यीडा क्षेत्र से उठेगी 'चिप क्रांति' की नई लहर

**डीडीआईसी ओसैट यूनिट से बदलेगा उत्तर प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य, भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक छलांग**

लखनऊ/जेवर, 21 फरवरी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र का जेवर आज देश की सेमीकंडक्टर महत्वाकांक्षा का प्रतीक बन गया है। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड की डीडीआईसी ओसैट यूनिट का शिलान्यास केवल एक औद्योगिक परियोजना की शुरूआत नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक छलांग माना जा रहा है।

### 2028 तक शुरू होगी अत्याधुनिक ओसैट यूनिट

इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड दरअसल एचसीएल टेक्नोलॉजीज और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप का 60:40 संयुक्त उद्यम है, जो लगभग 3,700 करोड़ के निवेश




से अत्याधुनिक ओसैट सुविधा स्थापित कर रहा है और इसके वर्ष 2028 तक परिचालन में आने की उम्मीद है। इस संयंत्र में स्मार्टफोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल सिस्टम और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का उत्पादन किया जाएगा। प्रति माह 20,000 वेफर्स की प्रोसेसिंग क्षमता वाला यह केंद्र देश में सेमीकंडक्टर कॉम्पोनेंट्स की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस निवेश से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, स्थानीय सप्लाई चेन विकसित होगी और सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन से जुड़े वैश्विक भागीदार आकर्षित होंगे। एचसीएल और फॉक्सकॉन की यह साझेदारी नवाचार, परिशुद्धता और वैश्विक मानकों पर आधारित उत्कृष्ट विनिर्माण के जरिए भारत को सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

### क्यों खास है यह यूनिट?

यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट (डीडीआईसी) ओसैट सुविधा होगी। मोबाइल, टेलीविजन, लैपटॉप और ऑटोमोबाइल डिस्प्ले में प्रयुक्त होने वाले डीडीआईसी चिप्स की अब तक भारत में सीमित उत्पादन क्षमता थी। इस यूनिट के स्थापित होने से भारत की आयात निर्भरता में कमी आएगी और घरेलू विनिर्माण को मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका को सशक्त करेगा।

### यीडा क्षेत्र बनेगा टेक्नोलॉजी हब

यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र पहले ही लॉजिस्टिक्स और एयरोस्पेस निवेश के लिए चर्चित रहा है। अब सेमीकंडक्टर उद्योग के प्रवेश से यह क्षेत्र हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के रूप में विकसित होने की राह पर है। एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप के संयुक्त निवेश से स्थापित यह मेगा यूनिट तकनीकी उत्कृष्टता का केंद्र बनेगी। परियोजना से प्रतिवर्ष लगभग 45,000 करोड़ के जीडीपी योगदान का अनुमान है।

## गनीमत है कि ट्रंप के ऊपर अदालत है




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियों को झटका लगा है, क्योंकि अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने उनके ग्लोबल टैरिफ रद्द किए हैं. इस फैसले से डोनाल्ड ट्रंप साहब का दुखी होना लाजमी है, लेकिन इस एक फैसले ने दुनिया भर में अमरीकी न्यायपालिका की प्रतिष्ठा में चार चांद लगा दिए हैं. ऐसा भारत में तो पिछली आधी सदी में एक बार भी नहीं हुआ.अमरीकी सुप्रीम कोर्ट में 6-3 के बहुमत से टैरिफ के खिलाफ फैसला दिया है.

आपको याद होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल 10 से 50 प्रतिशत तक के टैरिफ लागू किए थे.ट्रंप ने 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनॉमिक पावर्स एक्ट का इस्तेमाल करते हुए टैरिफ लगाए थे.ट्रंप ने दावा किया था कि उनके लागू किए गए टैरिफ से अमेरिकी फैक्ट्रियों को फायदा होगा और कामकाज को बढ़ावा मिलेगा.

अगस्त 2025 में एक अमेरिकी अपील कोर्ट ने ट्रंप के ज्यादातर टैरिफ गैरकानूनी बताए, लेकिन इन्हें हटाया नहीं.टैरिफ को गैरकानूनी बताने पर अपील कोर्ट के फैसले के खिलाफ व्हाइट हाउस सुप्रीम कोर्ट गया था

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दखल तब हुआ , जब व्हाइट हाउस ने अपील कोर्ट के फैसले को पलटने की मांग की.अपने फैसले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रंप ने अपनी सीमा से बाहर जाकर अधिकारों का इस्तेमाल किया और नेशनल इमरजेंसी के लिए बने कानून का सहारा लिया.

अमरीकी सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने की इजाजत नहीं देता.

इस ऐतिहासिक फैसले से डोनाल्ड ट्रंप के हाथों के तोते उड गए हैं.डोनाल्ड ट्रंप ने इस फैसले को 'शर्मनाक' बताया है लेकिन वे फैसला देने वालों को न लोयागति प्रदान कर सकते हैं न किसी के पीछे अपनी जांच एजेंसियां छोड कर जजों को डरा सकते हैं.दोबारा टैरिफ भी नहीं लगा सकते.

आपको याद दिला दूं कि डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से इस बात की चेतावनी दे रहे थे कि सुप्रीम कोर्ट का संभावित फैसला अमेरिका के लिए भयंकर परिणाम लेकर आएगा और उनके टैरिफ लगाने की क्षमता को सीमित करेगा.लेकिन ऐसा लगा जैसे सुप्रीम कोर्ट ने उनकी चिंताओं की 'परवाह' नहीं की और छह न्यायाधीशों ने राष्ट्रपति के खिलाफ फैसला सुनाया.

न्यायाधीशों ने कहा कि टैरिफ लगाना राष्ट्रपति का काम नहीं है, बल्कि यह कांग्रेस की शक्ति है और जिस कानून का ट्रंप ने अपनी कानूनी रक्षा में हवाला दिया, यानी 1977 का इमरजेंसी इकॉनॉमिक पावर्स एक्ट, उसने ट्रंप को इतनी व्यापक शक्तियां नहीं दी थीं.

ऐसा माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला राष्ट्रपति के कार्यकारी अधिकार के व्यापक इस्तेमाल पर रोक का प्रतीक है.मजे की बात ये है कि पिछले साल देश के अधिकांश न्यायाधीश ट्रंप के एजेंडे के पक्ष में दिखाई दे रहे थे, लेकिन टैरिफ के फैसले ने सब कुछ बदल दिया.ट्रंप के आप्रवासन और संघीय सरकार को पुनर्गठित करने के मामलों में कई अपीलों पर कोर्ट में सुनवाई जारी थी. जन्म अधिकार नागरिकता को समाप्त करने की ट्रंप की कोशिश और कथित अनियमितताओं के आधार पर फेडरल रिजर्व गवर्नर को हटाने की कोशिश पर भी विवाद जारी है. मुमकिन है इन मोर्चों पर भी आने वाले महीनों में ट्रंप को कोर्ट से झटका लगे.

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर असर होगा या नहीं ये बाद की बात है, लेकिन जानकर कहते हैं कि रेसीप्रोकल टैरिफ हट जाने से अब भारत को अमेरिका के कुल निर्यात के 55 फीसदी हिस्से पर अब 18 प्रतिशत टैक्स नहीं देना होगा. यानी अब उन पर स्टैंडर्ड एमएफएन टैरिफ ही लगेंगे.भारत के बाकी निर्यात पर सेक्शन 232 के तहत टैरिफ जारी रहेंगे.यानी स्टील औरएल्युमीनियम पर 50 फीसदी और कुछ ऑटो कंपोनेंट्स पर 25 प्रतिशत टैक्स लगेंगे.

अमरीका के सबसे बडे न्यायिक मंच के फैसले से भारतीय न्यायपालिका को भी कुछ सीखना चाहिए. सरकार के सुर में सुर मिलाने या आधे-अधूरे फैसले देने से देश का और लोकतंत्र का भला नहीं होता. देश का भला सत्ता की निरंकुशता पर अंकुश लगाने से होता है. दुर्भाग्य है कि भारत में न्यायालय समेत तमाम चीजें अमेरिका के मुकाबले हजारों साल पुरानी होने के बावजूद उनमें इतना इकबाल नहीं बचा है कि वे सत्ता की स्वच्छाचारिता पर लगाम लगा सकें.

जाहिर है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ट्रंप साहब न पद से इस्तीफा देंगे और न गम में आत्महत्या करेंगे लेकिन वे ये तो जान गए होंगे कि वे ही सब कुछ नहीं हैं. वे ही अमेरिका का शुभ नहीं सोचते. उनके ऊपर अदालतें भी हैं, जो उनसे ज्यादा देश का शुभ चिंतन करती हैं. मुझे उम्मीद है कि भारत की सबसे बडी अदालत पर भी अमरीकी सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले का रत्ती, दो रत्ती मनोवैज्ञानिक असर तो होगा.

**@ राकेश अचल**

## तकदीर खुद लिखी जाती है

मंजिले बहुत जिद्दी होती है,
हासिल कहां नसीब से होती है।
मगर वहां तूफान भी हार जाते है,
जहां कश्तियाँ जिद्द पर होती है।
भरोसा ईश्वर पर हो,
तो जो लिखा है तकदीर में,
वही तुम पाओगे।
मगर भरोसा यदि खुद पर हो,
तो ईश्वर वही लिखेगा,
जो आप चाहोगे।
भरोसा खुद पर करो,
सफलता जरूर मिलेगा,
अपने के परिश्रम के आधार पर।
सिख लो एक पंछी से,
एक एक तिनके को चुनकर,
बनाती है अपने सपनो की महल।
ठीक ही तो कहा गया है,
तकदीर खुद लिखी जाती है,
अपनी कर्मो के हिसाब से।



**वेद प्रकाश**

# विकास की दौड़ में पिछड़ता भारत

भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावों का स्वरूप समय के साथ काफी बदल गया है। पहले जहां चुनाव विचारधाराओं, दीर्घकालिक विकास के वादों, बुनियादी ढांचे के निर्माण और राष्ट्रीय सुरक्षा के गंभीर मुद्दों पर लड़े जाते थे, वहीं अब यह एक तरह के अल्पकालिक आर्थिक प्रलोभन के बाजार में तब्दील होता जा रहा है। 'फ्रीबीज' यानी मुफ्त सुविधाओं की राजनीति ने पूरे देश को अपने मोहपाश में जकड़ लिया है। राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त लैपटॉप, स्मार्टफोन और यहां तक कि बिना किसी उत्पादक कार्य के सीधे नकद राशि देने की अंधी होड़ में लगे हुए हैं। यह होड़ अब इतनी खतरनाक हो गई है कि राज्य के खजाने की वास्तविक क्षमता और राजकोषीय घाटे को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया जाता है। चुनाव जीतने की यह 'शॉर्टकट' रणनीति न केवल अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है, बल्कि यह देश की आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी गहरे दांव पर लगा रही है।

हाल ही में देश की सर्वोच्च अदालत ने इस खतरनाक प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बहुत ही सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश या सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीशों, विशेषकर जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने तमिलनाडु बिजली कंपनी से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए जो टिप्पणियां कीं, वे पूरे देश और नीति निमार्ताओं की आंखें खोलने वाली हैं। अदालत ने अत्यंत स्पष्ट शब्दों में कहा कि इन तथाकथित मुफ्त की रेवड़ियों का अंतिम और पूरा आर्थिक बोझ देश के उन ईमानदार करदाताओं पर ही पड़ता है जो दिन-रात मेहनत करके अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं। जब सरकारें राजनीतिक लाभ के लिए मुफ्त सुविधाएं बांटती हैं, तो इसका सीधा और नकारात्मक असर देश के वास्तविक विकास कार्यों पर पड़ता है। अदालत की यह चिंता केवल एक राज्य या एक विशेष मामले तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की पूरी वृहद आर्थिक नीति पर एक बड़ा सवालिया निशान लगाती है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब न्यायपालिका भी इस लोकलुभावन राजनीति के विनाशकारी आर्थिक दुष्प्रभावों को लेकर मूकदर्शक नहीं बनी रह सकती।

भारत जैसे विकासशील देश की अर्थव्यवस्था में, जहां आयकर देने वालों की संख्या कुल आबादी का बमुश्किल छह से सात प्रतिशत ही है, वहां मुफ्त की इन विशाल योजनाओं का पूरा ढांचा एक बहुत छोटे से वर्ग के कंधों पर टिका हुआ है। यह मध्यम वर्ग, जो हर दिन कड़ी मेहनत करता है, नियमों का पालन करता है और ईमानदारी से अपने करों का भुगतान करता है, खुद को ठगा हुआ और उपेक्षित महसूस करता है। करदाताओं के खून-पसीने की कमाई का उपयोग आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण, जर्जर शिक्षा प्रणाली को विश्वस्तरीय बनाने और ग्रामीण व शहरी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के बजाय, केवल सत्ता हासिल करने और वोट बैंक को पक्का करने के लिए किया जा रहा है। जब राज्य सरकारें अपनी आय से कहीं अधिक खर्च करने लगती हैं, तो उनके पास बाजार से भारी ब्याज दरों पर कर्ज लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। भारतीय रिजर्व बैंक की कई हालिया रिपोर्टों में यह कड़ी चेतावनी दी जा चुकी है कि देश के कई राज्यों का राजकोषीय घाटा उनके सकल राज्य घरेलू उत्पाद के सुरक्षित और निर्धारित स्तर को पार कर चुका है। यह बढ़ता हुआ कर्ज कोई हवा में गायब नहीं हो जाएगा; अंततः यह हमारी भविष्य की पीढ़ियों को ही चुकाना होगा, जिसका सीधा अर्थ है कि आज के मुफ्त के वादे कल के भारी भरकम टैक्स और बेलगाम महंगाई का कारण बनेंगे।

मुफ्त की राजनीति का सबसे बुरा और स्पष्ट असर देश के ऊर्जा क्षेत्र पर देखा जा रहा है। मुफ्त बिजली का वादा हर विधानसभा चुनाव में एक प्रमुख हथियार बन गया है। इसका भयानक परिणाम यह है कि राज्य संचालित बिजली वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) लाखों करोड़ रुपये के भारी-भरकम घाटे में डूब चुकी हैं। जब बिजली पूरी तरह से मुफ्त दी जाती है, तो इसका बेतहाशा दुरुपयोग होता है। जो नागरिक या किसान मुफ्त बिजली प्राप्त कर रहा होता है, वह ऊर्जा संरक्षण या उसके सही उपयोग पर बिल्कुल ध्यान नहीं देता क्योंकि उसे इसकी कोई कीमत नहीं चुकानी पड़ती। इसके अलावा, लोकलुभावन वादों के दबाव में राज्य सरकारें डिस्कॉम कंपनियों को समय पर सब्सिडी का पैसा नहीं चुका पाती हैं। इससे ये कंपनियां नई तकनीक, ग्रिड आधुनिकीकरण, स्मार्ट मीटरिंग और हरित ऊर्जा में आवश्यक निवेश करने में पूरी तरह असमर्थ हो जाती हैं। तमिलनाडु, पंजाब और अन्य राज्यों के उदाहरण हमारे सामने हैं जहां बिजली सब्सिडी का बिल हजारों करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और व्यवस्था चरमरा रही है। अदालत ने भी ठीक यही तार्किक सवाल उठाया था कि कई मामलों में बड़े और संपन्न लोग भी इस मुफ्त बिजली का अनुचित लाभ उठा रहे हैं, जबकि वास्तव में जो अत्यंत गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति है, उसे इसका कोई खास फायदा नहीं मिल रहा है।

किसी भी मजबूत अर्थव्यवस्था की रीढ़ उसका पूंजीगत व्यय होता है। जब सरकारें नई सड़कें, बड़े पुल, रेलवे नेटवर्क, आधुनिक बंदरगाह, अच्छे स्कूल और सर्वसुविधायुक्त अस्पताल बनाती हैं, तो इससे न केवल वर्तमान में भारी मात्रा में रोजगार पैदा होता है, बल्कि भविष्य के लिए एक स्थायी राष्ट्रीय संपत्ति भी बनती है जो दशकों तक अर्थव्यवस्था को गति और मजबूती देती है। इसके ठीक विपरीत, मुफ्त की योजनाओं पर किया जाने वाला अंधाधुंध खर्च राजस्व व्यय की श्रेणी में आता है, जो अनुत्पादक होता है। जब राज्य का एक बड़ा बजट मुफ्त रेवड़ियों में ही स्वाहा हो जाता है, तो पूंजीगत व्यय के लिए पैसा ही नहीं बचता। प्रतिष्ठित संस्थानों के आंकड़े साफ बताते हैं कि राज्यों पर बढ़ता सब्सिडी का भारी बोझ उन्हें दीर्घकालिक और टिकाऊ विकास परियोजनाओं से दूर कर रहा है। इसका सीधा और स्पष्ट मतलब यह है कि हम आज के क्षणिक राजनीतिक लाभ के लिए देश के भविष्य की मजबूत नींव को खोखला कर रहे हैं। बिना मजबूत बुनियादी ढांचे के कोई भी देश 21वीं सदी में एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने का अपना सपना कभी पूरा नहीं कर सकता।

यहां इस बारीक लेकिन महत्वपूर्ण बात को समझना बहुत जरूरी है कि एक 'कल्याणकारी राज्य' की अवधारणा और 'फ्रीबीज' (मुफ्तखोरी) की राजनीति में एक बहुत बड़ा और बुनियादी अंतर है। भारतीय संविधान के तहत चुनी गई किसी भी सरकार का यह प्राथमिक और नैतिक दायित्व है कि वह समाज के सबसे कमजोर, शोषित और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम करे। सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं, और आपात स्थिति या आपदा में खाद्य सुरक्षा प्रदान करना एक कल्याणकारी राज्य का अहम कर्तव्य है। लेकिन, बिना किसी उत्पादक कार्य के सीधे लोगों के बैंक खातों में नकद बांटना, या चुनाव से ठीक पहले लैपटॉप, स्मार्टफोन और मंगलसूत्र जैसी चीजें बांटना जन कल्याण बिल्कुल नहीं है, बल्कि यह कानूनी रूप से मतदाताओं को रिश्वत देने के समान है। पूर्व की सरकारों द्वारा शुरू की गई मनरेगा जैसी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में श्रम के बदले रोजगार और पैसा देना था, जिससे संपत्तियों का निर्माण भी होता था। लेकिन आज की 'फ्री राइडर' संस्कृति लोगों को कर्महीन बना रही है। जब लोगों को बिना मेहनत किए बुनियादी जरूरतें और मुफ्त नकद मिलने लगता है, तो समाज में उत्पादकता में भारी गिरावट आती है, जिसका सीधा असर हमारे कृषि और विनिर्माण क्षेत्रों में मजदूरों की भारी कमी के रूप में देखा जा रहा है।

आर्थिक और वृहद दृष्टिकोण से देखें तो इस फ्रीबीज संस्कृति का एक और घातक परिणाम अनियंत्रित मुद्रास्फीति (महंगाई) के रूप में सामने आता है। जब सरकारें मुफ्त नकद योजनाओं के माध्यम से बाजार में बिना किसी मेहनत के पैसा डालती हैं, तो लोगों की क्रय शक्ति अचानक से बढ़ जाती है। लेकिन चूंकि इस पैसे के पीछे कोई नया उत्पादन या नया रोजगार सृजन नहीं हुआ है, इसलिए बाजार में वस्तुओं की आपूर्ति वही पुरानी रहती है। अर्थशास्त्र का यह एक बहुत ही सामान्य और बुनियादी नियम है कि जब बाजार में बहुत सारा पैसा बहुत कम वस्तुओं का पीछा करता है, तो चीजों की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। आज हम जो खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि देख रहे हैं, वह आंशिक रूप से इसी का एक प्रत्यक्ष परिणाम है। अंततः, यह बढ़ती महंगाई उसी गरीब आदमी की कमर सबसे ज्यादा तोड़ती है जिसे चुनाव के समय मुफ्त सुविधाओं का लालच देकर वोट लिया गया था। इस तरह, सरकार एक हाथ से जो मुफ्त में देती है, वह दूसरे हाथ से अदृश्य महंगाई के रूप में वापस छीन लेती है, और आम जनता इस राजनीतिक भ्रमजाल को आसानी से समझ नहीं पाती।

इतिहास और वैश्विक अर्थव्यवस्था के कड़वे अनुभव हमें इस विनाशकारी रास्ते के प्रति बार-बार आगाह करते हैं। लैटिन अमेरिकी देश वेनेजुएला का उदाहरण पूरी दुनिया के सामने एक सबक है। प्राकृतिक संसाधनों और तेल के विशाल भंडार से समृद्ध होने के बावजूद, वहां की सरकारों ने दशकों तक सिर्फ चुनाव जीतने के लिए लोकलुभावन नीतियां अपनाईं और जनता को हर चीज मुफ्त देने की बुरी आदत डाल दी। नतीजा यह हुआ कि कुछ ही सालों में देश भारी आर्थिक संकट, हाइपरइन्फ्लेशन (अत्यधिक महंगाई) और भयानक भुखमरी का शिकार हो गया। इसी तरह, 2010 के दशक में ग्रीस का भयंकर आर्थिक संकट भी बेलगाम सरकारी खर्च, कर्ज लेकर घी पीने की आदत और लोकलुभावन नीतियों का ही सीधा परिणाम था, जिसने पूरे यूरोप की अर्थव्यवस्था को हिला कर रख दिया था। भारत को इन अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों से समय रहते सबक लेना चाहिए। आज हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है, लेकिन अगर यह राजकोषीय अनुशासनहीनता और मुफ्तखोरी की राजनीति इसी तरह बढ़ती रही, तो हम भी बहुत जल्द एक गहरे और अकल्पनीय आर्थिक संकट की ओर धकेले जा सकते हैं।

इस जटिल समस्या का समाधान यह बिल्कुल नहीं है कि सरकार गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना पूरी तरह से बंद कर दे, बल्कि इसका वास्तविक समाधान इस सरकारी मदद को तर्कसंगत, पारदर्शी और पूरी तरह से लक्षित बनाने में छिपा है। आज तकनीक के इस उन्नत युग में हमारे पास आधार कार्ड, मोबाइल और जन-धन खातों का एक बहुत ही मजबूत और सुरक्षित ढांचा मौजूद है। सरकार को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) का शत-प्रतिशत उपयोग करते हुए केवल और केवल उन लोगों तक ही सब्सिडी पहुंचानी चाहिए जो वास्तव में इसके असली हकदार हैं। उदाहरण के लिए, पीएम-किसान योजना एक लक्षित योजना का अच्छा उदाहरण है, जो सीधे छोटे और सीमांत किसानों के खातों में बिना किसी बिचौलिए के पैसा भेजती है। लेकिन एक सार्वभौमिक मुफ्त बिजली या मुफ्त पानी की योजना, जिसका लाभ एक अमीर जमींदार, एक उद्योगपति और एक गरीब मजदूर दोनों समान रूप से उठा रहे हों, न केवल अनुचित है बल्कि यह राष्ट्रीय संसाधनों की बबार्दी है। सरकार को मुफ्त की चीजें बांटने के बजाय देश के नागरिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

सही मायने में देश से गरीबी उन्मूलन का एकमात्र और सबसे प्रभावी तरीका स्थायी और सम्मानजनक रोजगार पैदा करना है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी सख्त टिप्पणियों में ठीक इसी बात पर सबसे ज्यादा जोर दिया है कि राज्य सरकारों को लोकलुभावन वादों के बजाय ठोस रोजगार सृजन की नीतियों पर काम करना चाहिए। 'स्किल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' जैसी बेहतरीन पहलों को फाइलों से निकालकर धरातल पर अधिक मजबूती और ईमानदारी से लागू करने की तत्काल आवश्यकता है। जब देश के युवाओं के हाथों में कौशल (Skill) होगा और उन्हें अपनी योग्यता के अनुसार सम्मानजनक रोजगार मिलेगा, तो उन्हें अपना जीवन यापन करने के लिए किसी भी सरकार की मुफ्त रेवड़ियों या दया की कोई आवश्यकता नहीं होगी। देश में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सस्ता ऋण उपलब्ध कराना, लालफीताशाही खत्म करना और बेहतर नीतियां बनाना ही असली जन कल्याण है। मुफ्त की चीजें केवल एक कमजोर और सरकार पर निर्भर समाज का निर्माण करती हैं, जबकि मेहनत का रोजगार एक आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी और शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण करता है। इस राजनीतिक बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए देश में मजबूत संस्थागत और चुनाव सुधार अब अत्यंत आवश्यक हो गए हैं। भारत के चुनाव आयोग को कानूनी रूप से अधिक अधिकार दिए जाने चाहिए ताकि वह राजनीतिक दलों को उन झूठे वादों को करने से सख्ती से रोक सके जिनका कोई ठोस आर्थिक आधार या बजट उपलब्ध नहीं है। सभी राजनीतिक दलों के लिए यह कानूनी रूप से अनिवार्य किया जाना चाहिए कि वे चुनाव घोषणा पत्र जारी करते समय जनता को यह स्पष्ट रूप से बताएं कि वे मुफ्त की इन लोकलुभावन योजनाओं के लिए हजारों करोड़ रुपये कहां से लाएंगे। क्या वे इसके लिए जनता पर कोई नया टैक्स लगाएंगे या फिर बुनियादी ढांचे और शिक्षा के बजट में कटौती करेंगे? यह वित्तीय पारदर्शिता मतदाताओं को वोट देते समय सही और तार्किक निर्णय लेने में बहुत मदद करेगी। इसके साथ ही, वित्त आयोग के दिशा-निर्देशों का हर राज्य द्वारा कड़ाई से पालन होना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जो भी राज्य राजकोषीय घाटे की तय सीमा का जानबूझकर उल्लंघन करते हैं, उनके केंद्रीय अनुदान में कटौती करने या उन्हें बाजार से कर्ज लेने से रोकने जैसे सख्त कदम उठाए जाने चाहिए ताकि पूरे देश में वित्तीय अनुशासन बना रहे।

अंततः, राजनीति में इस बड़े और सकारात्मक बदलाव की पूरी जिम्मेदारी केवल अदालतों या चुनाव आयोग के कंधों पर नहीं छोड़ी जा सकती; यह देश के आम नागरिकों, नागरिक समाज और मीडिया की भी एक बहुत बड़ी सामूहिक जिम्मेदारी है। देश के लोगों को यह गहराई से शिक्षित करने की जरूरत है कि सरकार के पास आसमान से गिरा हुआ अपना कोई पैसा नहीं होता; जो भी पैसा मुफ्त की योजनाओं पर खर्च होता है, वह अंततः आम आदमी और करदाताओं की जेब से ही टैक्स के रूप में वसूला जाता है। मुफ्त की राजनीति एक ऐसा मीठा जहर है जो बहुत ही खामोशी से और धीरे-धीरे देश की आर्थिक नींव को पूरी तरह से खोखला कर रहा है। भारत ने वर्ष 2047 तक दुनिया का एक अग्रणी और विकसित राष्ट्र बनने का जो महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, वह केवल तभी हासिल किया जा सकता है जब हम वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर देश की उत्पादकता, नवाचार, बुनियादी ढांचे और मानव पूंजी के विकास में भारी निवेश करें। सभी राजनीतिक दलों को अब दलगत और क्षुद्र राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में सोचना ही होगा। देश का खजाना और टैक्स का पैसा जनता की एक पवित्र अमानत है और इसे पूरी जिम्मेदारी, जवाबदेही और दूरदर्शिता के साथ खर्च किया जाना चाहिए। मुफ्त रेवड़ियों की इस आत्मघाती संस्कृति को हमेशा के लिए छोड़कर नागरिक सशक्तिकरण, रोजगार और ठोस विकास की राजनीति को अपनाना ही भारत की आर्थिक स्वतंत्रता और उसके उज्ज्वल भविष्य की असली कुंजी है।



**महेन्द्र तिवारी**

## 22 फरवरी विश्व चिंतन दिवस
## आत्ममंथन से वैश्विक उत्तरदायित्व तक

हर वर्ष 22 फरवरी को मनाया जाने वाला विश्व चिंतन दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि मानवता के साझा भविष्य पर गंभीर मंथन का अवसर है। यह दिन मूलतः विश्व गाइड और स्काउट आंदोलन से जुड़ा है, जिसकी स्थापना राबर्ट बेडन पावेल और ओलव सेडन पावेल ने की थी।आज यह दिवस 150 से अधिक देशों की करोड़ों बालिकाओं और युवाओं को एक सूत्र में बाँधता है।

चिंतन शब्द अपने भीतर आत्मपरीक्षण, आत्मसंवाद और सामूहिक भविष्य की दिशा तय करने की शक्ति समेटे है। विश्व चिंतन दिवस हमें यह प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करता है। क्या हम वास्तव में एक न्यायपूर्ण, समतामूलक और शांतिपूर्ण विश्व की ओर बढ़ रहे हैं?आज जब दुनिया युद्ध, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक असमानता, तकनीकी दुरुपयोग और सांस्कृतिक विखंडन जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब यह दिवस केवल युवाओं का उत्सव नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए चेतावनी और संकल्प का अवसर है।

युवाशक्ति और वैश्विक चेतना विश्व चिंतन दिवस का मूल उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व, सेवा और सामाजिक प्रतिबद्धता की भावना विकसित करना है। स्काउट-गाइड आंदोलन का मूल मंत्र है- "सदैव तैयार "अर्थात सदैव तत्पर रहो। यह तत्परता केवल आपदा प्रबंधन या सामाजिक सेवा तक सीमित नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों की रक्षा और वैश्विक नागरिकता के निर्माण तक विस्तृत है।

आज का युवा डिजिटल युग का नागरिक है। उसके हाथ में तकनीक है, परंतु दिशा का निर्धारण चिंतन से ही संभव है। यदि विचार सकारात्मक और मानवीय होंगे, तो तकनीक भी मानव कल्याण का साधन बनेगी; अन्यथा वही विनाश का कारण भी बन सकती है।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में विश्व चिंतन भारत की संस्कृति स्वयं ह्यवसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर आधारित रही है। यहाँ चिंतन की परंपरा वेदों, उपनिषदों और महापुरुषों के विचारों में स्पष्ट दिखाई देती है। महात्मा गांधी ने भी कहा था कि दुनिया में जो परिवर्तन आप देखना चाहते हैं, वह पहले स्वयं बनिए। विश्व चिंतन दिवस हमें इसी आत्मपरिवर्तन का संदेश देता है। यह हमें स्मरण कराता है कि वैश्विक शांति की शुरूआत व्यक्ति के भीतर से होती है।

पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, प्राकृतिक संसाधन क्षीण हो रहे हैं। विश्व शांति के लिए खतरा बन रही है। विचारों की विविधता को स्वीकार करने की क्षमता घट रही है।इन सभी समस्याओं का समाधान केवल नीतियों से नहीं, बल्कि व्यापक और मानवीय चिंतन से संभव है।विश्व चिंतन दिवस केवल औपचारिक भाषणों का दिन नहीं होना चाहिए। यह आत्ममंथन, सेवा और सकारात्मक परिवर्तन का प्रारंभिक बिंदु बने ,यही इसकी सार्थकता है।


आज आवश्यकता है कि हम अपने भीतर प्रश्न उठाएं।क्या हमारा चिंतन संकीर्ण है या वैश्विक?क्या हमारा लक्ष्य केवल व्यक्तिगत सफलता है या सामूहिक उत्थान?जब प्रत्येक व्यक्ति स्वयं से यह संवाद करेगा, तभी विश्व में स्थायी शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। विश्व चिंतन दिवस हमें यही सिखाता है। "सोचिए, समझिए, और मानवता के हित में कदम बढ़ाइए।"

## ये कैसा विपक्ष का प्रदर्शन...!

भारत-अमेरिका ट्रेड डील के
खिलाफ कैसा प्रदर्शन,
विपक्ष के कार्यकताओं ने
'टी-शर्ट' उतार दिए दर्शन।
इन्होंने एआई समिट में क्यों?
किया ऐसा 'नंगा नाच'
देश-विदेश के भी प्रतिनिधि
तो कर रहे थे इन्हें वॉच।

ये देश की 'छवि धूमिल'
करने का हैं शर्मनाक कृत्य,
सत्ता पाने की छटपटाहट का
यहीं सबसे बड़ा सत्य।
समिट पर विश्व मीडिया ने
की हैं भारत की सराहना,
लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की
आजादी दी ये डरावना।

नीतियों का करिए विरोध-
नेतृत्व पर उठाइए सवाल,
वैश्विक प्रतिनिधियों के सामने
न करिए कोई बवाल।
देश की जनता सत्ता लोभ में
गिरते स्तर से हैं नाराज,
क्या, भविष्य में ऐसे दल
चुनाव जीतेंगे आएगा राज।
(संदर्भ-भारत मंडपम में यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन)



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# नोएडा शिल्प हाट में 22 फरवरी को मेगा विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर

## — निःशुल्क कानूनी सहायता और सरकारी योजनाओं की मिलेगी जानकारी

समाज जागरण ब्यूरोः गौतम बुद्ध नगर, 21 फरवरी 2026। जनपद की जनता को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक और सशक्त बनाने के उद्देश्य से 22 फरवरी 2026 को नोएडा के सेक्टर-33ए स्थित शिल्प हाट में मेगा/वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार किया जा रहा है। शिविर का आयोजन मा० जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में होगा। प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं नोडल अधिकारी मेगा विधिक साक्षरता शिविर गौतम बुद्ध नगर विरेक अग्रवाल ने इसकी जानकारी दी।

इन योजनाओं की दी जाएगी जानकारीः शिविर में नाल्सा की विभिन्न प्रचलित योजनाओं के तहत निम्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी– श्रम अधिकार, बाल संरक्षण, ट्रांसजेंडर अधिकार, बंदी/कैदी सहायता, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, वरिष्ठ नागरिक अधिकार, यातायात दुर्घटना पीड़ित सहायता, महामारी प्रभावित व्यक्तियों के लिए विधिक सहायता पात्र लाभार्थियों का ऑन-स्पॉट पंजीकरण, अधिकारियों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र लाभार्थियों तक उनका लाभ पहुंचाना है।

शिविर में–
जन-सामान्य
निर्बल एवं निर्धन वर्ग
दिव्यांगजन
महिलाएं और बच्चे
वरिष्ठ नागरिक
असंगठित क्षेत्र के श्रमिक
अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु मार्गदर्शन, परामर्श, चिन्हांकन और पंजीकरण की व्यवस्था रहेगी।

### 15100 हेल्पलाइन से मिलेगी मुफ्त कानूनी मदद

आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

### जनपदवासियों से अपील

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपने विधिक अधिकारों की जानकारी लेने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# 22 फरवरी को विशेष अभियान दिवसः मतदाता सूची में नाम जोड़ने-संशोधन का मौका

## — सभी बूथों पर सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक मिलेंगी सुविधाएं

समाज जागरण ब्यूरोः गौतम बुद्ध नगर, 21 फरवरी 2026। जनपद में मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से 22 फरवरी (रविवार) को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। यह अभियान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत चलाया जा रहा है।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इससे पहले 11 जनवरी, 18 जनवरी और 31 जनवरी को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जा चुके हैं। अब चौथा विशेष अभियान दिवस 22 फरवरी को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर होगा।

### हर बूथ पर उपलब्ध रहेंगे BLO

अभियान के दौरान प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी (BLO) प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक उपस्थित रहेंगे। उनके पास 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा पर्याप्त संख्या में–

फॉर्म 6 (नया नाम जोड़ने हेतु)
फॉर्म 6अ
फॉर्म 7 (नाम विलोपन हेतु)
फॉर्म 8 (संशोधन हेतु)
उपलब्ध रहेंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी, जहां मतदाताओं को फॉर्म भरने में सहायता दी जाएगी।

### राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों का सहयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभियान में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट का सहयोग लिया जाएगा। साथ ही सभासदों, ग्राम प्रधानों और स्वयंसेवकों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भ्रमणशील रहकर निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं।

### युवाओं और छूटे मतदाताओं से विशेष अपील

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे 22 फरवरी को अपने संबंधित बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना और परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें।

जिन युवाओं की आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, वे फॉर्म-6 भरकर जमा करें।

किसी प्रविष्टि में त्रुटि होने पर फॉर्म-8 के माध्यम से संशोधन कराया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन ECINET मोबाइल ऐप या voters.eci.gov.in पोर्टल के जरिए भी किया जा सकता है।

# साइबर क्राइम टीम की बड़ी सफलताः 122 'लाइव' पीड़ितों को निवेश ठगी से बचाया

समाज जागरण, नोएडा।

CP Noida के निकट पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम टीम ने देशभर में चल रही विभिन्न निवेश ठगी के मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 122 'लाइव' पीड़ितों की पहचान कर समय रहते उनसे समन्वय स्थापित किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ितों को करोड़ों रुपये के संभावित आर्थिक नुकसान से बचाया जा सका। जानकारी के अनुसार साइबर अपराधियों द्वारा ऑनलाइन निवेश के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर धन ऐंठने की कोशिश की जा रही थी। इस पर सतर्क निगरानी रखते हुए साइबर टीम ने संदिग्ध गतिविधियों को ट्रैक किया और संभावित पीड़ितों से तुरंत संपर्क साधकर उन्हें ठगी के तरीके से अवगत कराया।

# थाना सेक्टर-58 पुलिस की कार्रवाई, 106 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

समाज जागरण ब्यूरो / संदीप गर्ग

नोएडा। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 106 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब (क्रेजी रोमियो ब्रांड, अरुणाचल प्रदेश मार्का) बरामद की है।



पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हरीश कुमार पुत्र सागर राय (उम्र लगभग 20 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से ग्राम परसोनी, थाना कमतौल, जिला दरभंगा (बिहार) का निवासी है और वर्तमान में प्रेम विहार, खोड़ा कॉलोनी, थाना खोड़ा, गाजियाबाद में रह रहा था।

### सूचना पर दबिश, मौके से गिरफ्तारी

थाना सेक्टर-58 पुलिस टीम ने सेक्टर-58 क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 106 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 60/63 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद शराब को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। (पुलिस इनपुट)

# जेवर में 'इंडिया चिप' सेमीकंडक्टर परियोजना का शिलान्यास

## — पीएम मोदी बोलेः वैश्विक सप्लाई चेन में भारत की मजबूत एंट्री
## — सीएम योगीः जेवर अब अराजकता नहीं, भारत का 'जेवर'

समाज जागरण ब्यूरो

गौतमबुद्धनगर, 21 फरवरी 2026। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से जनपद गौतम बुद्ध नगर के जेवर स्थित यमुना प्राधिकरण क्षेत्र सेक्टर-28 में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर परियोजना 'इंडिया चिप' का शिलान्यास किया। कार्यक्रम स्थल पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे।



एचसीएल ग्रुप और Foxcon के संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित यह अत्याधुनिक परियोजना भारत के सेमीकंडक्टर मिशन को नई गति देने वाली मानी जा रही है।

भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदमः पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह परियोजना भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में सशक्त भागीदारी दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी प्रौद्योगिकी की सदी है और सेमीकंडक्टर आधुनिक अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं।

पीएम ने बताया कि मोबाइल फोन, ऑटोमोबाइल, रक्षा उपकरण, चिकित्सा उपकरण और डिजिटल अवसंरचना– सभी क्षेत्रों में चिप की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि यह इकाई 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' अभियानों को नई गति देगी तथा हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

### 3700 करोड़ से अधिक निवेश, यूपी बनेगा हाईटेक हब

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश "स्केल और स्पीड" के साथ विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि जेवर में 3700 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली यह परियोजना प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

सीएम ने कहा कि 2017 से पहले जेवर क्षेत्र अराजकता और असुरक्षा के लिए जाना जाता था, लेकिन आज वही क्षेत्र पूरे भारत का 'जेवर' बनकर उभर रहा है। उन्होंने 'फियरलेस बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' के मजबूत इकोसिस्टम की भी चर्चा की।

### हर महीने 3.6 करोड़ चिप उत्पादन का लक्ष्य

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर है जब उत्तर प्रदेश में पहला सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्लांट में प्रति माह 3 करोड़ 60 लाख चिप के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था, कनेक्टिविटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से प्रदेश की तस्वीर बदली है।

### एचसीएल-फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम

एचसीएल ग्रुप की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा ने कहा कि यह परियोजना भारत की तकनीकी और विनिर्माण पारिस्थितिकी को मजबूत करेगी।

वहीं फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर बिजनेस ग्रुप के अध्यक्ष बॉब चेन ने इसे भारत में निर्माण, संचालन और स्थानीयकरण का बेहतरीन उदाहरण बताया।

### निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन रहा यूपी

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश आज निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन चुका है। 34 से अधिक सेक्टोरल नीतियों और डी-रेगुलेशन के जरिए प्रदेश उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल बना रहा है। उन्होंने कहा कि 'इंडिया चिप' परियोजना केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की तकनीकी आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। (सौजन्यः सूचना विभाग,

# ग्रहण काल में क्या करें और क्या न करें? — पंडित राजेश अग्निहोत्री, भागवत प्रवक्ता




**समाज जागरण।**

आगामी 3 मार्च 2026, फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा (मंगलवार) को चन्द्र ग्रहण लगने जा रहा है। भागवत प्रवक्ता पंडित राजेश अग्निहोत्री के अनुसार ग्रहण दोपहर 3:20 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा।

खग्रास प्रारंभः शाम 4:35 बजे
खग्रास समाप्तिः शाम 5:33 बजे
सूतक काल प्रारंभः प्रातः 6:20 बजे

### क्या नहीं करना चाहिए?

सूतक काल में भोजन और शयन नहीं करना चाहिए।

गर्भवती महिलाओं को धारदार चाकू या छुरी से फल-सब्जी नहीं काटनी चाहिए।

सूतक काल में बाल और नाखून नहीं काटने चाहिए।

पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र में जन्मे और सिंह राशि वाले लोगों को ग्रहण नहीं देखना चाहिए।

### क्या करना चाहिए?

गुरुदेव द्वारा दिए गए गुरुमंत्र का जाप करें।

अपने इष्ट देव के नाम का स्मरण करें। रामायण व अन्य धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करें। भजन-कीर्तन, हवन आदि धार्मिक कार्य करें।

### शास्त्रीय विधानः

ग्रस्यमाने भवेत्स्नानं, ग्रस्ते होमो विधीयते।
मुच्यमाने भवेद्दानं, मुक्ते स्नानं विधीयते।।

अर्थात– ग्रहण लगने से पहले स्नान करें। ग्रहण के मध्य हवन करें। ग्रहण समाप्ति पर पुनः स्नान और दान करें।

### राशि अनुसार प्रभाव

मेषः चिंता और विकार
वृषभः अपवाद व खेद
मिथुनः सुखद और लाभदायक
कर्कः अपवाद और व्यर्थ खर्च
सिंहः शारीरिक कष्ट की संभावना
कन्याः आर्थिक चिंता
तुलाः सुखद और लाभकारी योग
वृश्चिकः शुभ फल और सुख-सुविधा
धनुः मान-सम्मान में कमी, चिंता अधिक
मकरः तन-धन से परेशानी, बोझ बढ़ेगा
कुंभः चिंता, अपवाद व पीड़ा
मीनः सुखद और लाभदायक

अंत में पंडित अग्निहोत्री ने कहा कि ग्रहण काल में संयम, जप-तप और दान से सकारात्मक फल प्राप्त होते हैं।

# डीडी आरडब्ल्यूए फेडरेशन की बैठक, फ्लावर शो की सराहना; कूड़ा संकट और पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर जताई चिंता

समाज जागरण ब्यूरो/ संदीप गर्ग

नोएडा, 21 फरवरी 2026। डीडी आरडब्ल्यूए फेडरेशन द्वारा सेक्टर-35 स्थित कार्यालय में एग्जीक्यूटिव कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक से पहले फेडरेशन की टीम ने नोएडा प्राधिकरण द्वारा आयोजित पुष्प प्रदर्शनी (फ्लावर शो) का अवलोकन किया और सफल आयोजन के लिए प्राधिकरण के हॉर्टिकल्चर विभाग को बधाई दी।

फेडरेशन अध्यक्ष एन पी सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से नोएडा की पहचान देश-विदेश तक पहुंचती है। उन्होंने कहा कि पुष्प प्रदर्शनी से प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ती है, मानसिक शांति मिलती है और बागवानी को प्रोत्साहन मिलता है। साथ ही यह पर्यटन और पारिवारिक मनोरंजन का भी अच्छा माध्यम है।

फेडरेशन ने नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी, डायरेक्टर आनंद मोहन तथा




हॉर्टिकल्चर टीम को व्यवस्थित आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। पार्किंग व्यवस्था (10 और 20 शुल्क) को भी सराहा गया।

### कूड़ा निस्तारण व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी

बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था और कूड़ा निस्तारण की समस्या पर गंभीर चिंता जताई गई। फेडरेशन ने कहा कि पिछले तीन दिनों से डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन एजेंसियों की हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं।

फेडरेशन के अनुसार–
गीले कूड़े के न उठने से बदबू और गंदगी बढ़ रही है
गर्मी के कारण कूड़ा सड़ने लगा है
महामारी फैलने की आशंका बन रही है
भुगतान के बावजूद निवासियों को सेवा नहीं मिल रही

बताया गया कि नोएडा में घर-घर कचरा संग्रहण की औपचारिक शुरूआत 23 जनवरी 2019 से हुई थी, लेकिन 2019 से अब तक कई बार हड़ताल की स्थिति बनी है।

फेडरेशन ने प्राधिकरण से मांग की कि हड़ताल की स्थिति से निपटने के लिए तत्काल "बी-प्लान" तैयार किया जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक एजेंसी से कूड़ा उठवाया जा सके।

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट न होने पर आंदोलन की चेतावनी

बैठक में गौतमबुद्धनगर में पर्याप्त पब्लिक ट्रांसपोर्ट न होने की समस्या भी उठाई गई। फेडरेशन के पदाधिकारी ठाकुर एम पी सिंह ने कहा कि यदि 31 मार्च 2026 तक तीनों प्राधिकरण मिलकर बस सेवा शुरू नहीं करते हैं तो डीडी आरडब्ल्यूए फेडरेशन आंदोलन करेगा और शहर में चक्का जाम किया जाएगा।

बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार, उपाध्यक्ष अनिल खन्ना, अनिल सिंह, कर्नल सुधीर कुमार, सूर्यकांत शर्मा सहित फेडरेशन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# टीएमयू में प्रो. हरवंश दीक्षित बोले, मातृभाषा, हमारी सांस्कृतिक पहचान की आधारशिला

**खास बातें**

**बहुभाषिक शिक्षा एनईपी की भावना को परिलक्षित करती हैः प्रो. एसके सिंह**

**प्रतियोगिता में इशू शुक्ला रहे प्रथम, बोले– भाषा हमारी संस्कृति की आत्मा**

**बंगाली मेरे हृदय की पहली धुनः पायल मैत्री, प्रतियोगिता में दूसरी पोजीशन**

**थर्ड आए स्टुडेंट कुनाल बौद्ध बोले, भाषा मनुष्य की अंतरात्मा का दर्पण**



समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर हुई भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने अपना भाषण विविध भाषाओं - हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, बंगाली, भोजपुरी, ब्रज आदि में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। लॉ के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित अपने संक्षिप्त संबोधन में बोले, मातृभाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान की आधारशिला है, जबकि प्राचार्य प्रो. एसके सिंह ने कहा, बहुभाषिक शिक्षा एनईपी की भावना को परिलक्षित करती है।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे इशू शुक्ला ने बंगाली भाषा में कहा कि भाषा सिर्फ बोलने का माध्यम नहीं, हमारी पहचान और संस्कृति की आत्मा है। मातृभाषा का सम्मान करना अपने अस्तित्व को सम्मान देने के समान है। द्वितीय स्थान पर रहीं पायल मैत्री ने बंगाली भाषा में कहा कि मातृभाषा मेरे हृदय की पहली धुन है, इसी में मेरी आत्मा का नूर छुपा है। तृतीय स्थान पर रहे कुनाल बौद्ध ने कहा, भाषा मनुष्य की अंतरात्मा का दर्पण है; उसके शब्दों में उसके विचारों की गरिमा, भावनाओं की कोमलता और संस्कारों की गहराई झलकती है। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. अमित वर्मा, डॉ. सुशीम शुक्ला और डॉ. कृष्णा मोहन मालवीय ने किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नम्रता जैन ने किया।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज

# 38वीं वार्षिक नोएडा पुष्प प्रदर्शनी में उमड़ा जनसैलाब, तीसरे दिन 5 लाख पुष्प प्रेमियों ने किया दीदार

संदीप गर्ग / नोएडा। सेक्टर-33ए स्थित शिल्पहाट शिवालिक पार्क में आयोजित 38वीं वार्षिक चार दिवसीय नोएडा पुष्प प्रदर्शनी-2026 का तीसरा दिन शनिवार को उत्साह और रंगों से सराबोर रहा। प्रदर्शनी का शुभारंभ पूर्व मंत्री व वर्तमान सांसद डॉ. महेश शर्मा ने 19 फरवरी को किया था। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में लगभग 5 लाख पुष्प प्रेमियों ने पहुंचकर 29 से अधिक प्रजातियों के आकर्षक पुष्पों और पौधों का अवलोकन किया। विभिन्न फूलों से तैयार किए गए भव्य भित्ति चित्र (म्यूरल) और आकृतियां (स्कल्प्चर) दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने। विशेष रूप से भगवान शिव को समर्पित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर की पुष्प प्रतिकृति, त्रिशूल, डमरू, नंदी, हाथी, गमलों की फूल टोकरी, प्रवेश पथ द्वार, प्रवेश उद्यान, शीर्ष फूल टोकरी, ढोलक आकार, मटका की पुष्प प्रतिकृति, बुद्ध कमल और बड़ा शंक्वाकार लोहे का ढांचा आदि को खूब सराहा गया।



### प्रमुख विजेता रहेः

*भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एडोबी सिस्टम्स इंडिया लिमिटेड, एलजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कैंडर टेकस्पेस (सेक्टर-62 एवं 132), शहीद स्मारक पार्क, स्व. जी.बी. पंत पार्क (सेक्टर-17ए), भारत पेट्रोलियम हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, पार्क्स लॉरिएट, ग्रैंड अजनारा हेरिटेज (ग्रेटर नोएडा), एलजी, कोफोर्ज एवं सनलॉर्ड अपैरल्स, पूर्वांचल सिल्वर सिटी-2, पूर्वांचल हाइट्स, ओमैक्स पाम एंड ग्रीन्स, जेपी ग्रीन स्पा एंड गोल्फ रिजॉर्ट आदि*

प्रदर्शनी में पुष्प सज्जा एवं सब्जी नक्काशी तथा उद्यान विभाग व विशेषज्ञों द्वारा बागवानी परिचय कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान श्रेष्ठ उद्यानों और संस्थानों को पुरस्कार वितरित किए गए।

दोपहर में एमिटी स्कूल के बच्चों ने बैगपाइपर बैंड की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे पूरे शिवालिक पार्क में उत्साह का माहौल बन गया। वहीं शाम 6 बजे से दिल्ली-एनसीआर के प्रसिद्ध सर्वत्रा बैंड ने हिमांशु मिश्रा, अवाथान्गु चिरू, सोनम मिश्रा और संगीत जोशी की प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

आयोजकों के अनुसार पुष्प प्रदर्शनी ने शहरवासियों को प्रकृति के रंगों से रूबरू कराने के साथ-साथ व्यस्त जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया है।

### आज होगा चित्रकला प्रतियोगिता व समापन पर कवि सम्मेलन

रविवार, 22 फरवरी को स्कूली बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसके बाद प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। समापन समारोह में कवि सम्मेलन होगा, जिसमें डॉ. विष्णु सक्सेना (श्रृंगार रस), डॉ. अर्जुन शिशौदिया (वीर रस), अनिल अगवंशी व शंभू शिखर (हास्य-व्यंग्य), कल्पना शुक्ला (श्रृंगार रस) और विनोद पाण्डेय (हास्य-व्यंग्य) अपनी प्रस्तुति देंगे।



# पुलिस ने अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह का सदस्य पकड़ा, लाखों की शराब बरामद

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! थाना रसूलपुर पुलिस ने अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह के एक सदस्य को पकड़ा है। उसके पास से लाखों रुपये कीमत की शराब बरामद की। पुलिस ने उसे जेल भेजा है।

पुलिस ने चेकिंग के दौरान अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके बारे में पता चला था।



शराब तस्कर के बारे में पता चलते ही पुलिस ने थाने के समीप ही वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी।

उसी दौरान पुलिस ने एक ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक से पुलिस ने एक अभियुक्त को हिरासत में लिया। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में शराब मिली। अभियुक्त का नाम पुलिस ने नरेश पुत्र बाबूलाल बताया है। वह बायतू ग्राम सभा पंजी थाना बायतू जिला बाडमेर (राजस्थान) का रहने वाला है।

पुलिस ने पकड़े अभियुक्त के पास से 300 बोतल अवैध इम्पीरियल ब्लू, 1800 अध्धे अवैध इम्पीरियल ब्लू, 4800 पव्वे अवैध अग्रेजी शराब मैकडावेल्स नम्बर 01, एक ट्रक 6 टायरा मिनी बंद बाडी ट्रक, मोबाइल फोन बरामद किया है।

शराब की बोतलों पर फोर सेल इन हरियाणा ओनली लिखा हुआ है। अभियुक्त से कुल 1764 लीटर अवैध अग्रेजी शराब बरामद की गयी है। जिसकी अनुमानित कीमत 25 लाख रुपए बताई गई है।

पकड़े गए अभियुक्त नरेश चौधरी ने पुलिस को बताया वह ट्रक नम्बर UP16 ET 2295 की इन्जन नम्बर व चैसिस नम्बर की जानकारी को छिपाते हुये शराब को लादकर पीपली खरखौदा हरियाणा से कानपुर होते हुए बिहार मे सप्लाई करता है। बिहार मे शराब बंदी होने के कारण इससे भारी मुनाफा कमाते है। पुलिस ने उसे जेल भेजा है।

# भाजयुमो ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

## देश की छवि खराब करने का लगाया आरोप, एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम सोपा ज्ञापन।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष डॉ सतीश दिवाकर व जिलाध्यक्ष भाजयुमो अंकित तिवारी के नेतृत्व में जैन मंदिर चौराहे पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया और कांग्रेस विरोधी नारे लगाए व एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन भी सोपा गया!



पुतला दहन के समय जिलाध्यक्ष भाजपा महानगर डॉ. सतीश दिवाकर ने कहा कि राहुल गांधी के इशारे पर यूथ कांग्रेस ने देश की छवि खराब करने के लिए यह कदम उठाया, जो निंदनीय है। जब भारत नवाचार के क्षेत्र में दुनिया के सामने अपनी पहचान बना रहा है, तब ऐसे प्रदर्शन देश को बदनाम करने की कोशिश हैं।

जिलाध्यक्ष भाजयुमो महानगर अंकित तिवारी ने कहा कि ऐसी गतिविधियां देश की छवि को धूमिल करती हैं और राजनीतिक मयार्दा के खिलाफ हैं कांग्रेस नेताओं के इस कार्य से भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश है इस प्रकार का आचरण देश की गरिमा और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि के अनुरूप नहीं है यह राजनीतिक शिष्टाचार के विरुद्ध है!

जिला संयोजक स्थानीय निकाय दीपक गुप्ता कालू ने कहा कि नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित आई सबमिट के दौरान कांग्रेसी नेताओं द्वारा कथित तौर पर अर्धनक अवस्था में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करना कांग्रेस की ओछी मानसिकता को दशार्ता है!

पुतला बहन के अवसर पर शैलेंद्र गुप्ता शालू, आकाश गुप्ता, उदय प्रताप सिंह, सुरेंद्र राठौर, नमन बंसल, गौतम कुशवाहा, देश दीपक राजा, प्राचीर सेठ, भारत सिंह वर्मा, रामनरेश कटरा, केशव फौजी, बंटी कुशवाह, संकेत, अमित, प्रांशु, विकाश, आर्यन, मनोज, अनिकेत, आकाश गर्ग, गुड्डा पहलवान, हरी बाबू दिवाकर, आशीष दिवाकर, हिमांशु शर्मा, संजय मिश्रा, विष्णु राठौर, हरी निवास शर्मा, राम लड़ेंती लकी, अंकित गुप्ता, सचिन, कौशल, सुमित तोमर, विनय विद्यार्थी, ध्रुव गुप्ता, राधेश्याम यादव, राहुल शर्मा, बृजभूषण प्रजापति, प्रमोद राजोरिया, करण राठौर, सुनील मिश्रा, रतन सक्सेना, मनीष राठौर, आकृति सहयोगी, भगवान सिंह झा, अशोक राठौर, रमन यादव, निर्मल शर्मा, आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे!

# ग्राम भिरावटी में रसगुल्ला निर्माण इकाई पर छापा, 250 किलो रसगुल्ला नष्ट – खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देशन में खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद भर में सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज थाना धनारी क्षेत्र के ग्राम भिरावटी स्थित प्रेमपाल पुत्र शिवराज की रसगुल्ला निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सफेद रसगुल्ला का भंडारण अस्वच्छ एवं अस्वस्थकर परिस्थितियों में पाया गया। इस पर विभागीय टीम ने मौके पर ही लगभग 250 किलोग्राम सफेद रसगुल्ला नष्ट कराया। साथ ही संबंधित खाद्य कारोबार को अग्रिम आदेशों तक बंद रखने के निर्देश दिए गए।

टीम द्वारा खाद्य पदार्थ का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई में मानवेन्द्र सिंह (सहायक आयुक्त, खाद्य) के नेतृत्व में राजेश कुमार सिंह एवं सुधीर कुमार सिंह (खाद्य सुरक्षा अधिकारी) उपस्थित रहे।

# जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस।

- तहसील सम्भल के सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस।
- शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।






**समाज जागरण**

बहजोई।जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में तहसील सम्भल के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए।

तहसील सम्भल में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता विद्युत संभल, जीएमडीआईसी, अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, गन्ना निरीक्षक को स्पष्टीकरण जारी करने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए।

शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार प्रजापति की शिकायत कि कानूनगो द्वारा आराजी की निशान देही नहीं की जा रही है पर जिलाधिकारी द्वारा लापरवाही बरतने पर संबंधित कानूनगो संभल नगर क्षेत्र पंकज गुप्ता को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पंकज बिश्नोई सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रेरणा दिवस पर अंतर्महाविद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद।दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व० श्री एस. के. अग्रवाल की छठवीं पुण्य स्मृति में आयोजित प्रेरणा दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज अंतर्महाविद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर महापौर श्रीमती कामिनी राठौर, प्रबंध समिति की अध्यक्षा श्रीमती माला रस्तोगी, सह-सूचना अधिकारी अंकित प्राचार्या प्रो रेनू वर्मा, मनीष चौधरी युवा कल्याण अधिकारी डॉ निशा गुप्ता एवं प्रो विनीता गुप्ता द्वारा माइट्ठं शारदे एवं श्री दाऊ दयाल श्रीयुत गोपाल चंद्रा एवं स्व० एस. के. अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं महाविद्यालय गान की मोहक प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो रेनु वर्मा द्वारा आगंतुक मंचासीन अतिथियों को श्रीफल, पटका एवं तुलसी का पौधा भेट कर स्वागत सत्कार की परंपरा का निर्वहन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता से पूर्व कार्यक्रम संयोजिका प्रोफेसर विनीता गुप्ता ने प्रतियोगिता के नियमों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रतियोगिता में आगरा मथुरा फिरोजाबाद सिरसागंज तथा शिकोहाबाद से आईं कुल 13 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा, द्वितीय आरबीएस कॉलेज आगरा तथा सी एल जैन कॉलेज फिरोजाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी बौद्धिकता का परिचय दिया इसकी अतिरिक्त व्यक्तिगत पुरस्कार में प्रथम द्वितीय तृतीय एवं दो सांत्वना पुरस्कार प्राप्त छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रस्तुत किया गया नियमानुसार चल वैजयंती ट्रॉफी सेंट जॉन'एस कॉलेज को सहर्ष प्रदान की गई। सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथियों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता की विजयी महिला खिलाड़ियों एवं हाई स्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक बीएड, एम एड तथा डीएलएड स्तर की सभी मेधावी छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राप्त करने तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महापौर कामिनी राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि-- नारी शिक्षा स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र की प्रगति के लिए अति आवश्यक है । कार्यक्रम के अगले चरण में एडुगर्ल्स की छोटी-छोटी बच्चियों ने बार्बी गीत की मनमोहक प्रस्तुति से सभी का मन मोहा। शिक्षा संघ कैसे नारी शिक्षा पर लघु नाटक का प्रस्तुत की गई कार्यक्रमों के अंतिम चरण में संगीत विभाग द्वारा नृत्य के माध्यम से राधा कृष्ण की झांकी के साथ होली गीत का सफल मंचन किया गया।




**उक्त कार्यक्रम का संचालन डा अंजू गोयल ने किया।**

कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर माधवी सिंह ने आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसरपर, ओटा के अध्यक्ष प्रो पुष्पेन्द्र सिंह, सचिव डॉ संजय मिश्रा, डॉ विजय कुमार शर्मा, प्रो प्रीति अग्रवाल, प्रो विनीता यादव, प्रो० रंजना राजपूत, डॉ रमा चटर्जी, डॉ ज्योति अग्रवाल, डा सरिता रानी, डॉ नम्रता निश्चल त्रिपाठी, डा शालिनी मिश्रा, डॉ निधि गुप्ता, डॉ शमा बी, डॉ पूजा सिंह, डॉ विनीता सिंह, डॉ शालिनी सिंह डा नम्रता वर्मा, श्री मयंक शर्मा, डा पंकज मिश्रा, डॉ अर्चना अग्रवाल, डॉ ममता अग्रवाल, डॉ गरिमा सिंह, संध्या चतुवेर्दी, डा नूतन राजपाल, डा स्नेह लता शर्मा, डॉ राजश्री भदौरिया, नीतू सिंह, विकास वार्ष्णेय, डॉ मंजुला पचौरी, डॉ नितुल शर्मा, साक्षी मिश्रा, अमितअग्रवाल, शंभू दयाल, रविकांत सिंह, मनोज, अभिषेक अग्रवाल, सरिता शर्मा, प्रीति सिंह, शिखा यादव एवं शालिनी गुप्ता सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# सात समुन्दर पार से आये दूल्हा ने फिरोजाबाद की दुल्हन से की शादी, विदेशी मेहमान हुए शामिल।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। सात समुन्दर पार से विदेशी दूल्हा लेने आया अपनी दुल्हन. इस ऐतिहासिक शादी के गवाह बने सैकड़ों लोग. धूमधाम से भारतीय रीति रिवाज से हुई जर्मन दूल्हे की शादी. दूल्हा गुस्ताव ने भारतीय युवती खुशी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से सात फेरे लेकर किया विवाह, शादी समारोह में आये विदेशी मेहमानो ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं में सरावोर होकर आनंद लिया।



दुल्हन की चाची ज्योती ने बताया कि हमारी भतीजी जयपुर में जर्मन कम्पनी में काम करती है और वही जर्मन के रहने वाले हमारे दामाद गुस्ताव का आना हुआ था. वही हमारी भतीजी की पहली मुलाकात हुई थी.

दूल्हा गुस्ताव भारतीय परिधान शेरवानी और साफा पहने नजर आए, वही देखने वाली बात ये है कि जर्मन दूल्हे ने अपनी पत्नी के नाम से हाथों में मेहदी रचाई थी. वहीं दुल्हन खुशी ने लाल जोड़े में सभी का मन मोह लिया। विवाह की सभी रस्में भारतीय विधि-विधान और जर्मन संस्कृति के साथ सम्पन्न कराई गईं। शादी में आये मेहमानों ने नव दम्पत्ति को आशीर्वाद दिया। दोनों परिवारों के लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर खुशी के पल साझा किये.

जब दूल्हे राजा गुस्ताव से पूछा गया कि आपकी पहली मुलाकात कहां हुई थी. तो उन्होने कहा कि 2023 में वह भारत में छुट्टी मनाने आये थे उस समय राजस्थान, दिल्ली, आगरा की यात्रा की थी. जब वह जयपुर के होटल में रूके हुए थे. उसी समय खुशी स्विमिंग पूल में तैरना सीख रही थी. बस वही पहली मुलाकात हुई थी.

विदेश से आए मेहमानों ने भारतीय शादी की रस्में वरमाला, फेरे और विदाई को बड़े उत्साह के साथ देखा और सभी रस्मों में सहभागिता की। उन्होंने भारतीय संस्कृति की सराहना करते हुए इसे यादगार पल बताया. भाषा को समझने में किसी को कोई परेशानी ना इसके लिए चार ट्रांसलेटर बुलाए गये थे.

शादी समारोह में स्थानीय लोग भी शामिल हुए और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। गुस्ताव और खुशी की जोड़ी ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नए जीवन की शुरूआत की। यह अंतरराष्ट्रीय विवाह जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।

जब उनसे पूछा गया कि हमारा भारत और गांव कैसा लगा. हमारी मेहमान नवाजी कैसी लगी. तो उन्होने कहा कि भारत एक बड़ा देश है. यहां हर जगह लोग अलग-अलग हैं, शहर भी अलग-अलग हैं और गोरे लोगों के लिए उनका व्यवहार भी कुछ लोगों के लिए बहुत बुरा होता है. लेकिन सच कहू तो ज्यादातर लोग मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत अच्छे थे. भारत के बारे में यही बात मुझे सबसे ज्यादा पसन्द है, जो शब्दों में वया करना मुश्किल है. भारतीय लोग खासकर शिकोहाबाद जैसे छोटे शहरों के बीच के अन्तर को एक वाक्य में बताना वास्तव में मुश्किल है. यह बहुत ही प्यारा शहर है!

# बाइक सवार ने छात्र को मारी टक्कर बाइक सवार व छात्र घायल

**समाज जागरण**

पबांसा क्षेत्र के कस्बा सौंधन बस स्टैंड पर शनिवार को एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से कक्षा 6 के छात्र सहित तीन लोग घायल हो गए।
जानकारी के अनुसार, देवरी गांव निवासी रवि और यशपाल दोनों भाई एक





ही बाइक पर सवार होकर सम्भल की ओर से सौंधन आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सौंधन बस स्टैंड के पास पहुंची, तो स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रहे अपनी ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहा आरव स्कूल की छुट्टी होने पर अपने मामा के घर जा रहा था तभी संभल की तरफ से आ रहे बाइक सवार ने कक्षा 6 के छात्र आरव को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक सवार दोनों युवक तथा छात्र आरव घायल हो गए। सूचना पर सौंधन चौकी प्रभारी राजकुमार सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जिसके बाद सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया गया '

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कार्यक्रम संपन्न।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! जनपद के विकास भवन स्थित NIC रूम में आज शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFB ) एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के वर्चुअल संबोधन एवं कृषि भवनों के शिलान्यास समारोह का सजीव प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रुघ्न वैश्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह एवं फसल बीमा मैनेजर रवि प्रताप सिंह द्वारा कृषकों को योजना की बारीकियों और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' (MPMH) अभियान के तहत जनपद के दर्जनों लाभार्थी किसानों को मौके पर ही उनकी फसल बीमा पॉलिसी सौंपी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह पॉलिसी किसानों को बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान से सुरक्षित करेगी। इस दौरान लउऋछ एफऋछ की टीम एवं कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सेवन वंडर्स इंटर कॉलेज में हुआ अश्वनी जैन का स्वागत।

**समाज जागरण**

सिरसागंज! श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किए जाने के उपलक्ष्य में सेवन वंडर्स इंटर कॉलेज, सूरजपुर दुगमई के विद्यालय परिवार ने माल्यार्पण करके स्वागत किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने,



उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है।

सेवन वंडर्स इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एम डी सर ने उनसे आशीष लेते हुए बताया वे विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। इसके साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्यवक की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हैं। जिससे जनपद एवं नगर की प्रतिभाएं राज्य स्तर तक प्रतिभाग कर रही हैं।

अश्वनी कुमार जैन ने विद्यालय के प्रधानाचार्य एम डी सर के साथ अपने परिवार, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सौरभ, शिवम जैन, पंकज, अंकुर, महेन्द्र, धीरज, राजा, अभी, राज, नम्रता, शोभा, मंजू, वर्षा आदि उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक : 1656/पी०डब्ल्यू०डी० / ई-निविदा सूचना/2025-26 दिनांक : 21/02/2026

## अतिअल्पकालीन

## -: ई-निविदा सूचना संख्या:- 14/निर्माण / 2025-26 :-

नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा **राज्य वित्त आयोग / निगम निधि** के अन्तर्गत के अन्तर्गत कुल एक कार्य हेतु अर्ह ठेकेदारों से उनकी श्रेणी के अनुसार डबल बिड पद्धति द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। आंमत्रित कार्य हेतु फर्म द्वारा उनकी श्रेणी अनुसार प्रतिभाग किया जायेगा। ई-निविदा अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर निम्नांनुसार आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि / समय | 24-02-2026 |
| 2. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 24-02-2026 |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 10-03-2025 03:00 PM |
| 4. | तकनीकी निविदा खोली जाने की तिथि / समय | 10-03-2026 04:00 PM |

**नोट:-** शेष नियम व शर्ते www. etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

प्रभारी मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, फिरोजाबाद

# दिल्ली में बड़ा खुलासा: 1,500 किलो नकली देसी घी फैक्ट्री पर पुलिस का छापा, फैक्ट्री सील





**दिल्ली, दैनिक समाज जागरण।** दिल्ली पुलिस ने केड़ा कलां, अलीपुर में चल रही नकली देसी घी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। विशेष पुलिस आयुक्त कानून और व्यवस्था रविंद्र सिंह यादव की निगरानी में डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी की डीआईयू टीम ने कार्रवाई करते हुए बंसल एग्रो फूड इंडस्ट्रीज पर छापा मारा।

छापेमारी में 1,500 किलो तैयार नकली देसी घी और 55 लीटर घी की सुगंध (एसेंस) बरामद की गई। यह घी एनटीसी अर्थ वेदिक, गौ अमृत, नामदेव, एनटीसी सारस गोल्ड और एनएस नादन सारस जैसे ब्रांड नामों में पैक किया जा रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस ने एफएसएसएआई अधिकारियों को साथ लेकर फैक्ट्री की तलाशी ली। मौके से बड़ी मात्रा में तैयार माल, पैकिंग सामग्री और एसेंस जब्त किए गए।

जांच में पता चला कि फैक्ट्री संचालक ज्ञानेंद्र सिंह 1995 से नकली घी बनाकर दिल्ली और आसपास के राज्यों में सप्लाई कर रहा था। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

दिल्ली पुलिस ने चेतावनी दी है कि उपभोक्ता केवल प्रमाणित और विश्वसनीय ब्रांड का घी ही खरीदें और किसी भी संदिग्ध उत्पाद की जानकारी तुरंत पुलिस या एफएसएसएआई को दें।

# ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल, स्योहारा में छात्र से मारपीट का आरोप अभिभावक ने

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर स्योहारा कस्बे के ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल, स्योहारा से जुड़ा एक मामला चर्चा का विषय बन गया है। मोहल्ला जाली वाला मंदिर निवासी गौरव वर्मा ने स्योहारा थाना में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके पुत्र कुंज वर्मा (कक्षा 4), जो ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत हैं, के साथ विद्यालय परिसर में कथित रूप से मारपीट की गई।

तहरीर के अनुसार 16 फरवरी 2026 को विद्यालय की एक शिक्षिका द्वारा बच्चे के साथ कथित मारपीट की गई, जिससे उसे शारीरिक चोटें आईं और वह मानसिक रूप से भी आहत हुआ। अभिभावक का कहना है कि घटना के बाद बच्चा भयभीत है और स्कूल जाने में हिचकिचा रहा है।

शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि 19 फरवरी 2026 को जब वे ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल पहुंचकर इस मामले में शिकायत करने गए, तो उनके साथ कथित रूप से गाली-गलौज की गई और दोबारा बच्चे को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। गौरव वर्मा ने पुलिस से मांग की है कि मामले में भारतीय दंड संहिता (IPC) की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

थाना स्योहारा पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पक्षों से जानकारी लेकर निष्पक्ष जांच की जाएगी और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

घटना के बाद क्षेत्र में अभिभावकों के बीच बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# सवा महीने बाद भी नहीं खुला जगदेव यादव हत्याकांड

**दैनिक समाज जागरण**
**संजय कसौधन(जख्मी)**

पयागपुर /बहराइच/ पयागपुर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित जगदेव यादव हत्याकांड को एक माह से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। घटना के खुलासे में हो रही देरी से क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है और लोग पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं।

बहुचर्चित जगदेव हत्याकांड को लेकर मामले को राजनीतिक रंग दिया गया और तमाम लोग परिजनों को ढांढस बँधाने पहुँचे प्रदेश में प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने भी परिजनों से मुलाकात कर शीघ्र ही कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन दिया था इसके अलावा क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने भी परिजनों से मुलाकात करके शीघ्र ही घटना का खुलासा करवाया जाने का आश्वासन दिया था किंतु इन बीते समय के बाद भी अभी तक हत्याकांड का खुलासा नहीं हो सका है

मृतक के परिजनों का कहना है कि शुरूआत में पुलिस ने जल्द खुलासे का भरोसा दिया था, लेकिन समय बीतने के साथ मामला ठंडे बस्ते में जाता दिखाई दे रहा है। परिजनों ने आरोप लगाया कि अब तक न तो मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और न ही जांच की कोई स्पष्ट दिशा सामने आई है, जिससे परिवार असुरक्षित महसूस कर रहा है।

स्थानीय लोगों ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि इस हत्या ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया था, लेकिन पुलिस की धीमी कार्रवाई से अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि इतनी चर्चित घटना का खुलासा नहीं हो पा रहा है तो आम आदमी की सुरक्षा पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासी सामूहिक रूप से धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने दावा किया है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। हालांकि लगातार बढ़ते जनदबाव के बीच अब सबकी नजर पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# 21126 कृषकों के खातों में पहुंची प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की धनराशि

**दैनिक समाज जागरण**


बहराइच । 05, कालीदास मार्ग लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व तथा आपदा विभाग के अन्तर्गत संचालित किसानों से सम्बन्धित बीमा योजनाओं के लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से क्षतिपूर्ति धनराशि का अन्तरण किया गया। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद बहराइच के 21126 किसानों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत फसल क्षतिपूर्ति के रूप में धनराशि रू. 01 करोड़ 12 लाख 82 हजार 685 का अन्तरण किया गया।

जिला मुख्यालय पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा, विधानसभा कैसरगंज के संयोजक गौरव वर्मा, अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, अवर अभियंता कृषि नितिन कुमार मौर्य, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए सुधाकर शुक्ला सहित बड़ी संख्या में मौजूद महिला किसानों तथा प्रगतिशील कृषकों द्वारा सजीव प्रसारण को देखा गया व सुना गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र ने कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता व मुन्ना लाल वर्मा, जिला ऊल हक को सुझाव दिया कि फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु जिले के कृषकों को जागरूक करें। सीडीओ श्री चन्द्र कार्यक्रम में मौजूद महिला कृषकों से आयुष्मान कार्ड के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सभी पात्र लोग आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवा लें। उल्लेखनीय है कि तहसील एवं विकास खण्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान भी लखनऊ में आयोजित मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को सजीव दिखाया गया।

# बाल संरक्षण को लेकर लिया गया महत्वपूर्ण संकल्प

**दैनिक समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**



जनपद श्रावस्ती ग्राम पंचायत गजोबरी, ब्लॉक जमुनहा, जनपद श्रावस्ती में ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति (VLCWPC) की एक प्रभावशाली एवं सार्थक बैठक का आयोजन देहात इंडिया संस्था के सहयोग से किया गया। बैठक में ग्राम प्रधान मोहम्मद अतीक की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता देवी, ए.एन.एम. रीता सोनकर, आशा मंजू यादव, प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार यादव, पुलिस विभाग से विजय कुमार लाल तथा देहात इंडिया संस्था से मोहम्मद यूसुफ, सारजन वर्मा व सरोज पटेल सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बाल विवाह उन्मूलन, बाल श्रम पर रोक, विद्यालय से ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान एवं पुनः नामांकन, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण, तथा सरकारी योजनाओं से वंचित बच्चों को लाभान्वित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों ने भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया।

देहात इंडिया संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा बच्चों के हित में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई तथा ग्राम स्तर पर सामूहिक प्रयासों से बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया गया। सभी सदस्यों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त, बाल श्रम मुक्त एवं सुरक्षित वातावरण वाला आदर्श ग्राम बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

बैठक का समापन सकारात्मक चर्चा एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें ग्राम के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# बिजनौर में अवैध आधार नामांकन व संशोधन करने वाले सीएससी निरस्त, अभिलेख भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण लखनऊ को भेजे गए

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**




जनपद बिजनौर जिलाधिकारी अधिकारी जसजीत कौरने बताया कि नगीना एवं हल्दौर क्षेत्रों में अवैध रूप से आधार कार्ड नामांकन एवं संशोधन कार्य किए जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई गई। नगीना क्षेत्र में नायब तहसीलदार द्वारा जांच में पाया गया कि तहसील गेट के पास एक जनसेवा केंद्र पर बिना अनुमति ऑनलाइन आधार कार्ड बनाए जा रहे थे। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित मशीन एवं अभिलेख तत्काल जब्त कर लिए गए और अग्रिम जांच हेतु लखनऊ स्थित यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय को भेज दिए गए। दूसरे प्रकरण में हल्दौर स्थित पेट्रोल पंप के पास संचालित जन सेवा केंद्र पर अवैध रूप से आधार नामांकन एवं संशोधन कार्य किए जाने की शिकायत पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, नायब तहसीलदार सदर तथा डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सीएससी द्वारा संयुक्त जांच की गई। जांच में बिना अधिकृत अनुमति के आधार नामांकन एवं संशोधन कार्य किया जाना पाया गया। साथ ही प्रति व्यक्ति 300 से 500 रुपये तक वसूली किए जाने की भी पुष्टि हुई। निर्देशों के अनुपालन में संबंधित जन सेवा केंद्रों के संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है तथा जब्त अभिलेखों को विस्तृत जांच के लिए यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ को प्रेषित किया गया है।

# बिजनौर में भाकियू (टिकैत) की महापंचायत, सरकार पर गरजे राकेश टिकैत

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**




जनपद बिजनौर नूरपुर,,जनपद बिजनौर की तहसील नूरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सैदपुर माफी में शुक्रवार, 21 फरवरी 2026 को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की भव्य महापंचायत का आयोजन किया गया। यह महापंचायत बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा जिलों की सीमाओं के समीप आयोजित की गई, जिसमें तीनों जनपदों से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

महापंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर किसानों और पदाधिकारियों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंच पर पहुंचते ही किसानों ने जोरदार नारेबाजी कर अपने नेता के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

अपने संबोधन में राकेश टिकैत ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की मूलभूत समस्याओं को लगातार नजरअंदाज कर रही है। खाद, बीज, बिजली, पानी, गन्ना भुगतान, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और फसल बीमा जैसी योजनाओं का लाभ किसानों तक पूर्ण रूप से नहीं पहुंच पा रहा है।

उन्होंने कहा कि किसान आज भी अपनी मेहनत का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि सरकार बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में अधिक रुचि ले रही है। राकेश टिकैत ने स्पष्ट कहा कि जब तक किसानों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक संगठन का आंदोलन जारी रहेगा।

महापंचायत में उपस्थित किसानों ने भी अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। गन्ना भुगतान में देरी, सिंचाई संकट, बिजली कटौती, बढ़ती महंगाई और फसलों के उचित दाम न मिलने को लेकर किसानों ने नाराजगी जाहिर की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

कार्यक्रम में भाकियू के वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय किसान नेता तथा आसपास के गांवों से आए हजारों किसान मौजूद रहे। महापंचायत शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से संपन्न हुई। महापंचायत के माध्यम से किसानों ने सरकार को स्पष्ट संदेश दिया कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण**

बहराइच/ राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) रिसिया व बिछिया में प्रवेश हेतु 15 मार्च 2026 को सम्पन्न होने वाली प्रवेश परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

प्रवेश परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डायट प्राचार्य द्वारा प्रश्न पत्र तैयार किया जायेगा तथा परीक्षा फल भी घोषित किया जायेगा। परीक्षा के दौरान प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु डीएम ने नायब तहसीलदार व खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाये जाने का निर्देश दिया। जबकि कक्ष निरीक्षक नामित करने का दायित्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त करने की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक को सौपी गई है। परीक्षा के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना रिसिया व सुजौली द्वारा आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जायेंगे। डीएम ने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराएं।

बैठक का संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, सहायक प्रबंधक देवव्रत शर्मा, एटीएस रिसिया के प्रधानाचार्य अंगद कुमार, वरिष्ठ सहायक विनोद यादव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# नागरिकों से प्राप्त किये जायेंगे प्रारूप 6, 7 व 8

**दैनिक समाज जागरण**

बहराइच । जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने एवं नोटिस चरण में अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश पर 22 फरवरी 2026 (रविवार) को समस्त पदाभिहित स्थलों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया है। विशेष अभियान दिवस को सभी पदाभिहित स्थलों पर पदाभिहित अधिकारी (बूथ लेवल अधिकारी) पूर्वान्ह 10:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक उपस्थिति रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने इत्यादि की कार्यवाही करेंगे।

डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि विशेष अभियान तिथि को अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के ऐसे पात्र व्यक्ति जिनका नाम अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 में आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त डुप्लीकेट, शिफ्टेड तथा मृतक मतदाताओं के नामों को कटवाने के लिए प्रारूप-7 तथा नाम या अन्य किसी विवरण में संशोधन कराने तथा एक ही विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानान्तरित कराने के लिए फार्म-8 में आवेदन कर सकते हैं। विशेष अभियान दिवस में ऐसे मतदाता जिन्हें नोटिस जारी हुई है वह भी मतदेय स्थलों पर जाकर अपनी सुनवाई बीएलओ के द्वारा करा सकते हैं। डीएम श्री त्रिपाठी ने समस्त नागरिकों का आहवान किया है कि इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

# 120 लाभार्थियों को वितरित किये गये रू. 04 करोड़ के डेमो चेक

**दैनिक समाज जागरण**

बहराइच । मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश के कम में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र बहराइच के परिसर में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में आयोजित बृहद ऋण वितरण कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा, इण्डियन बैंक के अंचल प्रमुख के.सी. साहू, अग्रणी जिला प्रबन्धक जीतेन्द्र कुमार मसन्द तथा पंजाब नेशनल बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, केनरा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, एचडीएफसी सहित अन्य बैंकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। वृहद ऋण वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा योजना अन्तर्गत 67 तथा अन्य योजना अन्तर्गत 53 सहित कुल 120 लाभार्थियों को रू. 04 करोड़ की धनराशि के डेमों चेक का वितरण विभिन्न बैंकों द्वारा किया गया।

# चांदपुर में दर्दनाक सड़क हादसा: खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, युवक की मौत

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**




जनपद बिजनौर चांदपुर क्षेत्र में शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नूरपुर-अमरोहा मार्ग पर रतनगढ़ स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से तेज रफ्तार बाइक घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी मौके पर ही हालत बेहद नाजुक हो गई। मृतक की पहचान ग्राम उमरा बुजुर्ग, थाना शिवाला कला निवासी भूरे पुत्र राजेश्वर प्रसाद के रूप में हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लखपत सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर चोटों के चलते उसने अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया। इस दुखद घटना से ग्राम उमरा बुजुर्ग में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और मामले में जांच शुरू कर दी है। साथ ही, आवश्यक विधिक कार्रवाई भी की जा रही है।

# सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर मंडावर ।बारात में आये एक व्यक्ति की नाचते समय खाली डंफर की टक्कर लगने से मोके पर ही मौत हो गई सुचना पर पहुंची पुलिस ने डंफर और चालक को हिरासत में लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव बहादरपुर निवासी वीर सिंह के पुत्र रजत सिंह की शुक्रवार की शाम मंडावर बिजनौर रोड़ के एक बैकट हाल में बारात आयी थी। जिसमें रात्रि बारह बजे के करीब लालपुर चौराहे के पास बारात चढ़ रही थी। बारात चढ़ते समय नाचते हुए एक व्यक्ति बहादरपुर निवासी भोपाल उर्फ भोप्पा पुत्र छोटे सिंह उम्र 45 वर्षीय को बिजनौर से आ रहे। एक खाली डंफर ने टक्कर मार दी जिसमें उसकी मोके पर ही मौत हो गई। सुचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर और चालक को हिरासत में लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया।भोपाल की मौत से परिवार वालो मे कोहराम मचा हुआ है।

# 8 साल के मासूम मोहम्मद रूहान ने रखा पहला रोजा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद जनपद बिजनौर के नजीबाबाद के मोहल्ला मुगलूशाह के निवासी सलीम अहमद के 8 वर्षीय मासूम पुत्र मोहम्मद रुहान ने पहला रोजा रखा मोहम्मद रुहान ने सुबह सवेरे सेहरी खाकर शाम का रोजा इफ्तार किया रोज के साथ-साथ नन्हे मोहम्मद रुहान ने पांच वक्त की नमाज पढ़कर अपने वालिद वालदेन और अपनी नन्ही बहन की सलामती के लिए दुआएं मांगी मोहम्मद रुहान के वालिद वालदेने ने मोहम्मद रुहान को अपनी दुआओं से नवाजा आपको बता दे रमजान मुबारक का महीना रहमते और बरकते लेकर आता है।इस से नौजवान बुजुर्ग और बच्चे सभी के इमान मे ताजगी पैदा होती है।जब महौल दिनदारी का होता है तो बच्चो पर भी असर देखने को मिलता है नजीबाबाद के मोहल्ला मुगलूशाह के निवासी सलीम अहमद के 8 वर्षीय मासूम पुत्र मोहम्मद रूहान ने तीसरे रोजे को पहले रोजा रखकर यह साबित कर दिया।कि रोजा रखने के लिए हौसले और हिम्मत की जरूरत है।उम्र की नही।इस बच्चे की हिम्मत से उन लोगो को सबक हासिल करने की जरूरत है। जो रमजान के महीने मे रोजा न रखने का बहाना तलाश करते है।इस कम उम्र मे रोजा रखने वाले मासूम बच्चे की सभी ने दुआएं देकर हौसला अफजाई की।अल्लाह हम सब को भी रमजान की कदर करने की तौफीक अता फरमाए और इस बच्चे का मुस्तकबिल रौशन करे।

# आडिटोरियम में आयोजित होगा वृहद सहायता एवं सेवा शिविर

## लाभार्थियों को मिलेगी विभिन्न योजनाओं की सौगात

**दैनिक समाज जागरण**

बहराइच मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि मा. कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार 22 फरवरी 2026 को कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम बहराइच में जनपद स्तरीय मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के सफल आयोजन हेतु जिला विकास अधिकारी राज कुमार तथा उपायुक्त स्वतः रोजगार धन्नजय सिंह को सह नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर के दौरान आयुष्मान व आभा, दिव्यांग पेंशन योजना, शहरी आवास योजना व स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, श्रम, व्यक्तिगत शौचालय, पारिवारिक लाभ योजना, निषादराज बोट योजना व मापेड विद आईस बाक्स योजना, कृषक दुर्घटा बीमा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, अन्त्योदय राशन कार्ड, फार्मा कशीनरी एवं कृषि यन्त्र योजना, निराश्रित महिला अनुदान तथा कौशल विकास योजना से सम्बन्धित लाभार्थियों एवं हिताधिकारियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण-पत्र, टूल किट, डैमो चेक एवं गोल्डेन कार्ड, कृषि यंत्र इत्यादि का वितरण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्प्रासन, महिला स्वयं सहायता समूहों को आर.एफ. व सी.आई.एफ. के वितरण के साथ-साथ अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया जायेगा।

सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर के दौरान ग्राम्य विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आवास, नरेगा, स्वास्थ्य, लघु उद्योग, पशुपालन, कृषि, एक जनपद एक उत्पाद, डूडा, सोशल सेक्टर, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, कौशल विकास, सेवा योजना, श्रम, अतिरिक्त ऊर्जा, खादी ग्रामोद्योग, उद्यान विभाग के साथ-साथ बैंकर्स द्वारा स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ लाभार्थियों के पंजीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

# कौशल प्रशिक्षण में गुणवत्ता सुधार के लिए बड़ा कदम, नई ग्रेडिंग नीति लागू

**समाज जागरण लखनऊ, 21 फरवरी।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रशिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता सुधारने के लिए नई परफॉरमेंस-बेस्ड ग्रेडिंग नीति लागू की है। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और युवाओं की रोजगार क्षमता को सशक्त बनाना है।

**प्रशिक्षण केंद्रों को नए लक्ष्य आवंटित किए जाएंगे**

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार कौशल विकास को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। पारदर्शी मूल्यांकन और गुणवत्ता आधारित प्रतिस्पर्धा से प्रदेश के युवाओं को विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण मिलेगा। इससे उन्हें बेहतर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। नई नीति के तहत प्रशिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन हर वर्ष फरवरी के अंतिम दिन तक पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा और मार्च में ग्रेडिंग को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके आधार पर अप्रैल माह में प्रशिक्षण केंद्रों को नए लक्ष्य आवंटित किए जाएंगे। वर्ष 2026-27 के लिए ग्रेडिंग वर्ष 2023-24, वर्ष 2024-25 और 2025-26 के औसत प्रदर्शन के आधार पर तय होगी।

# 12वें छोगमल चौधरी ग्रामीण खेल महोत्सव का शुभारंभ, ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला सशक्त मंच

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 21 फरवरी। बीआरसीएम शिक्षण समिति द्वारा आयोजित 12वें छोगमल चौधरी ग्रामीण खेल महोत्सव का शुभारंभ राजीव गांधी ग्रामीण खेल परिसर, बहल में अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीआरसीएम संस्थानों की एनसीसी, स्काउट्स एवं एनएसएस इकाइयों द्वारा भव्य मार्चपास्ट तथा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री जय प्रकाश दलाल रहे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना समय की मांग है। ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों के माध्यम से अनुशासन, उत्तम स्वास्थ्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का सशक्त अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने बीआरसीएम शिक्षण समिति द्वारा शिक्षा एवं ग्रामीण खेल संस्कृति को निरंतर प्रोत्साहित किए जाने की सराहना की।






कार्यक्रम में अशन कुमार सांगवान तथा जगदीश सिंह (अर्जुन अवार्डी एवं द्रोणाचार्य अवार्डी) सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उपस्थित रहे। सांगवान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन और मंच की होती है। बीआरसीएम खेल महोत्सव जैसे आयोजन युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।बीआरसीएम खेल समिति द्वारा आयोजित यह खेल महोत्सव खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान कर रहा है, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस. के. सिन्हा ने अतिथियों एवं उपस्थित खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए बताया कि बीआरसीएम शिक्षण समिति शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देते हुए सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

हमारा उद्देश्य ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को निरंतर अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मविश्वासी, अनुशासित एवं सफल नागरिक बनाना है। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव में एथलेटिक्स के साथ-साथ कबड्डी (नेशनल स्टाइल झ पुरुष एवं महिला), वॉलीबॉल स्मैशिंग (पुरुष एवं महिला) तथा रस्साकशी (पुरुष) की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

विशेष आकर्षण के रूप में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए 100 मीटर बुजुर्ग दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें जोगेंद्र सिंह प्रथम, महासिंह द्वितीय तथा दरिया सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त 100 मीटर सरपंच दौड़ भी आयोजित की गई, जिसमें संदीप सरपंच (चहड़ खुर्द) प्रथम, सोमवीर सरपंच (सोरड़ा) द्वितीय तथा संजय सरपंच (मतानी) तृतीय स्थान पर रहे। पहले दिन विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पधाओं के प्रारंभिक एवं सेमीफाइनल मुकाबले सफलतापूर्वक संपन्न हुए। कबड्डी एवं वॉलीबॉल के रोमांचक मैचों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर अशन कुमार सांगवान, अर्जुन एवं द्रोणाचार्य अवार्डी जगदीश सिंह, डॉ. एस. के. सिन्हा (निदेशक, बीआरसीएम शिक्षण समिति), विद्यानंद (जिला खेल अधिकारी), राजकुमार त्रिपाठी (मुख्य वित्त अधिकारी, मारुति टेक्सटाइल सूरत), सुखबीर सांगवान (एशियन गेम्स 2006 कबड्डी स्वर्ण पदक विजेता), सोनिका चहल (एशियाई गेम्स रजत पदक विजेता, बॉक्सिंग), सरपंच साधुराम, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, विजय फोगाट (चेयरमैन, ब्लॉक समिति बहल), सुनील शर्मा (बीजेपी जिला उपाध्यक्ष), सुनील सांगवान (मंडल प्रधान, बहल), एडवोकेट संदीप बुढ़ेडा, डॉ. अनुज शर्मा (प्राचार्य, बीआरसीएम इंजीनियरिंग कॉलेज), डॉ. सुनील शुक्ला (प्राचार्य, बीआरसीएम लॉ कॉलेज), राजेश झाझड़िया (प्राचार्य, बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल), संदीप टंडन (प्राचार्य, बीआरसीएम शिशुकुंज स्कूल), पवन पंघाल (रजिस्ट्रार) सहित समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण खेल प्रेमी उपस्थित रहे तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# दुल्हन को हेल्मेट व रिफ्लेक्टर देकर दिया वर और वधु पक्ष को सड़क सुरक्षा का संदेश

## - दिव्या के विवाह उत्सव पर दिया गया सड़क सुरक्षा व नारी सशक्तिकरण का अनूठा संदेश

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 21 फरवरी । विवाह जैसे पारिवारिक और सांस्कृतिक अवसर को सामाजिक जागरूकता से जोड़ते हुए भिवानी में प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा सेक्टर 13 निवासी दिव्या के विवाह उत्सव के अवसर पर सड़क सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया।

स्थानीय जाट धर्मशाला में आयोजित विवाह समारोह के दौरान हिट एंड रन सड़क सुरक्षा व हर घर हरियाली थीम 2026 अभियान की ब्रांड एंबेसडर आरोही एवं नव्या भारद्वाज ने उपस्थित लोगों को हेलमेट और रिफ्लेक्टर वितरित किए।

इस सामाजिक मुहिम के संयोजक भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री यादव, शिक्षाविद विजेंद्र कुमार तथा स्वास्थ्य कर्मी सुभाष भी समारोह में शामिल रहे। वधु के पिता समाजसेवी राज कपूर श्योराण एवं माता अंजु श्योराण ने इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभाई और इसे समाज के लिए प्रेरक कदम बताया। उन्होंने सभी से अपील की कि विवाह, पार्टी या किसी भी उत्सव में शामिल होने के दौरान वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अवश्य करें , नशे में वाहन न चलाए । उन्होंने कहा कि छोटी-सी सावधानी बड़े हादसों को रोक सकती है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी परिवार द्वारा सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता दी गई थी। राज कपूर श्योराण ने अपने पुत्र के विवाह उत्सव पर भी इसी प्रकार जागरूकता अभियान चलाते हुए डस्टबीन वितरित कर स्वच्छता का संदेश दिया था। वधु दिव्या, निवासी सेक्टर-12 भिवानी, एवं वर सोमबीर, सुंदरपुर रोहतक, के विवाह समारोह में दूल्हे की माता निर्मला देवी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विवाह जैसे शुभ अवसर पर समाजहित का संदेश देकर इस परिवार और संस्थाओं ने यह साबित किया कि उत्सव केवल आनंद का नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का भी अवसर होता है ।



**भिवानीः दुल्हन को हेल्मेट व रिफ्लेक्टर देकर दिया वर और वधु पक्ष को सड़क सुरक्षा का संदेश देते आरोही एवं नव्या भारद्वाज।**

दिव्या ने कहा कि उन्हें बड़ी खुशी हुई है कि उन्होंने अपने विवाह उत्सव पर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। उन्होंने सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति भिवानी ने मेरे विवाह उत्सव पर यह अनूठी पहल शुरू की है। उन्होंने कहा कि वे वर पक्ष की तरफ से भी इस मुहीम को जारी रखेंगी और अपने पति सहित ससुराल पक्ष को भी सड़क सुरक्षा कानून व यातायात नियमों के लिए प्रेरित करेंगी।

गौरतलब है कि उपरोक्त संस्था द्वारा हरियाणा प्रदेश के जिला झज्जर और महेंद्रगढ़, हिसार, दादरी, जिंद , रोहतक , सोनीपत, राजस्थान के खाटू श्याम स्थल , चिड़ावा झुंझुनूं , भादरा , हनुमान गेट , गंगानगर , पोखरण , सीकर , सुजान गढ़ , डूंगरगढ़, चूरू , चंडीगढ़, दिल्ली, हैदराबाद, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड फरीदाबाद, गुरुग्राम, रेवाड़ी सहित अनेक स्थानों इस प्रकार के संदेश दिए गए हैं।

# भक्ति के रंग में रंगा मोहता फैक्ट्री परिसरः श्री कृष्ण की लीलाओं, कंस वध श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह कथा से सराबोर हुए श्रद्धालु

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 21 फरवरी : स्थानीय मोहता फैक्ट्री परिसर में इन दिनों भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। दिवंगत प्रेमकुमार गर्ग की छठी पुण्य स्मृति में गर्ग परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दिन छठे दिन को श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ा। कथा के इस पड़ाव पर वृंदावन से पधारे कथा वाचक श्रीश्री छबीले छैल बिहारी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं का मनमोहक वर्णन किया। कथा के छटे दिन का मुख्य आकर्षण कंस वध व श्रीकृष्ण विवाह था। श्री श्री छबीले छैल बिहारी महाराज ने कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं, वस्तु के नहीं। जब ब्रजवासियों ने अहंकार त्याग कर भगवान की शरण ली, तब स्वयं साक्षात नारायण ने उनकी रक्षा की। आज के युग में भी यदि मनुष्य अपने अहंकार को त्याग कर भक्ति के मार्ग पर चले, तो उसके जीवन के समस्त कष्टों का निवारण संभव है।





**लोग भक्ति भजनों पर झूमते और आनंद लेते नजर आए।**

महाराज श्री जी ने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह (छठा दिन) सबसे आनंदमयी प्रसंगों में से एक है। विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी, जो साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा थीं, ने नारद जी से कृष्ण के गुण सुनकर उन्हें पति रूप में स्वीकार किया। उनका भाई रुक्मी, शिशुपाल से विवाह कराना चाहता था, जिसके विरोध में रुक्मिणी ने ब्राह्मण के माध्यम से कृष्ण को संदेश भिजवाकर अपने मन की बात पहुचाई।

हरि हरण (हरणे): पत्र मिलने पर, कृष्ण कुण्डिनपुर पहुंचे और रुक्मिणी का हरण किया, जब वे गौरी पूजन के बाद लौट रही थीं।

रुक्मिणी का भाई रुक्मी शत्रुता के कारण युद्ध करने आया, लेकिन कृष्ण ने उसे हराया। रुक्मिणी के आग्रह पर उन्होंने रुक्मी का वध नहीं किया।

इस अवसर पर अशोक कुमार आई जी ,सी आई डी हरियाणा, भिवानी के विधायक घनश्याम सराफ, सीजेएम पवन कुमार,डा .बर्जपाल पप्पू, विजय टैनी, जय कुमार गुप्ता, डा.ओमपरकास मुंगीपा, अरुण शर्मा, अरुण शर्मा, डॉ कपिल शर्मा, नंदकिशोर अग्रवाल, डॉ आर बी गोयल, एडवोकेट अजय सर्राफ, सुरेन्दर जैन व हापुड, गोहाटी, सिरसा, हिसार, हांसी,गुरुगराम इत्यादि जगहो से भी श्रृध्दालु पधारे।

# श्रम विभाग हरियाणा की "सिलाई मशीन योजना" महिला कर्मकारों के लिए बड़ी सहायता

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 21 फरवरी (सुरेश जोरासिया) हरियाणा सरकार द्वारा श्रम विभाग में पंजीकृत महिला कर्मकारों के लिए एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के तहत महिला कर्मकारों को सिलाई मशीन खरीदने के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है, ताकि वे घर बैठे आय का साधन शुरू कर सकें और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें।

इस योजना के अंतर्गत महिला श्रमिक को अपने जीवनकाल में एक बार सिलाई मशीन की खरीद पर हुए खर्च के लिए अधिकतम 3500 रुपये तक की राशि प्रदान की जाती है। यह राशि सीधे सहायता के रूप में दी जाती है, जिससे लाभार्थी महिला सिलाई मशीन खरीदकर अपना छोटा व्यवसाय शुरू कर सके। सरकार का उद्देश्य है कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनें और रोजगार के लिए दूसरों पर निर्भर न रहें।

योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कुछ आवश्यक शर्तें निर्धारित की गई हैं। सबसे पहले, लाभार्थी को निर्धारित क्लेम फॉर्म–विशेष प्रपत्र-क्कमें आवेदन करना अनिवार्य है। बिना निर्धारित फॉर्म के आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, सिलाई मशीन की खरीद के लिए तिथि सहित वचन या प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि मशीन वास्तव में खरीदी गई है। पंजीकृत महिला श्रमिक केवल एक ही बार इस योजना का लाभ उठा सकती है।

श्रम विभाग की यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इससे न केवल महिलाओं को रोजगार का साधन मिलेगा, बल्कि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की आर्थिक उन्नति में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी। सरकार की यह योजना विशेष रूप से उन महिला कर्मकारों के लिए लाभकारी है, जो सीमित संसाधनों के कारण स्वयं का कार्य शुरू नहीं कर पातीं।

# हनुमान ढाणी आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। हनुमान ढाणी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं के सम्मान में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ



किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण, स्वच्छता और नियमित जांच के प्रति प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सुपरवाइजर प्रगति कुमारी ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच और सकारात्मक वातावरण बेहद आवश्यक है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं से इनका लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दर्शना देवी, अमर नगर टीबा बस्ती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण तथा कार्यकर्ता उर्मिला का विशेष योगदान रहा। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर उनका सम्मान किया तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गोद भराई की रस्म संपन्न कराई।

इस मौके पर विभा कुमारी, सोनू बाला, पूनम देवी, अंजलि, कमला, शील, रेशम, अंजली, सुमन, ललिता और सामाजिक कार्यकर्ता अंजू शर्मा सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु के संकल्प के साथ मातृ कल्याण का संदेश दिया।

# पुलिस ने चोरों के एक बड़े इंटर- जिला गैंग का पदार्फाश किया, गैंग में शामिल 03 महिलाओं समेत कुल 06 आरोपी गिरफ्तार: डॉ.प्रज्ञा जैन एस एस पी

**(पंजाब चीफ ब्यूरो दैनिक समाज जागरण)**

पंजाब/जैतो, 21 फरवरी : श्री गौरव यादव डीजीपी पंजाब के निदेशों पर, जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत बुरे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए, फरीदकोट पुलिस ने श्रीमती नीलाबरी जगदाले आई.जी. फरीदकोट रेंज के मार्गदर्शन में, चोरी करने वाले चोरों के एक बड़े इंटर- जिला गैंग का पदार्फाश करके एक बड़ी सफलता हासिल की है और उनके कब्जे से चोरी का कैश और हथियार भी बरामद किए गए हैं। यह जानकारी एस.एस.पी. फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मंगल सिंह उर्फ आकाश (निवासी फिरोजपुर), निर्मला देवी (निवासी फिरोजपुर), रीटा रानी (निवासी फाजिल्का), पप्पू सिंह उर्फ तोती (निवासी फाजिल्का), सीता रानी (जिला फिरोजपुर) और वीर सिंह उर्फ वीरू (निवासी फिरोजपुर) के रूप में हुई है। पुलिस पार्टी ने आरोपियों से 2.20 लाख रुपए और एक चोरी की हुई .32 बोर की रिवॉल्वर भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार, 7 फरवरी को जैतो स्थित तेल फैक्ट्री से 15 लाख 50 हजार रुपये नकद, एक रिवॉल्वर .32 बोर और कुछ जरूरी दस्तावेज चोरी होने की सूचना मिली थी। इस संबंध में जैतो थाने में धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मुकदमा नंबर 29 तारीख 07.02.2026 दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई थी। जिस दौरान श्री जोगेश्वर सिंह गोराया एसपी (जांच) फरीदकोट के मार्गदर्शन और श्री इकबाल सिंह डीएसपी जैतो और श्री अवतार सिंह डीएसपी (जांच) फरीदकोट की देखरेख में जैतो पुलिस स्टेशन और सीआईए स्टाफ की विशेष टीमों का गठन किया गया और दोषियों की तलाश शुरू की गई। जिस दौरान तकनीकी इनपुट और मानव खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, इसमें शामिल मंगल सिंह उर्फ आकाश (फिरोजपुर के निवासी), निर्मला देवी (फिरोजपुर की निवासी), रीटा रानी



(फाजिल्का की निवासी) को 20 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद इसमें शामिल 03 अन्य आरोपियों पप्पू सिंह उर्फ तोती (फाजिल्का के निवासी), सीता रानी (जिला फिरोजपुर) और वीर सिंह उर्फ वीरू (फिरोजपुर के निवासी) को भी 21 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान, आरोपियों से जैतो की फैक्ट्री से चोरी किए गए 2 लाख 20 हजार रुपये और एक चोरी की .32 बोर की रिवॉल्वर भी बरामद की गई। ररढ फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि यह चोरों का एक गैंग था, जो पंजाब के अलग-अलग जिलों में चोरी करता था। इस गैंग में शामिल महिलाएं दिन में फैक्ट्रियों, दुकानों और घरों की जासूसी करती थीं, जिसके बाद रात में अपराधी चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। उन्होंने बताया कि इस मामले की दिलचस्प बात यह थी कि यह गैंग इतना शातिर था कि जांच को गुमराह करने के लिए उन्होंने जानबूझकर चोरी के दौरान कैमरे में अपने मोबाइल फोन इस्तेमाल करने का नाटक किया, जो असल में एयरप्लेन मोड पर रखे हुए थे। इसके अलावा, आरोपियों ने अपने बाएं पैर में दिव्यांग होने का नाटक करके जांच को भटकाने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि शुरूआती पूछताछ में पता चला है कि यह गैंग पहले फिरोजपुर और मोगा जिलों में चोरी कर चुका है। इसके अलावा, जैतो में चोरी की घटना के दौरान इस्तेमाल की गई गाड़ी भी उन्होंने फिरोजपुर से ही चुराई थी। इसके साथ ही, वे जैतो में मौजूद एक और फैक्ट्री में चोरी करने की प्लानिंग कर रहे थे। जब इनका क्रिमिनल रिकॉर्ड चेक किया गया तो पता चला कि इस गैंग में शामिल मंगल सिंह उर्फ आकाश के खिलाफ पहले से ही 02 केस दर्ज हैं। एस.एस.पी. फरीदकोट ने बताया कि फरीदकोट पुलिस की टीमों ने दोषियों को पकड़ने के लिए कड़ी मेहनत दिखाते हुए अलग-अलग रास्तों से करीब 120 किलोमीटर पैदल चलकर अलग-अलग पुलिस स्टेशनों और सी.सी.टी.वी. कैमरों को चेक किया। इस दौरान जैतो में नए प्रोजेक्ट के जरिए सी.सी.टी.वी.कैमरों की मदद से चोरी के दौरान इस्तेमाल की गई गाड़ी का नंबर ट्रेस करने में मदद मिली। एस.एस.पी. फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि इस गैंग में शामिल दूसरे दोषियों को पकड़ने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है और उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके अलावा, गिरफ्तार किए गए दोषियों को माननीय कोर्ट में पेश करके रिमांड हासिल किया जा रहा है। रिमांड हासिल करने के बाद दोषियों से और पूछताछ की जाएगी। इस दौरान उनसे और भी अपराधियों का पता लगने की उम्मीद है। फरीदकोट पुलिस बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी और पक्के इरादे से निभा रही है। जिले के लोगों की सुरक्षा सबसे जरूरी है, और इसी मकसद से फरीदकोट पुलिस बुरे लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाती रहेगी।

# फिरोजपुर मंडल में टीटीई की तत्परता से बची एक रेलयात्री की जान

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,21 फरवरी : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा शनिवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि 20 फरवरी को ट्रेन संख्या 14622 (फिरोजपुर कैंट-हजूर साहिब नांदेड़) में यात्रा कर रहे एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ जाने पर टिकट चैकिंग स्टाफ की सूझबूझ एवं त्वरित कार्रवाई से समय पर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई गई। एक यात्री कोच ए-1 में सीट संख्या 40 पर अपने परिवार के साथ फिरोजपुर कैंट से हजूर साहिब नांदेड़ की यात्रा कर रहे थे। जाखल स्टेशन से ट्रेन के प्रस्थान के पश्चात यात्री को अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात टीटीई श्री दयानंद यादव ने तुरंत प्राथमिक कार्रवाई करते हुए चिकित्सक से संपर्क किया। चिकित्सक के परामर्श के अनुसार आवश्यक दवाइयाँ तत्काल अपने निजी व्यय से उपलब्ध करवाईं। इसके अतिरिक्त, अगले स्टेशन पर आवश्यकता पड़ने पर एंबुलेंस की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई ।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि टीटीई श्री दयानंद यादव द्वारा समय पर दिखाई गई सूझ-बूझ एवं त्वरित चिकित्सीय सहायता से एक यात्री की जान बच सकी, जो रेलकर्मियों की कर्तव्यपरायणता एवं मानवीय मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# अमृतसर में सैनी समाज ट्रस्ट की वेबसाइट लॉन्च, सीएम नायब सैनी ने किया शुभारंभ

## — बोलेः डिजिटल प्लेटफॉर्म से समाज की गतिविधियों को मिलेगा नया विस्तार

**समाज जागरण ब्यूरो**

अमृतसर, 21 फरवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अमृतसर में सैनी समाज ट्रस्ट द्वारा आयोजित समारोह में ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में देश और हरियाणा निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म समाज की गतिविधियों, सूचनाओं और कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनेगा। इससे समाज के लोगों को एकीकृत मंच मिलेगा और पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

सरकार की प्राथमिकताः युवा, किसान और महिलाएं

नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने सरकार की प्रमुख जनहितकारी पहलें गिनाते हुए बताया कि–






किडनी रोगियों को निशुल्क डायलिसिस सुविधा दी जा रही है

1.80 लाख रुपये तक आय वाले परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है

लाडो लक्ष्मी योजना के तहत लाभार्थियों के खातों में सीधे राशि हस्तांतरित की जा रही है

किसानों के लिए सोलर ट्यूबवेल योजना लागू की गई है

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।

समाज से सामूहिक सहयोग की अपील मुख्यमंत्री ने सैनी समाज और प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वे मिलकर क्षेत्र को मजबूत और अग्रणी बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# हरियाणा से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य अमीर सिंह रसीदां के निधन पर शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष धामी ने दुख जताया

**(रघुनंदन पराशर चीफ ब्यूरो पंजाब दैनिक समाज जागरण)**

जैतो, 21 फरवरी : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने हरियाणा से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य अमीर सिंह रसीदां के निधन पर गहरा दुख जताया है। एडवोकेट धामी ने कहा कि अमीर सिंह रसीदां ने लंबे समय तक शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य के तौर पर सेवा की और धर्म के प्रचार-प्रसार में बड़ा योगदान दिया। उन्होंने कहा कि अमीर सिंह के निधन से परिवार और सिख संगठन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को भी बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। एडवोकेट धामी ने अमीर सिंह रसीदां के परिवार के साथ दुख साझा किया और भगवान से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में शांति दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दें। इस



बीच, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सीनियर उप प्रधान रघुजीत सिंह विर्क, जूनियर उप प्रधान बलदेव सिंह कल्याण, जनरल सेक्रेटरी शेर सिंह मंडवाला, चीफ सेक्रेटरी कुलवंत सिंह मनन और अंतरिम मेंबर बलदेव सिंह कायमपुर ने भी अमीर सिंह रसीदां के असमय निधन पर दुख जताया और परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जाहिर कीं।

# आयोजित परपल प्रतियोगिता में देवांश राजपूत ने बनाया अपना अब्बल स्थान

**समाज जागरण**

कटनी /उपगरीय क्षेत्र न्यू कटनी जंक्सन के जैन कॉलोनी स्थित दा रायल पाँम पब्लिक स्कूल में आयोजित परपल डे प्रतियोगिता में केजी वन का होनहार छात्र देवांश सिंह राजपूत ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आयोजित परपल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।नर्सरी से लेकर केजी टू तक के इस विद्यालय में अध्य यनरत नवनिहालों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय प्रबंधन द्वारा छोटे छोटे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने हेतु तरह तरह की आकर्षक प्रतियोगितायें, आये दिन विद्यालय में आयोजित करके नन्हें मुन्हे बच्चों का हौसला बढ़ाते रहते हैं ।इसी कड़ी में सप्ताह के सभी दिनों को कलरडे के रूप में



निर्धारित कर बच्चों को उक्त तिथि में उसी अनुरूप वेशभूषा , साज सज्जा, पाठन पाठन, खान पान और उनके आचरण को शामिल कर बच्चों की भरपूर तैयारीऔर सक्रिय रूप से भागीदारी का निष्पक्ष आँकलन कर उनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित कर,पुरुस्कार दिया गया।इस अवसर पर छोटे छोटे बच्चों द्वारा नृत्य,गायन प्रस्तुत करने सहित उन्हें मंच में बुलाकर मंच साझा करने का शुभ अवसर भी विद्यालय परिवार द्वारा प्रदान किया गया ।शाला में समय समय पर आयोजित होने वाले कार्यकमों पर अभिभावकों द्वारा विद्यालय प्रबंधक श्रीमती रजनी मिश्रा और जुगल मिश्रा सहित कार्यरत सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए,इस तरह की गतिविधियों को बालकेंद्रित हित की संज्ञा से नवाजे । इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों और संस्था संचालकों के मध्य की दूरी एक परिवारिक रूप में तब्दील होते हुए देखी गयी।

# मृत भालू के नाखून काटने के तीन आरोपी सामग्री मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर/अनूपपुर नगर से 10 किलोमीटर दूरी स्थित लखनपुर गांव के जंगल में 15 दिन पूर्व मृत भालू के शरीर से नाखून काटकर ले जाने वाले तीन आरोपियों को वन विभाग द्वारा नाखून,टांगिया एवं मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया।



घटना के संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर स्वर्ण गौरव सिंह ने बताया कि 19 फरवरी की रात मुखबिर से सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र अनूपपुर के अगरियानार बीट अंतर्गत लखनपुर गांव से लगे जंगल में पत्थरों की गुफा के नीचे वन्यप्राणी भालू विगत 15 दिनों के लगभग से प्राकृतिक कारणों से मृत स्थिति में रहा जिसके शरीर के अंगों को जंगली जानवरों द्वारा खा कर जंगल में ले गए रहे इसी बीच लखनपुर गांव के कुछ लोगों को भालू के मृत में पड़े होने की सूचना पर आरोपियों द्वारा भालू के एक पैर के नाखून टांगी से काट कर एवं भालू के बाल को अपने साथ ले गए रहे मुखबिर से घटना की सूचना मिलने पर वन मंडलाधिकारी अनूपपुर डेविड ब्यंक टराव चनाप,एसडीओ वन अनूपपुर प्रीतेश पखाले को जानकारी दिए जाने एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर खोजबीन करने दौरान तीन आरोपी जगदीश पिता जयसिंह नायक 48 वर्ष,राजेंद्र पिता जेठू कोल 35 वर्ष दोनों निवासी घोघराटोला एवं दीप नारायण पिता मोतीलाल कोल 43 वर्ष निवासी लखनपुर तीनों कोतवाली थाना अनूपपुर के द्वारा मृत भालू के नाखूनों एवं बाल को काटकर अपने साथ ले जाने पर पूछताछ कर काटे गये नाखून,नाखून काटने वाला औजार टांगी एवं एक प्लेंटीना मोटरसाइकिल जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 4902/24 वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गुरुवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान डांग स्कार्ट से स्थल का परिक्षण कराते हुए आरोपियों की खोजबीन की गई

तथा पशु चिकित्सक सचिन समैया से मृत भालू के शव का परीक्षण/ निरीक्षण कराया गया,वन अपराध की कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक अनूपपुर विजय कुमार सोन वानी, परिक्षेत्र सहायक किरर रिचर्ड रेगी राव कार्य,वनपाल जगत सिंह मसराम,वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल,वनरक्षक लोमन प्रसाद बैगा,हरिनारायण पटेल, राजीव पटेल,नर्मदा पटेल,अखिलेश सिंह ,दिनेश रौतेल,मोह,रहीस खान, श्रीमती रामसखी पटेल,श्रीमती उमा बैगा ने उल्लेखनीय भूमिका अदा की हैं।

# तेजस्विनी की कार्यकारिणी गठित।

**समाज जागरण**

कर्मनिष्ठा फाउंडेशन के पैरलल विंग तेजस्विनी की प्रथम बैठक संपन्न हुई जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया गया साथ ही साल भर किये जाने वाले कार्यक्रमों एवं गतिविधियों पर विधिवत चर्चा की गई।

फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. प्रियंका त्रिपाठी ने बताया कि तेजस्विनी में प्रथमतः छह प्रकोष्ठ बनाये गये हैं जिनमें संयोजक और सहसंयोजक नियुक्त किये गये।

साहित्यिक प्रकोष्ठ की संयोजक- ज्योतिका श्रीवास्तव, सह संयोजक- सविता सोनी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में



नृत्य विधा की संयोजक- नीतू साहा, सह संयोजक- शालिनी शुक्ला गायन विधा में संयोजक- वसुधा मिश्रा सह संयोजक-अंजली वाजपेयी एवं तृप्ति सेठ, सामाजिक प्रकोष्ठ में संयोजक- शोभना वशिष्ठ सह संयोजक- प्रेरणा निगम, पर्यावरण प्रकोष्ठ में संयोजक- शेफाली शर्मा सह संयोजक- रंजना मिश्रा, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ में संयोजक- सुगंधिता सराफ सह संयोजक- डॉ.झलक गांधी एवं शिल्पा अग्रवाल, खेलकूद प्रकोष्ठ में संयोजक- सस्मिता जयसवाल, सह संयोजक- सविता यादव को ज़िम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में अर्चना श्रीवास्तव, एकता श्रीवास्तव, वर्षा साहू, श्रद्धा श्रीवास्तव, ज्योति गुप्ता, जगजीत कौर, निर्मल बग्गा, ममता मिश्रा, अरुणा सोनी एवं ज्योति मिश्रा उपस्थित रहीं।

तेजस्विनी के द्वारा वर्ष भर किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में मंच संचालन की ज़िम्मेदारी ज्योति मिश्रा एवं सविता सोनी को सौंपी गई।

डॉ. प्रियंका ने यह भी बताया कि तेजस्विनी के द्वारा सभी प्रकोष्ठों में निरंतर कार्यक्रम और गतिविधि संचालित की जायेगी और महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई तरह के नवाचार करने का प्रयास किया जायेगा जैसे कोई महिला अपना छोटा-मोटा बिजनेस करना चाहती है तो उसे उस दिशा में गाइड करने का प्रयास किया जायेगा साथ ही बिजनेस करने के लिये उसे आवश्यक संसाधन भी तेजस्विनी के द्वारा ही उपलब्ध कराये जायेंगे। महिलाओं के अंदर दबी छुपी प्रतिभाओं को निखारने का कार्य भी तेजस्विनी के द्वारा किया जायेगा।

बैठक के अंत में डॉ. प्रियंका ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा दिये गये सुझावों की सराहना की ।

## 35 प्रभु जी के बाद अब 22 फरबरी को होगी गुरु जी की भव्य आगवानी।

**समाज जागरण**

बुढार। आगामी 25 फरवरी से 2 मार्च तक नगर में होने जा रहे श्री मज्जिनेंद्र पंच कल्याणक महोत्सव 2026 को साविधि पूर्वक सम्पन्न कराने पूज्य राष्ट्रीय संत आचार्य श्री विद्या सागर जी के परम शिष्य ,प्रखर वक्ता, गुणायतन प्रणेता ,भावना योग प्रवर्तक मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी की भव्य आगवानी 22 फरवरी दिन रविवार को प्रातः 8.00 कॉलेज तिराहा में होने जा रही है जैन समाज के प्रसन्न जैन दीपू ने बताया कि इस हेतु नगर को सजाया जा रहा है , पूज्य गुरुदेव की आगवानी को



उत्सुक जैन समाज , श्री विद्या सागर युवसंगठन, महिला मंडल,त्रिशला मंडल, जागृति मंडल, स्तुति मंडल, आचार्य शांति सागर पाठशाला मंडल, सहित विभिन्न समुदायों, सामाजिक संगठनों द्वारा विशेष आगवानी की रूप रेखा बनाई गई है, पूज्य गुरुदेव का 21 तारीख की करकटी ग्राम में रात्रि विश्राम होगा । 22 फरबरी को प्रातः 8 बजे कॉलेज तिराहा श्री वासुपूज्य जैन मंदिर से आगवानी जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ रेलवे स्टेशन के निकट नवीन जैन मंदिर परिसर में आहुत होगा। जैन समाज ने सभी वर्गों से स्वागत की अपील की है

## शांति और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी को मानद उपाधि (डॉक्टरेट) से सम्मानित किया जाएगा।

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज/लखनऊ,शांति और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी को मानद उपाधि (डॉक्टरेट) से सम्मानित किया जाएगा। भारत वैयुर्चुल विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें आजीवन उपलब्धि सम्मान भी प्रदान किया जाएगा।विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी आधि कारिक पत्र में बताया गया है कि श्री तिवारी के सामाजिक, शैक्षिक एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों का मूल्यांकन समिति द्वारा गहन परीक्षण किया गया। समिति ने उनके योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उन्हें उनके विशेष क्षेत्र में मानद उपाधि प्रदान करने की संस्तुति की है। इसके



उपरांत विश्वविद्यालय ने औपचारिक आमंत्रण पत्र भेजकर उन्हें सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार समारोह में श्री तिवारी अपने परिवार के सदस्यों एवं सहयोगियों के साथ शामिल होंगे। कार्यक्रम में शिक्षा जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति भी संभावित है।गौरतलब है कि पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी लंबे समय से क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार, सामाजिक समरसता और शांति स्थापना के लिए सक्रिय रहे हैं। उनके प्रयासों से कई शैक्षिक एवं सामाजिक पहल को मजबूती मिली है, जिसका लाभ स्थानीय लोगों को निरंतर प्राप्त हो रहा है।इस सम्मान की खबर मिलते ही मोहनलालगंज सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बताते हुए श्री तिवारी को बधाई दी है। लोगों का कहना है कि यह सम्मान न केवल श्री तिवारी के व्यक्तिगत योगदान की पहचान है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान और प्रेरणा का विषय है।

# विधायक फुंदेलाल सिंह के आहवान पर जिला कांग्रेस ने किया रेल रोको आंदोलन

**समाज जागरण**

वेंकटनगर, निगौरा रेलवे स्टेशन में यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को के आहवान पर जिला कांग्रेस ने क्षेत्र वासियों के साथ वेंकटनगर स्टेशन में किया रेल रोको आंदोलन, लगातार प्रदर्शन के बाद, रेलवे ने दिया लिखित आश्वासन



पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वेंकटनगर और निगौरा रेलवे स्टेशन में कोरोना काल के बाद बंद यात्री ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग लगातार स्थानीय व आसपास के ग्राम वासियों द्वारा की जा रही है परंतु आज दिनांक तक कोरोना काल से बंद यात्री ट्रेनों का स्टॉपेज पुनः चालू नहीं किया गया। क्षेत्र वासियों ने अपनी मांग क्षेत्रीय विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को के समक्ष रखी जिसे गंभीरता से लेते हुए विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को द्वारा रेलवे प्रशासन से लगातार 3 महीने से वेंकटनगर और निगौरा रेलवे स्टेशन में बंद यात्री ट्रेनों के स्टॉपेज को पुनः चालू मांग की जा रही है, जिसके संबंध में कई बार मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर के नाम ज्ञापन सौंप गया है। परंतु लगातार मांग के बाद भी वेंकटनगर और निगौरा रेलवे स्टेशन में ट्रेन ठहराव को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने पत्र के माध्यम से रेलवे प्रशासन को एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान ने स्थानीय प्रशासन कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को पत्र के माध्यम से रेल रोको आंदोलन का अल्टीमेटम भी दिया गया लेकिन फिर भी ट्रेन ठहराव के लिए ना ही कोई लिखित आश्वासन व ना ही कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। दिए गए अल्टीमेटम अनुसार आज दिनांक 21 फरवरी को पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को के आहवान पर जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर द्वारा वेंकटनगर रेलवे स्टेशन में रेल रोको आंदोलन किया गया। रेल रोको आंदोलन की पूर्व में प्राप्त सूचना के अनुसार वेंकटनगर में आज सुबह से पुलिस प्रशासन और रेलवे सुरक्षा बल भारी संख्या में तैनात रहा जिससे पूरा वेंकटनगर आज छावनी में तब्दील हो गया। रेल रोको आंदोलन के तहत विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान के अगुवाई में जैसे कांग्रेसजन व स्थानीय जन ट्रेन रोकने के लिए आगे बढ़ने लगे तभी भारी संख्या में तैनात पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों ने घेराबंदी कर उन्हें वेंकटनगर चौराहे पर रोक दिया,

जिसके बाद आंदोलनकारी चौराहे पर ही धरने पर बैठकर जमकर नारेबाजी करते हुए डटे रहे। कुछ घंटे बीत जाने के बाद रेलवे प्रशासन का एक दल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के साथ पहुंचा और लिखित में 2 माह के भीतर 20 अप्रैल तक मांग अनुसार यात्री ट्रेनों के स्टॉपेज वेंकटनगर और निगौरा रेलवे स्टेशन में पुनः चालू करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने कहा कि अगर 20 अप्रैल तक यात्री ट्रेन का स्टॉपेज पुनः चालू नहीं किया जाता तो 21 अप्रैल को हम पुनः रेल रोको आंदोलन करेंगे और आज यहां उपस्थित सभी अधिकारी इसे अभी से हमारी सूचना माने, क्योंकि अगर मांग पूरी नहीं हुई तो वेंकटनगर से निगौरा के बीच कहीं पर भी रेल रोको आंदोलन किया जा सकता है इसलिए आप सभी से निवेदन है कि दिए गए आश्वासन अनुसार मांगों को पूरा किया गया। इस मौके पर वर्तमान, पूर्व जनप्रतिनिधिगण, जिला कांग्रेस के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारीगण, मोर्चा संगठन जिलाध्यक्ष, विभाग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष, ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर पदाधिकारीगण, सरपंच, पंच, के साथ भारी संख्या में आमजन उपस्थित रहें।

## पीजीआई क्षेत्र के अंतर्गत तेलीबाग में सनातन धर्मावलंबियों द्वारा भगवान श्याम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ किया गया।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

पीजीआई क्षेत्र के अंतर्गत तेलीबाग में सनातन धर्मावलंबियों द्वारा भगवान श्याम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ किया गया। शोभायात्रा की शुरूआत तेलीबाग बाजार स्थित प्राचीन वरदानी हनुमान मंदिर से हुई, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्याम भक्तों ने निशान लेकर यात्रा प्रारंभ की।यात्रा में क्षेत्रीय सभासद केएन सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उनके साथ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा के दौरान भक्तों द्वारा ह्लजय श्री श्यामह्व के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्याम निशान लिए श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए लगभग 10 किलोमीटर तक नगर भ्रमण करते रहे।कार्यक्रम की अगुवाई श्याम भक्त अमन कपूर, रेनू कपूर,





चंदन, श्याम, राहुल, बबलू, अदिति एवं पूजा ने की। आयोजन को सफल बनाने में इनकी विशेष भूमिका रही। इसके अलावा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों सहित स्थानीय व्यापारियों ने भी शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी सहभागिता दर्ज कराई।शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। विशेष रूप से वरदानी हनुमान मंदिर पर गुलाब के फूलों और इत्र से श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। वहीं डिफेंस कॉलोनी के निवासियों ने भी बाबा श्याम की शोभायात्रा का भव्य स्वागत कर अपनी आस्था प्रकट की।पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था भी सुचारु रूप से संचालित रही। श्रद्धा, उत्साह और भक्ति से ओत-प्रोत इस शोभायात्रा ने तेलीबाग क्षेत्र को आध्यात्मिक माहौल से सराबोर कर दिया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा।

# मांगों को लेकर 25 को जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करेगा एनएफआईटीयू और एच एम केपी : राकेश मणि

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नेशनल फ्रन्ट ऑफ इण्डियन ट्रेड यूनियन्स और हिन्द मजदूर किसान पंचायत अब आर पार की लड़ाई लड़ने जा रहा है। वह इसके लिए 25 फरवरी से देश के हर जिला मुख्यालय और श्रम कार्यालयों पर भी धरना और प्रदर्शन करेगा।

मांगे अभी तक नहीं पूरी किए जाने के फल स्वरूप विरोध दिवस के रूप में इस आंदोलन की यह शुरूआत भारतीय मजदूर संघ के प्रमुख घटक 18 केंद्रीय महा संगठन व स्वतंत्र संगठन वाले एनएफआईटीयू के आवाहन पर की जा रही है।

यह जानकारी देते हुए एन एफ आईटीयू और हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव तथा यूपी के महासचिव राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि 25 फरवरी को पूरे देश में प्रदर्शन रैली, काले फीते युक्त रैली करते हुए जिलाधिकारी और श्रम कार्यालयों में उनके माध्यम से प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्री व राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपने के साथ-साथ तत्काल निराकरण के लिए मांग की जायेगी।

एनएफआईटीयू और हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव तथा यूपी के महासचिव राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि सभी को बिना किसी छूट के सभी कर्मचारियों के लिए बने श्रम कानूनों को कठोरता व एकरूपता से लागू किए जाने, इण्डस्ट्रीयल रिलेशन कोड और अकूपेशन सेफ्टी हेल्थ एण्ड वर्किल कण्डीशन कोर्ट में श्रमिकों की चिन्ताओं को दूर किये जाने, इण्डिया लेबर कन्क्रेन्स तुरन्त बुला कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए त्रिपक्षीय वार्ता पुर्नस्थापित और



उनकी संस्तुतियों को कठोरता व समुचित रूप से लागू किये जाने, सभी कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन हर 05 वर्ष में निश्चित वेतन वृद्धि सुनिश्चित करने के साथ ही छः माह में मिलने वाले महंगाई भत्ते को शत प्रतिशत बढ़ाये जाने, भविष्यनिधि में सभी सदस्यों को न्यूनतम पेंशन रू0 7500/- मासिक निर्धारित करने के साथ ही10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि अनिवार्य रूप से सम्मिलित किये जाने, सार्वजनिक क्षेत्र, संयुक्त क्षेत्र व निजी क्षेत्रों के कर्मचारियों को अवशेष भुगतान क्षतिपूर्ति सहित दिलाने, सभी क्षेत्रों में बैंकिंग सहित 05 दिन का कार्य दिवस घोषित किये जाने, बोनस के लिए वेतन सीमा समाप्त करने के साथ ही सम्पूर्ण प्राप्त वेतन का 01 माह का न्यूनतम पूरा पूरा वेतन बोनस के रूप में दिये जाने, न्यूनतम बोनस रू0 25000/- किए जाने,भारतीय संविधान और सिद्धांतों के मुताबिक के मुताबिक स्कीम वर्कस और कान्टेक्ट वर्कर को रेग्युलर किये जाने, सभी श्रम न्याया लयों में स्थायी पीठासीन अधि कारियों, सहायकों और कर्मचारियों के रिक्त स्थानों की पूर्ति करते हुए समयबद्ध सीमा के अन्तर्गत निर्णय कराये जाने,

सभी आम भर्तियों पर रोक हटाकर नौकरी की सुरक्षा के साथ-साथ रोजगार की गारण्टी देने, टॉवर कर्मचारियों और इसी तरह से काम करने वाले विशेष कर्मचारियों के लिए सुरक्षा वेतनमान पर कठोर नियमावली बनाने, ठेकेदारी व सब ठेकेदारी समाप्त करने, पूरे देश में एक समान वेतन व नियमावली लागू करने, भारत व राज्य सरकार की समस्त कमेटियों में श्रमिको को प्रतिनिधित्व देने ,पूरे देश में नेशनल वेज पालिसी बनाने, सभी संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को एक समान कार्यवेतन सुविधा, अवकाश, ओवरटाइम और अन्य श्रम कानूनों का लाभ एक समान निर्धारिण और लागू आदि किए जाने को लेकर

यह आंदोलन कब तक चलता रहेगा जब तक कि श्रमिक मजदूरों के हित में सभी मांगे पूरी नहीं कर दी जाएंगी।

# देव स्थल बाबा बरगदिहा तक नहीं बना तो किसान करेंगे प्रदर्शन

**समाज जागरण संवाददाता निगोहां**

लखनऊ नगराम थाना क्षेत्र के अमवा मुर्तजापुर मजरा खरगीपुर से देवस्थल बाबा बरगदिहा तक जाने वाला लगभग 500 मीटर का कच्चा मार्ग आजादी के बाद से ही अपनी बदहाली झेल रहा है ग्रामीणों ने कई बार मोहनलालगंज ब्लॉक तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से इस रास्ते को पक्का कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई देवस्थल तक जाने वाला यह मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है। यहां आने-जाने वाले श्रद्धालु, ग्रामीण किसान तथा स्कूली बच्चे आए दिन फिसलकर गिरते हैं और चोटिल हो रहे हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है।इस गंभीर समस्या को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल वर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने शनिवार को मोहनलालगंज तहसील



दिवस में खंड विकास अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी। मांग पत्र में खगीपुरवा से देवस्थल बाबा बर गदिहा दास की कुटी तक कच्चे मार्ग पर खड़ंजा लगवाने तथा सिरौना ड्रेन की सफाई कराने की मांग की गई है।खंड विकास अधिकारी, मोहन लालगंज ने जल्द ही कच्चे रास्ते पर खड़ंजा लगाने का आश्वासन दिया है। वहीं सिरौना ड्रेन की सफाई के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रपत्र भेजा गया है। अधिकारियों के अनुसार जिला स्तर से कार्रवाई कराते हुए मई-जून माह में हर हाल में सिरौना ड्रेन की सफाई कराई जाएगी।किसान नेता हरिपाल वर्मा ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र के किसान अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# चोपन पुलिस की बड़ी कार्रवाई: ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ चलाया सघन चेकिंग अभियान

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के कुशल निर्देशन में शनिवार को चोपन पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया।

बैरियर पर सघन जांच

चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चोपन बैरियर पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों को रोककर 'ब्रेथ एनालाइजर' के माध्यम से चालकों की जांच की गई। पुलिस की इस अचानक कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

नशे में धुत चालकों पर गिरी गाजः अभियान के दौरान कई ऐसे चालक पकड़े गए जो मदिरा (शराब) का



सेवन कर वाहन चला रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों का मौके पर ही चालान काटा गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को सख्त चेतावनी दी गई। यातायात सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

थाना प्रभारी का संदेशः "सड़क सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। शराब पीकर गाड़ी चलाना न केवल चालक के लिए बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य निर्दोष लोगों के लिए भी जानलेवा है। यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।"

पुलिस प्रशासन ने आम जनमानस से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और नशे की हालत में वाहन न चलाएं। पुलिस की इस कार्रवाई की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की है, क्योंकि इससे सड़क हादसों में कमी आने की उम्मीद है।

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत एकदिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**उपेन्द्र कुमार तिवारी तहसील संवाददाता/ समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। दुद्धी ब्लाक परिसर में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जीपीडीपी/ डीपीडीपी एवं बीपीडीपी विषय पर ग्राम प्रधान पंचायत सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिव सहित सदस्यों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया जिस गांव में किस तरीके से विकास हो सकता है और गांव की आय कैसे बढ़ सकती है आदि चीजों को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण दुद्धी विकासखंड परिसर प्रशिक्षण में आए हुए मास्टर ट्रेनर के द्वारा ट्रेनिंग दी गई जिसमे ट्रेनिंग



में सभी ग्राम पंचायत कर्म योंगियो को प्रशिक्षण प्राप्त हुआ, इस मौके पर संजू कुशवाहा मास्टर ट्रेनर, विकास शर्मा मास्टर ट्रेनर, भास्कर प्रसाद, खंड सहायक अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील श्रीवास्तव अरुण वर्मा अरुण यादव अनीशसिंह सुधीर सिंह आशा यादव सहित विभिन्न गांव के ग्राम प्रधान सदस्य गण पंचायत सहायक एवं एजेंसी इंटीको प्राइवेट लिमटेड सादिक अंसारी, गुलशन पटेल, अजय मौर्या, सूर्यकांत, विवेक मिश्रा दिवाकर मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

## बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न।

### एस एम सी अध्यक्ष का किया गया स्वागत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। विकासखंड सेवापुरी के सभागार में बेसिक शिक्षा द्वारा संचालित सेवापुरी के समस्त परिषदीय प्राथमिक विद्यालय और कंपोजिट विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक एवं अनुदानित विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सचिव के एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक मिश्रा और विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी सेवापुरी राजेश कुमार सिंह शामिल हुए। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव द्वारा किया गया और विषय स्थापना के क्रम में यह बताया गया यह प्रशिक्षण विद्यालय के प्रति सामुदायिक अपनत्व की भावना और निगरानी के लिए प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सचिव और सदस्यों को विद्यालय स्तर पर उन्मुख करने के लिए आयोजित किए गए हैं तदोपरांत इस प्रशिक्षण का उद्घाटन मुख्य अतिथि के उद्बोधन से किया गया जिसमें उन्होंने आदर्श ब्लॉक की संचालित विद्यालयों में शिक्षा को जन आंदोलन बनाने के लिए यह प्रशिक्षण कारगर साबित होगा सरकार के नीतियों का अपने विद्यालय में क्रियान्वयन कर भविष्य का निर्माण में विद्यालय की भूमिका को सुनिश्चित करेंगे इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ने यह बताया कि यह प्रशिक्षण विद्यालय में आपकी क्या-क्या भूमिका हो सकती है इसे सुनिश्चित कराएगी आप अपने गांव की विद्यालय को उन्नत बनाने के लिए प्रयत्नशील रहे जहां तक विकासखंड के स्तर पर जो भी बातें आएंगे उसका निदान हमारे स्तर पर किया जाएगा। प्रशिक्षण को पीएलसी सदस्य डॉ.शिवकुमार मिश्र डॉ. आलोक कुमार त्रिपाठी, संजय गिरी एवं अनिल मिश्रा ने सत्र-वाइस हस्त पुस्तिका में अंकित सभी विषयों पर विस्तार से उनके समक्ष चर्चा किए प्रतिभागियों ने भी इसमें अपने विद्यालय के विषय में वर्णन करते हुए प्रशिक्षण को ग्रहण किये।






## सीएम योगी ने जिले के 11584 कृषकों को क्षतिपूर्ति बैंक खाते में भेजी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। । लखनऊ से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों से कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व तथा आपदा विभाग के माध्यम से संचालित बीमा योजनाओं के लाभार्थी किसानों को वन क्लिक डी बी टी के माध्यम से शनिवार को क्षतिपूर्ति प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम की प्रतिकूल परिस्थिति होने पर खरीफ 2025 के अन्तर्गत 11584 कृषकों को रू0-42626375.00 की क्षतिपूर्ति कृषकों के बैंक खाते में भेजी गयी है तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत कुल 40 लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी 5 लाख रुपए, कुल 2 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गयी है। जनपद स्तर के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण आयुक्त कार्यालय सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसी के साथ-साथ जनपद के तहसील एवम् विकास खण्ड स्तर पर भी कार्यक्रम का लाईव प्रसारण कराया गया। जिसमें भारी संख्या में लाभार्थी कृषक उपस्थित रहे। जनपद स्तर के कार्यक्रम में लाभार्थी कृषकों सहित परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण/प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार नायक, मुख्य राजस्व अधिकारी अजीत परेश, जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह, सांख्यिकीय अधिकारी मुकेश कुमार यादव, अपर सांख्यिकीय अधिकारी गंगेश कुमार सिंह,खंड विकास अधिकारी सेवापुरी राजेश कुमार सिंह,फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिन कृषकों द्वारा रबी 2025 के अन्तर्गत अपनी फसल का बीमा कराया गया है, मौसम की प्रतिकूल परिस्थिति यथा-रोगों, कीटों से क्षति, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना, बिजली गिरने से क्षति तथा फसल कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिन की अवधि तक खेत में सुखाई हेतु रखी हुई फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, बेमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान की स्थिति में कृषक भाई हेल्पलाइन नम्बर-14447 अथवा जिला कृषि अधिकारी/उप कृषि निदेशक कार्यालय में फसल क्षति के 72 घण्टे के अन्दर सूचित करें, जिससे योजनान्तर्गत नियमानुसार कृषक को क्षतिपूर्ति प्रदान कराया जा सके।




## ग्रामीण विकास की असली शक्ति हमारी मातृशक्ति : विधायक टी0राम

### - महिला किसान सम्मेलन में विधायक का बड़ा संदेश।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। जन विकास समिति मुर्दहा प्रांगण में आयोजित 'महिला किसान सम्मेलन सह सम्मान समारोह', महिला सशक्तिकरण, कृषि आत्मनिर्भरता एवं ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण




आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिला किसानों ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किया।

मुख्य अतिथि विधायक त्रिभुवन राम ने दीप प्रज्वलन कर अपने संबोधन में महिला किसानों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास की असली शक्ति हमारी मातृशक्ति है। आज महिलाएं खेती, पशुपालन, उद्यमिता और स्वरोजगार क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्राकृतिक खेती, पशुपालन और लघु उद्यमों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार कर रही हैं।

संस्था के निदेशक फादर चंद्रन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों, महिला समूहों के सशक्तिकरण, प्राकृतिक खेती के प्रचार-प्रसार तथा आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार उपाध्याय (ब्लॉक प्रमुख, हरहुआ) एवं राम प्रकाश सिंह (बीरू, जिला अध्यक्ष, किसान मोर्चा) भाजपा हरहुआ मण्डल अध्यक्ष अशुतोष मिश्रा 'अजय' ने महिला किसानों की मेहनत, नवाचार क्षमता एवं कृषि क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि महिला किसानों का सशक्त होना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है। महिला किसान सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला किसानों श्रीमती संतारा, श्रीमती मीना एवं श्रीमती सुनीता को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, मृदा संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया गया।

कृषि विशेषज्ञों में डॉ. गणेश कुमार गुप्ता (मृदाविज्ञान विभाग) ने प्राकृतिक खेती एवं पशुपालन को महिला सशक्तिकरण और आय वृद्धि का प्रभावी माध्यम बताते हुए वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी। वहीं रौशन कुमार (सस्य विज्ञान विभाग, टी.डी. कॉलेज, जौनपुर) ने कृषि एवं पारिवारिक पोषण सुरक्षा में महिला किसानों की भूमिका को विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम का समापन फगुआ गीत की सांस्कृतिक प्रस्तुति, धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस सम्मेलन में हरहुआ एवं पिंडरा प्रखण्ड सहित वाराणसी जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से महिला किसान, स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं तथा संस्था के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हरहुआ के किसानों ने देखा सीएम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

### किसानों के बैंक खाते मे पहुंची बीमा की धनराशि।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विकास खण्ड के किसानों ने शनिवार को ब्लाक सभागार में फसल बीमा पर आधारित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थी किसानों को लखनऊ से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शनिवार को "वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से क्षतिपूर्ति प्रदान की गयी।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम की प्रतिकूल परिस्थिति होने पर खरीफ 2025 के अन्तर्गत जिन किसानों ने खरीफ फसलों का बीमा कराया गया था ऐसे किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेज दी गयी।



सीएम का कार्यक्रम देखते हरहुआ के किसान व कर्मचारी

कार्यक्रम में विकास खण्ड के विभिन्न गांवों के फसल बीमा के लाभार्थी किसान व स्थानीय कर्मचारी बीटीएम, एटीएम, तकनीकी सहायक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस दौरान प्रभारी खंड विकास अधिकारी रवि प्रकाश सिंह,एडीओ एस टी शैलेन्द्र सिंह,एडीओ पंचायत रवि सिंह,खण्ड तकनीकी प्रबंधक राम सकल प्रसाद,एटीएम आखिलेश सिंह,मनीष सिंह,आकांक्षा राय, बच्चू लाल, नवीन कुमार के साथ ही प्रगतिशील किसान जितेन्द्र पाण्डेय, हरिश्चन्द्र यादव, महेन्द्र नारायण सिंह, भृगुनाथ सिंह, अकबाल नरायण, शिवमूरत आदि उपस्थित रहे।

## जन आकांक्षाओं पर खरा उतर रहा है प्रदेश सरकार का वर्तमान बजट: त्रिभुवन राम

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भाजपा अजगरा विधान सभा चौपाल मुर्दहा बाजार में आयोजित किया गया।

जन-चौपाल में उपस्थित जनसमूह के बीच मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए विधायक अजगरा त्रिभुवन राम ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का इस वर्ष का बजट प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं एव अपेक्षाओं पर शत प्रतिशत खरा उतर रहा है।जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर तपके तक पहुंचने से उनके अंदर आत्मसंतोष बढ़ा है। वीबी-जी रामजी के माध्यम से अधिक काम की गारण्टी और गांवों में भूलभूत विकास की आधारशिला रखी गई है।




विधानसभा जन चौपाल में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा रामप्रकाश सिंह 'बीरू', वरिष्ठ नेता भोलानाथ उपाध्याय, भाजपा नेता कपिलनारायन पांडेय, भाजपा हरहुआ मण्डल अध्यक्ष अजय मिश्रा ने विचार व्यक्त किया।।

जनचौपाल में मुख्य रूप से धर्मेंद्र रघुवंशी,राणा चौहान, शैलेन्द्र पटेल, रामजी मौर्य, धनन्जय सरोज,विजय राजभर ,विनोद सिंह, धनन्जय भारद्वाज,अरुणेंद्र सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसान परिवारों को दी गई मुख्यमंत्री राहत राशि

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। तहसील राजातालाब में शनिवार को मुख्यमंत्री किसान राहत राशि वितरित की गयी।यह राहत राशि सेवापुरी के विधायक नीलरतन पटेल की प्रतिनिधि अदिति ने प्रदान की। अदिति ने बताया की सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के 10 ऐसे परिवारों के लिए राहत राशि दी गई जिनके घर का कमाऊं मुखिया दुर्घटना में मृत हो गया था। कहा की राहत राशि मिल जाने से परिवार की तात्कालिक आर्थिक मदद हो जाएगी। इस दौरान तहसील राजातालाब के उप जिलाधिकारी शांतनु सिनसिनवार व लाभार्थी उपस्थित रहे।




## भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। चौबेपुर श्री सुभाष इंटर कॉलेज के प्रांगण में भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा अभिभावक संगोष्ठी का गरिमामय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीटीएमएस भगतुआ, द एलाइट इंग्लिश स्कूल तथा सनशाइन पब्लिक स्कूल के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोर्ड के अध्यक्ष डॉ एन पी सिंह रहे। उन्होंने अपने विस्तृत उद्बोधन में भारतीय शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली, उद्देश्य, भविष्य की योजनाओं एवं शिक्षा के क्षेत्र में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली के समन्वय से ही विद्यार्थियों का समग्र विकास संभव है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ ज्ञानेश्वर चौबे (डीएनए वैज्ञानिक, बी एच यू)ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने भारतीय शिक्षा बोर्ड में समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा का संतुलित समावेश समय की मांग है। उन्होंने शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्ति का माध्यम न मानकर, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। संगोष्ठी में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावकों ने सहभागिता की। अभिभावकों ने भी अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए, जिन पर सार्थक चर्चा की गई।


कार्यक्रम के दौरान सनशाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक चन्द्र शेखर तिवारी ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षाविदों एवं अभिभावकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया, जिससे आयोजन की गरिमा और अधिक बढ़ गई।

अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे सकारात्मक संवाद को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा क्रूरता पूर्वक पिकअप में लाद कर वध हेतु ले जाए जा रहे 07 राशि गोवंश

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर /राजगढ़ थाना क्षेत्र के धनसीरिया माइनर पर आज भर में करीब 3:00 बजे के आसपास गोवंश से भरी पिकअप में 7 पशुओं को पकड़ा गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले ग्रामीणों के सहयोग से पंचर हुई पिकअप पर लदे ग्रामीणों के सहयोग से राजगढ़ थाने को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे राजगढ़ थाना प्रभारी दल बदल के साथ पहुंचे। पिकअप पंचर और कमानी टूटने के कारण पशु तस्करी से नहीं ले जा सके और छोड़कर फरार हो गए।



इसके अलावा थाना करमा की पुलिस एक पशु तस्कर को पकड़ी और उससे पूछताछ की गई तो उसकी निशानदेही पर राजगढ़ थाना क्षेत्र के धनसीरिया के माइनर पर लाया गया। जहां पर दो थाने का विवाद को देखते हुए राजगढ़ थाना प्रभारी ने ग्रामीणों के सहयोग से पिकअप को अपने साथ ले गई। पिकअप खराब होने पर मिस्त्री को बुलाया गया और टायर पंचर को बदलकर दूसरा तार लगाया गया फिर भी गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकी गांव के ही युवा समाज से भी और ग्राम प्रधान प्रत्यासी गणेश सिंह ने अपने निजी ट्रैक्टर से गोवंश से लदी पिकअप को गौशाला में पशुओं को छोड़ दिया गया और पिकअप को राजगढ़ थाने पर राजगढ़ थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे के नेतृत्व में लाया गया जहां पर राजगढ़ थाना प्रभारी के द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जारी है।और इन पशुओं को गौशाला में छोड़ दिया गया है ग्रामीणों ने बताया कि पशुओं के मुंह बांधे गए थे और उन्हें उनके मुंह छोड़ा गया जिससे पशुओं को राहत मिली। करमा थाने सोनभद्र की पुलिस ने बताया कि घोरावल सोनभद्र से यह पशु लाकर राजगढ़ के रास्ते होते हुए बिहार जा रहे थे। राजगढ़ थाना क्षेत्र में रास्ते में ही गाड़ी खराब हो गई साथ में एक पिकअप मौके से फरार हो गई और दूसरी पंचर होने पर पकड़ी गई। जहां पर मौके पर ग्रामीणों की काफी भीड़ इकट्ठा रही। थाना राजगढ़ पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिरी सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम धनसिरिया से पिकअप वाहन संख्या वढ 65 NT 3216 में क्रूरता पूर्वक बाध कर वध हेतु ले जा रहे कुल 07 राशि गोवंशो को बरामद किया गया । उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-30/2026 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । तस्करी में प्रयुक्त वाहन को 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया ।

## धान की खरीद न होने पर किसान ने लगाई जिला अधिकारी से न्याय की गुहार

**समाज जागरण**

मीरजापुर /मीरजापुर के तहसील दिवस में एक किसान ने धान क्रय केंद्र पड़री के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। किसान का कहना है कि ऑनलाइन पंजीकरण और नंबर लगने के बावजूद पिछले दो महीनों से उसका धान तौला नहीं जा रहा है। मामले में जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम गहिरा निवासी अखिलेश कुमार ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उन्होंने धान क्रय केंद्र पड़री पर धान विक्रय के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया था और उनका नंबर भी लगा था।

लेकिन केंद्र प्रभारी दीपिका बरनवाल द्वारा उन्हें लगातार दो माह से तौल के लिए बुलाकर वापस कर दिया जा रहा है। किसान का आरोप है कि 20 फरवरी को सुबह 10 बजे केंद्र पहुंचने के बाद भी उनका धान तौलने से मना कर दिया गया। किसान ने यह भी आरोप लगाया कि अन्य ब्लॉक के किसानों का धान तौला जा रहा है, जबकि उनका नंबर पहले से लगा होने के बावजूद उन्हें जानकारी नहीं दी जा रही है।

पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर केंद्र प्रभारी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई और शीघ्र धान तौल कराए जाने की मांग की है। किसान का खरीदना होने से किसान के ऊपर आर्थिक स्थिति उत्पन्न हो गई है।

## राजगढ़ थाना पुलिस के द्वारा 32 ट्रेटा पैकेट अवैध देशी शराब के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु राजगढ़ थाने से अवैध शराब में पकड़ा गया अभियुक्त।

उप-निरीक्षक पुरंजय चौबे मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से 01 अभियुक्त नीरज पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम धनसिरिया थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर को 32 ट्रेटा पैकेट (200'/प्रत्येक पैकेट) अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-31/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम में पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई । अवैध शराब का कारोबार करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।




2. थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा 32 ट्रेटा पैकेट अवैध देशी शराब के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

## महाराज डॉ0 विभूतिनारायण सिंह स्मृति वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ शुभारम्भ

वाराणसी। आज महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में महाराज डॉ0 विभूति नारायण सिंह स्मृति वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ स्वर्गीय संस्थापक महाराज एवं मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण, वैदिक मंत्रोच्चार संग दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर बृजेश कुमार सिंह उपाध्यक्ष क्रीडा परिषद् महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय वाराणसी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर रणधीर सिंह शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ राम मनोहर लोहिया पीजी कॉलेज भैरव तालाब रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पुरुषोत्तम सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

खेल प्रभारी अंगद प्रसाद यादव ने खिलाड़ियों को उत्साह पूर्वक खेल खेलने के लिए शपथ दिलाई। मैदान में महिला- पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता महिला- पुरुष रसाकस्सी प्रतियोगिता महिला-पुरुष वॉलीबाल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।





कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अखिलानन्द सिंह ने किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## यीडा क्षेत्र से उठेगी 'चिप क्रांति' की नई लहर

लखनऊ/जेवर, 21 फरवरी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र का जेवर आज देश की सेमीकंडक्टर महत्वाकांक्षा का प्रतीक बन गया है। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड की डीडीआईसी ओसैट यूनिट का शिलान्यास केवल एक औद्योगिक परियोजना की शुरूआत नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक छलांग माना जा रहा है।

**2028 तक शुरू होगी अत्याधुनिक ओसैट यूनिट**

इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड दरअसल एचसीएल टेक्नोलॉजीज और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप का 60:40 संयुक्त उद्यम है, जो लगभग ड्ड3,700 करोड़ के निवेश से अत्याधुनिक ओसैट सुविधा स्थापित कर रहा है और इसके वर्ष 2028 तक परिचालन में आने की उम्मीद है। इस संयंत्र में स्मार्टफोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल सिस्टम और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का उत्पादन किया जाएगा। प्रति माह 20,000 वेफर्स की प्रोसेसिंग क्षमता वाला यह केंद्र देश में सेमीकंडक्टर कॉम्पोनेंट्स की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस निवेश से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, स्थानीय सप्लाई चेन विकसित होगी और सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन से जुड़े वैश्विक भागीदार आकर्षित होंगे। एचसीएल और फॉक्सकॉन की यह साझेदारी नवाचार, परिशुद्धता और वैश्विक मानकों पर आधारित उत्कृष्ट विनिर्माण के जरिए भारत को सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## अरूण सिंह बने होलसेल सेंट्रल कोआपरेटिव कंज्यूमर स्टोर के नये सचिव

### - चेयरमैन की उपस्थिति मे हुआ चार्ज का हस्तांतरण।

**समाज जागरण**

वाराणसी। अरूण कुमार सिंह ने शुक्रवार को दी वाराणसी होलसेल सेंट्रल कोआपरेटिव कंज्यूमर स्टोर के सचिव पद का कार्यभार संभाल लिया। शुक्रवार को चेयरमैन आदित्यनारायण परमार की उपस्थिति मे निवर्तमान




सचिव अवधेश सिंह एडीसीओ ने नवागत सचिव को पद का चार्ज सौंपा। उल्लेखनीय है कि अवधेश कुमार सिंह का स्थानांतरण जनपद सोनभद्र हो जाने के कारण संयुक्त आयुक्तएवं संयुक्त निबंधक सोमी सिंह द्वारा एडीओ सेवापुरी अरूण कुमार सिंह को नया सचिव नियुक्त किया गया।

चार्ज हस्तांतरण के बाद अरूण कुमार सिंह को चेयरमैन आदित्यनारायण परमार, आंकिक राजेशदत्त चौबे, बेचू पाठक, रमेश मिश्र व अर्चना इत्यादि ने बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

## पुलिस की बड़ी कार्यवाहीः 21.44 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। जनपद पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा अपर



पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में दिनांक 20.02.2026 को समय 17:05 बजे उरमौरा, वार्ड नं० 21 नई बस्ती के पास से अभियुक्त शहनवाज खान उर्फ भोदू पुत्र मंसूर खान निवासी वार्ड नं० 21 नई बस्ती उरमौरा थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक की पन्नी में कुल 21.44 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की गई। इस संबंध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 142/2026 धारा 8/21/27ए एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## क्षेत्राधिकारी घोरावल के नेतृत्व में थाना करमा में पीस कमेटी की प्रभावी बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। आगामी पर्व रमजान, होली एवं ईद-उल-फितर के दृष्टिगत आज दिनांक 21.02.2026 को क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में द्वारा थाना करमा पर थाना क्षेत्र के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में त्यौहारों




को पारंपरिक उल्लास, आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। क्षेत्राधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह, भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु सभी से सहयोग के लिए अपील किया गया। धर्मगुरुओं एवं उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

## ओबरा से तहसीलदार ने किया राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रमोशन

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

ओबरा/ सोनभद्र। तहसील ओबरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आधिकारिक प्रचार व प्रसार हेतु तहसीलदार सचिव तालिका विधिक सेवा समिति ओबरा नरेंद्र राम ने राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रमोशन किया राष्ट्रीय लोक अदालत के बैनर तले उपस्थित लोगों एवं बाधाकारियों समेत आम जनों से तहसीलदार ने



कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत सामुदायिक खेतों का रक्षक और संरक्षक ही नहीं अपितु न्याय सबके लिए के सिद्धांतों का पोषक भी है सचिव नरेंद्र राम ने कहा की ज्वलंत समस्याओं से लेकर आपदा दुर्घटना मुआवजा श्रम एवं चिकित्सा वैवाहिक विवाद वाणिज्यिक विवाद सेवा घरेलू हिंसा उत्पीड़न आदि मामलों का त्वरित निदान करता है महिलाओं और बच्चों समेत वरिष्ठ नागरिकों के हित के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाता है इस अवसर पर अर्जुन शर्मा अनिल चौधरी विनोद गुप्ता अशोक गुर्जर समय दर्जनों अधिवक्ता तहसील कर्मी और गणमान्य उपस्थित रहे। संचालन अधिकार मित्र कमाल अहमद ने किया।

## होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत थाना ओबरा में शांति समिति की गोष्ठी आयोजित

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

ओबरा/ सोनभद्र। आगामी होली पर्व एवं रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आज दिनांक 21.02.2026 को थाना ओबरा में शांति समिति की गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता विवेक कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी ओबरा एवं



अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी ओबरा द्वारा की गई। बैठक में स्थानीय नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों, व्यापार मंडल प्रतिनिधियों एवं विभिन्न धर्मगुरुओं ने सहभागिता की। अधिकारियों द्वारा सभी से अपील की गई कि होली एवं रमजान माह के दौरान आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं पारस्परिक सम्मान बनाए रखें। त्यौहारों को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने पर बल दिया गया। साथ ही स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक/ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट, हुड़दंग या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मौजूद सभी धर्मगुरुओं एवं नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## तहसील दिवस के अवसर पर डीएम एवं एसपी ने तहसील रॉबर्ट्सगंज पर की संयुक्त सुनवाई

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। तहसील दिवस के अवसर पर बी0एन0 सिंह, जिलाधिकारी सोनभद्र एवं अभिषेक वर्मा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा संयुक्त रूप से रॉबर्ट्सगंज तहसील में जन-शिकायतों की सुनवाई की गई।




कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित, पारदर्शी एवं न्यायसंगत निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट एवं ठोस दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण, पारिवारिक विवाद एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समन्वित कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

इसी क्रम में जनपद की समस्त तहसीलों में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा जन-सुनवाई कर प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु आवश यक कार्यवाही की गई। जनपद प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध है तथा सुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के सिद्धांतों पर कार्य करता रहेगा।

## राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण अभियानः जिला कारागार में बंदियों, स्टाफ व परिजनों को स्वास्थ्य टीम ने किया जागरूक

**सदर संवाददाता/ अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे व्यापक जनस्वास्थ्य अभियान के तहत शनिवार को जिला कारागार परिसर में विशेष जागरूकता एवं औषधि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य फाइलेरिया (हाथीपाँव) जैसी गंभीर और विकलांगता पैदा करने वाली बीमारी के उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महिला एवं पुरुष बंदियों सहित कारागार के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को फाइलेरिया से बचाव हेतु निर्धारित दवाएं खिलायी गयी साथ ही उपस्थित लोगों को रोग के कारण,लक्षण,बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला कारागार अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि जिला



चिकित्सा अधिकारी के कुशल नेतृत्व में संचालित एमडीए-आईडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान के तहत जिला कारागार में निरुद्ध 595 पुरुष बंदियों एवं 30 महिला बंदियों को दवा का सेवन कराया गया। इसके अतिरिक्त कारागार स्टाफ और उनके परिवारजनों को भी दवा देकर अभियान की प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया।स्वास्थ्य टीम द्वारा बताया गया कि फाइलेरिया एक परजीवी जनित रोग है जो संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है।यह रोग धीरे-धीरे शरीर केअंगों-विशेषकर पैरों, हाथों और जननांगों मेंअसामान्य सूजन उत्पन्न कर देता है, जिससे झव्यक्ति स्थायी रूप से विकलांग भी हो सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि यह बीमारी शुरूआती अवस्था में पहचान में नहीं आती, इसलिए सरकार द्वारा दी जाने वाली दवा का सेवन करना अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय फाईलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला कारागार बंदियों को जागरुक कर दवा का किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कारागार चिकित्साधिकारी डा. अमित कुमार सिंह, प्रभारी जेलर शंशाक पटेल,उप जेलर गौरव कुमार, उपजेलर गंगा प्रसाद यादव, उप जेलर सुश्री गरिमा कुमारी समेत तमाम लोग लोग उपस्थित थे।

## कौआ नाला क्षेत्र में पहाड़ों से अवैध खनन जोरों पर, वन विभाग व एनसीएल की चुप्पी सवालों के घेरे में

**उपेन्द्र कुमार तिवारी तहसील संवाददाता/ समाज जागरण**

अनपरा/सोनभद्र। नगर पंचायत अनपरा अंतर्गत वार्ड नंबर 14, मालवीय नगर स्थित कौआ नाला क्षेत्र में इन दिनों पहाड़ों से मिट्टी की अवैध कटिंग का खेल खुलेआम जारी है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक भारी मशीनों की मदद से पहाड़ी हिस्सों को काटकर मिट्टी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व डंपरों के माध्यम से बाहर भेजी जा रही है। यह गतिविधि दिन-रात चल रही है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही।



क्षेत्रवासियों का आरोप है कि इतने बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई बिना विभागीय मिलीभगत के संभव नहीं है। पहाड़ों की अंधाधुंध कटिंग से पर्यावरण संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। नाले के किनारे की भूमि कमजोर होने लगी है, जिससे बरसात के समय भूस्खलन और जलभराव की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो भविष्य में बड़ी प्राकृतिक आपदा से इनकार नहीं किया जा सकता।

बताया जा रहा है कि निकाली जा रही मिट्टी का उपयोग आसपास संचालित ईंट-भट्ठों और औद्योगिक इकाइयों में किया जा रहा है। इस कारण कई भट्ठे भी संदेह के दायरे में हैं। नियमों के अनुसार इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगाने की जिम्मेदारी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) तथा उत्तर प्रदेश वन विभाग की है। लेकिन एनसीएल ककरी परियोजना से सटे क्षेत्र में अवैध खनन लगातार जारी रहने से विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

इसके अलावा, कौआ नाला के समीप एनसीएल ककरी परियोजना की भूमि पर पक्के मकानों का निर्माण भी तेजी से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह निर्माण कार्य बिना वैध अनुमति के हो रहा है। इसके बावजूद परियोजना प्रबंधन और संबंधित विभागों की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे अवैध खनन और कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि एनसीएल और वन विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच कराई जाए, अवैध खनन में प्रयुक्त मशीनों व वाहनों को जब्त किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही एनसीएल की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल हटाया जाए, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सके।

## अनुसूचित दलित की जमीन पर मनमाने ढंग से दबंग षड़यंत्र के तहत जबरिया, गुंडई के बल पर कर सकते हैं अवैध कब्जा

### गरीब किसान ने भूमिधरी भूमि की नापी करवाकर सीमांकन करवाने की मांग

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। घोरावल तहसील क्षेत्र के ढुटेर गांव में दलित की भूमिधरी जमीन को दबंग कब्जा करने के प्रयास में है। ढुटेर गांव निवासी ज्ञानदास ने शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस घोरावल में दिये प्रार्थना पत्र में बताया है कि गांव में स्थित उनके आराजी संख्या-638 ख की संक्रमणीय भूमिधरी श्रेणी-1 की पुस्तैनी जमीन की नापी व सीमांकन कराये जाने के लिए पूर्व में प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा आज तक इस जमीन की नापी और सीमांकन नहीं किया गया। परिणामस्वरूप आसपास के कुछ लोग धन और बल के बूते उक्त पुस्तैनी भूमि पर अवैध रूप से पुल, रास्ता का निर्माण कर जबरन अवैध कब्जा करने का षड़यंत्र रच रहे है। ऐसी चर्चा है कि यदि समय रहते इस पर आवश्यक कार्यवाही नहीं की गयी तो भविष्य में दबंगों द्वारा किसी भी प्रकार की अनहोनी, अपराधिक घटना को अंजाम देते हुए खून खराबा किया जा सकता है।ऐसी विषम परिस्थिति में उन्होने इस भूमि की अविलंब ही नापी करवाकर सीमांकन (पत्थरगड्डी) कराये जाने का अनुरोध विभागीय उच्चा धिकारियों से किया है। जिससे भविष्य में होने वाली अनहोनी घटना को घटित होने से रोका जा सके और लोग सुकून की जिंदगी गुजर बसर शांति ढंग से कर सके। देखना अब यह है कि इस दिशा में उच्चाधिकारीगण इस दिशा में कहां तक पहल कर पाने में सक्षम हो पाते हैं ?

## होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत थाना विण्ढ़मगंज में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**समाज जागरण/ उपेन्द्र कुमार तिवारी**

दुद्धी/ सोनभद्र। आगामी होली पर्व एवं रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से आज दिनांक 21.02.2026 को थाना विण्ढ़मगंज पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजेश कुमार राय, क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा की गई। बैठक में स्थानीय नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों, व्यापार मंडल प्रतिनिधियों एवं विभिन्न धर्मगुरुओं की सहभागिता रही। क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा उपस्थित सभी लोगों से अपील की



गई कि होली एवं रमजान के दौरान आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं पारस्परिक सम्मान बनाए रखें तथा त्यौहारों को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। साथ ही स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट, हुड़दंग या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी धर्मगुरुओं एवं नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0: महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान आयोजित

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति 5.0 के तहत व्यापक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, विधिक अधिकारों की जानकारी और साइबर अपराधों से बचाव था।



पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान, बाजार और ग्राम सभाओं में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद कर उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान महिलाओं को गुड टच-बैड टच, सरल आत्मरक्षा उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानूनी प्रावधान, हेल्पलाइन सेवाएँ और साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/ लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी और OTP साझा न करने के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई।


पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। प्रत्येक शिकायत पर त्वरित और विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## विवाह समारोह में गए परिजन, चोरों ने ताला तोड़ नकदी और गहनों पर किया हाथ साफ

### इलाके में हौंसला बुलंद कबाड़ समेत घर चोरों का गिरोह काफी सक्रिय, इलाकाई पुलिस अंकुश लगा पाने में अक्षम,लोगों में तीव्र आक्रोश

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के सलखन ग्राम पंचायत स्थित मुनगा टोला निवासी अजय कुमार जायसवाल पुत्र रामसनेही ने प्रभारी निरीक्षक को शनिवार को एक लिखित प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि भुक्तभोगी सपरिवार बीते 5 फरवरी 2026 को एक विवाह समारोह में घर के दरवाजे पर ताला लगाकरअन्यत्र गया हुआ था तथा 11 नवंबर 2026 को जब घर वापस आया तो देखा कि दरवाजे पर लगा ताला टूटा पड़ा है तथा घर के अंदर गया तो देखा कि बक्से का कुंडी भी टूटा हुआ है जिसमें रखा सोने का एक नग झाला, मंगलसूत्र तथा गुल्लक में रखे नकदी रुपए चोर चुरा ले गए हैं।इस संबंध में भुक्तभोगी समेत परिजनों ने न्याय की गुहार लगाते हुए चोरी का पदार्फाश किये



जाने की मांग की है।

लोगों की माने तो जब से चोपन थाना तथा गुरमा चौकी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से कबाड़ की दुकानें संचालित हुई हैं तब से चोरी की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। दिन में चोर कबाड़ के बहाने गांव के गली, कूचो, मोहल्लो में घूम कर कबाड़ बिनते,चुनते, खरीदते तथा लोकेशन लेते हैं कि किसके घर पर कौन है और कौन नहीं है? और योजनाबद्ध तरीके से रात होते ही मौका निकाल कर चोरी की घटना को अंजाम दे देते हैं तथा उन पर कोई शक भी नहीं करता है। इलाके में कबाड़ चोरों समेत घर चोरों का गिरोह काफी सक्रिय तथा हौंसला बुलंद है बावजूद इसके इलाकाई पुलिस इन परअंकुश लगा पाने में अक्षम साबित हो रही है।इससे लोगों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है।लोगों ने पुलिस अधीक्षक सोनभद्र का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराते हुए अविलंब ही जांच करवाकर उचित कार्रवाई करवाये जाने की मांग की है ताकि लोग राहत की सांस ले सके।

## अनपरा थाना क्षेत्र में, चालक के लापरवाही से हुआ सड़क हादसा

**उपेन्द्र कुमार तिवारी तहसील संवाददाता/ समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। तापीय परियोजना के सेंट्रल स्टोर मे सामग्री पहुचाने के लिए परियोजना गेट नंबर दो पर खड़ा ट्रेलर अचानक बिना चालक के पिछे जाने लगा इस दौरान गेट नंबर दो पर अफरातफरी मच गया। घटना शुक्रवार सुबह 8 बजे का है। रायगढ छत्तीसगढ से आया ट्रांसपोटर की ट्रेलर जिस पर रेलवे का मैग्नीजियम लोहे कि रेल ग्राटर लोड़ था जिसको अनपरा तापीय परियोजना के सेंट्रल स्टोर मे खाली करना था। चालक रामलखन निवासी बिलासपुर ने बताया कि ट्रेलर के गेट पास कि प्रक्रिया एवं कागजात दिखाने के लिए ट्रेलर सड़क किनारे खड़ा कर गेट नंबर दो पर तैनात सुरक्षाकमीयो के पास चला गया। इस दौरान लोड़ ट्रेलर अचानक पिछे कि ओर अपने आप जाने लगा, हाईवे पर ट्रेलर के पिछे आ रहे ट्रक जो चंदासी मंडी वाराणसी से कोयला खाली कर सिंगरौली को लौट रहा था वो अपने बचाव मे अचानक ब्रेक लगाकर खुद को पिछे करने लगा घटनास्थल पर ट्रक के पिछे मोटरसाईकल सवार प्रदीप कुमार पुत्र राज कुमार अमवा कुलडोमरी निवासी घर से ककरी परियोजना डयुटी के लिए जा रहा था वो अपने बचाव के लिए ट्रक वाले को शोर एवं हार्न बजाने लगा ट्रक के न रूकने के बाद प्रदीप कुमार



अपनी जान बचाने के लिए मोटर साईकल सड़क पर ही छोड़कर भागने लगा अंत मे पिछे जा रहे ट्रक प्रदीप कुमार की मोटरसाईकल को रौदते हुए रूक गयी। हादसा से घटनास्थल पर अफरातफरी शोरगूल का माहोल मच गया। सुचना के बाद अनपरा थाना के

उपनिरीक्षक सच्चीदानंद मय फोर्स घटनास्थल पर पहुचकर लोगो को शांति माहोल बनाने के लिए अपिल करते हुए मामले का जायजा लिए सड़क हादसे टुटे मोटरसाईकल एवं छत्तीसगढ से आये हुए चालक रामलखन को हिरासत मे लेते हुए रेणुकूट अनपरा मार्ग पर आवागमन बहाल कराया।

पूर्व दिनों में भी ऐसे कई घटनाएं यहॉ घट चुके है फिर परियोजना प्रशासन कर रहा है अनदेखी।

अनपरा तापीय परियोजना के मुख्य द्वार अनपरा रेणुकूट एनएच 39 हाईवे पर गेट नंबर दो पर मौजूद है। जहां पार्किंग कि समुचीत व्यवस्था न होने के कारण सैकड़ो मोटरसाईकल एवं छोटे वाहन परियोजना गेट के बाहर एवं एनएच 39 हाईवे के पटरियों के किनारे खड़े रहते है। जिसके कारण गेट के सामने हाईवे सुकड़ गया है। तापीय परियोजना के अंदर जाने वाले ट्रक, ट्रेलर, कंटेनर एवं भारी परिवहनो को कई परेशानीयो का सामना करना पड़ता है। गेट के सामने हाईवे किनारे अवैध पार्किंग, ठेले, खोमचे एवं दुकानदारो के कब्जे से हाईवे सुकड़ जाने से आए दिन हो रहे है सड़क हादसे अनपरा तापीय परियोजना के मुख्य द्वार के पास हाईवे किनारे बाउंड्री से सटे पर्याप्त जगह होने के बाद भी परियोजना प्रशासन नही बनवा रहा पार्किंग स्थल। परियोजना प्रशासन इस मामले मे बात करने पर अधिकारी बोले बाउंड्री से सटे जगह को पार्किंग के लिए अगर सफाई करा दिया जाए तो वाहनो के संख्या कम स्थानीय दुकानदारो का कब्जा ज्यादा दिखने लगेगा फिर भी इस प्रस्ताव पर परियोजना प्रबंधन से चार्चा किया जाएगा।

## पुलिस ने वध करने की नियत से जंगल के रास्ते बिहार लेकर जा रहे कुल 19 राशि गोवंश को पशु तस्करों के कब्जे से किया बरामद

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों व गौ-तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस को दिनांक 21.02.2026 को समय करीब 12.00 बजे मुखबिर खास के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि 02 नफर गो तस्कर, गोवंश को वध करने की नियत से वेलवा डन्डी जंगल मोरैला से होते हुए बिहार बॉर्डर की ओर लेकर जा रहे है। उक्त प्राप्त सूचना पर थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा टीम गठित करके मोरैला में जंगल में घेराबन्दी कर 19 राशि गोवंश (1-बैल, 6-गाय, 8-बछिया, 4-बछड़ा) बरामद किया गया। अंधेरे का फायदा उठाकर दोनो अभियुक्त मौके से फरार हो गए



जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना रामपुर बरकोनिया पर मु0अ0सं0- 20/2026 धारा 3/5ए/ 5बी/8 गो-वध निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है। अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव श्री एस. कृष्णन ने कहा कि इंडिया एआई मिशन विविध आवश्यकताओं और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के समाधान के लिए तैयार किया गया है

**समाज जागरण**

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का दूसरा दिन प्रभावकारी सत्र के साथ आरंभ हुआ, जिसमें जन-केंद्रित एआई और संप्रभु तकनीकी क्षमता संबंधी दोहरी अनिवार्यता पर चर्चा हुई।




इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में "एल्गोरिदम से परिणामों तकः लोगों के उपयोग के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का निर्माण" सत्र का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली सार्वजनिक सेवा वितरण और नागरिक कल्याण में मापन योग्य सुधार लाएं। चर्चा इस बात पर केंद्रित रही कि कंप्यूटिंग, मॉडल और डेटा अंततः ऐसे अनुप्रयोगों को जन्म दें जो उत्पादकता बढ़ाएं, शासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं और लोगों को इससे ठोस लाभ मिले।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया एआई मिशन को विविध आवश्यकताओं और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के समाधान के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस द्वारा प्रभावकारी अनुप्रयोगों का पता लगाना है। उन्होंने कहा कि हम कंप्यूटिंग, मॉडल और डेटा केवल वास्तविक प्रभाव वाले अनुप्रयोगों के निर्माण के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआई की सफलता प्रचार से परे है या नहीं, यह पूरी तरह इस बात पर निर्भर करता है कि यह जीवन को बेहतर बनाने वाले समाधान प्रदान करता है या नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी देखने पर आपको स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शिक्षा और विनिर्माण क्षेत्रों में काम कर रहे सैकड़ों स्टार्टअप दिखाई देंगे और यहीं से प्रभाव उत्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि सरकारों के पास कभी भी पर्याप्त शिक्षक, डॉक्टर या न्यायाधीश नहीं होंगे, लेकिन यदि एआई उत्पादकता बढ़ा सकता है, तो सेवा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है। अब चुनौती यह है कि क्या यह कारगर है, इसका दायित्वपूर्ण विस्तार कैसे किया जाए, गोपनीयता की रक्षा कैसे की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सार्वजनिक धन से मापन योग्य परिणाम प्राप्त हों। उन्होंने सम्मेलन में आये प्रतिभागियों से प्रदर्शनी में मौजूद 600 से अधिक स्टार्टअप और कंपनियों का दौरा करने और उन क्षेत्रों को देखने का आग्रह किया, जहां एआई का उपयोग किया जा रहा है।

इस सत्र में वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित नीतियां सुनिश्चित कर निर्धनता शमन के लिए काम करने वाले वैश्विक अनुसंधान संगठन पॉवर्टी एक्शन लैब जे-पाल के वैश्विक कार्यकारी निदेशक इकबाल सिंह धालीवाल और शिकागो विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर माइकल क्रेमर सहित अन्य नीति निमार्ता और संबंधित क्षेत्र के नेता उपस्थित रहे।

श्री इकबाल सिंह धालीवाल ने कठोर मूल्यांकन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यदि आपने विकास को पर्याप्त समय दिया है, तो आपने कई चमत्कारी समाधानों देखे होंगे। कोई तकनीक सैद्धांतिक रूप से या प्रयोगशाला में बेहद आशाजनक लग सकती है, लेकिन जमीनी हालातों में यह विफल हो सकती है। इसीलिए प्रमाण बेहद महत्वपूर्ण है। हमें न केवल यह पूछना चाहिए कि एआई काम करता है या नहीं, बल्कि यह भी कि यह किसके लिए, किन संदर्भों में और क्या परिणाम देता है। उन्होंने कहा कि कठोर मूल्यांकन के बिना, हम उत्साह को प्रभाव समझने की गलती का जोखिम उठाते हैं। लैब जे-पाल के वैश्विक कार्यकारी निदेशक ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में अपार क्षमता तो है, लेकिन तभी जब इसका जमीनी स्तर पर परीक्षण किया जाए और लोगों और परिणामों को केंद्र में रखते हुए इसका दायित्वपूर्वक विस्तार किया जाए।

अमरीकी विकास अर्थशास्त्री तथा शिकागो विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर माइकल क्रेमर (जे-पाल) ने कहा कि हमें यातायात नियमों को लागू करने, स्वचालित ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षण, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभाव के शुरूआती प्रमाण मिल रहे हैं, जिनमें व्यक्तिगत अनुकूली शिक्षण भी शामिल है, जिसने सप्ताह में केवल एक घंटे में विद्यार्थियों के सीखने की गति दोगुनी कर दी है। हालांकि केवल तकनीक ही पर्याप्त नहीं है। सरकारी सेवाओं में सुधार हमेशा मजबूत निजी प्रोत्साहनों वाला बाजार नहीं होता, इसलिए जनहितैषी भावना और सरकार की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक प्रणालियों में इसे अपनाना कठिन है और इसकी खरीद प्रक्रिया अहम है। एआई अनुप्रयोग में मूल्यांकन भी महत्वपूर्ण है ताकि देश एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकें। उन्होंने कहा कि एआई की अपार क्षमता है, लेकिन इसे साकार करने के लिए प्रमाणन, प्रणालीगत परिवर्तन और सावधानीपूर्वक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। यह सत्र भारत की अध्यक्षता में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रभाव शिखर सम्मेलन के व्यापक एजेंडा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, जिसमें नीति निमार्ताओं, अनुसंधानकताओं और उद्योग जगत के दिग्गजों ने एआई क्षमताओं को व्यापक सार्वजनिक अनुप्रयोगों में रूपांतरित करने पर विचार-विमर्श किया। चर्चा में एआई-संचालित सेवा वितरण बढ़ाने के लिए संरचित कार्यान्वयन और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग के महत्व का उल्लेख किया गया।

# भारतझ्रअमेरिका व्यापार समझौते पर अटकलों का खंडन, किसानों के हित सर्वोपरि- केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान

**समाज जागरण**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चल रही विभिन्न अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए आज राजस्थान के जयपुर से स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं किया जाएगा।



श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वे किसानों के बीच भारत के कृषि मंत्री के रूप में "पूरी जिम्मेदारी" से कह रहे हैं कि किसी भी समझौते में भारतीय किसानों के हितों से समझौता नहीं किया गया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि गेहूं, चावल, मक्का जैसी संवेदनशील फसलों पर दरवाजा बंद है, चावल उत्पादन में भारत आज दुनिया में नंबर-1 है और चीन से आगे निकल चुका है। ऐसे में किसानों को नुकसान पहुँचाने वाला कोई आयात स्वीकार ही नहीं किया गया।

**भारतीय किसानों के हित सुरक्षित**

सेब के मुद्दे पर उठाए जा रहे सवालों पर कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि भारत को हर साल लगभग 5.5 लाख मीट्रिक टन सेब की जरूरत होती है जो अभी तुर्की और ईरान जैसे देशों से भी आता है। उन्होंने कहा कि यदि इसमें से मात्र 1 लाख मीट्रिक टन सेब अमेरिका से लिया जाए और उस पर आयात मूल्य 80 प्रति किलो के ऊपर 25 शुल्क जोड़कर कोटा तय किया जाए तो यह भारत के सेब उत्पादकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा, बल्कि तुर्की से लेने के बजाय कहीं और से लेने का मामूली बदलाव मात्र है।

सोयाबीन और मक्का पर उन्होंने स्पष्ट किया कि इन पर कोई रियायत नहीं दी गई है और यह भी याद दिलाया कि कांग्रेस शासन में 20 अरब डॉलर के कृषि उत्पादों का आयात होता था जिसमें डेयरी उत्पाद भी शामिल थे।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने साफ निर्देश दिए हैं कि दूध, घी, दही, पनीर सहित कोई भी डेयरी उत्पाद भारत की धरती पर किसी भी कीमत पर आयात नहीं होने दिया जाएगा, ताकि देश के दूध उत्पादक किसानों को नुकसान न हो।

कपास के मामले में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि घरेलू उत्पादन के मुकाबले उद्योगों की जरूरत अधिक होने से उद्योगों को कुछ कपास आयात करना पड़ता है जिससे कपड़ा उद्योग चल सके, रोजगार बढ़े और निर्यात बढ़े। उन्होंने बताया कि भारत का टेक्सटाइल निर्यात विभिन्न उत्पादों को मिलाकर लगभग 4 लाख करोड़ रुपये का है जिसे 45 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने की क्षमता है और इसके फलस्वरूप अंततः लाभ किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ही मिलेगा।

उन्होंने ऐलान करते हुए कहा कि जीरा, मेथी, इसबगोल जैसी राजस्थान में पैदा होने वाली मसाला फसलों सहित भारतीय मसालों पर आयात की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जाएगी, बल्कि इन मसालों का निर्यात 0 फीसदी ड्यूटी पर अमेरिका जैसे बाजारों में बढ़ाने की व्यवस्था की गई है जिससे सीधे भारतीय किसानों को फायदा होगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के सामने दो वादे किए थेझ्र भारत को कभी झुकने नहीं दूंगाह्व और किसानों के हितों को सर्वोपरि रखूंगा, उन पर आंच नहीं आने दूंगा- और दोनों पर हमारी सरकार मजबूती से खड़ी है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, एयरस्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया गया, वैसे ही कृषि और किसानों के हितों पर भी कोई समझौता नहीं होगा और हर वैश्विक समझौता किसान-प्रथम दृष्टिकोण से ही देखा जाएगा।

# यह पुस्तक एआई के भविष्य को आकार दे रहे भारत के अनसुने नवप्रवर्तकों का जश्न मनाती है

**समाज जागरण**

उत्तरदायी तथा समावेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता में एक वैश्विक नेता के रूप में भारत के उभरने की पुनर्पुष्टि करते हुए, नीति आयोग के अंतर्गत अटल इनोवेशन मिशन ने आज एक विशिष्ट कॉफी टेबल बुक - एआई-प्रेन्योर्स ऑफ इंडिया - लॉन्च की, जो वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के समाधान विकसित कर रहे 45 अग्रणी एआई स्टार्टअप्स की यात्राओं का वर्णन करती है।

इस पुस्तक का अनावरण नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में किया गया, जो एआईएम की इनोवेशंस फॉर यू कॉफी टेबल श्रृंखला के सातवें संस्करण को चिह्नित करती है तथा भारत के डीप-टेक और एआई स्टार्टअप पारितंत्र के निर्माण में एआईएम के नेतृत्व को और सुदृढ़ करती है।

एआई-प्रेन्योर्स ऑफ इंडिया में 30 से अधिक क्षेत्रीय डोमेन में कार्यरत स्टार्टअप्स को शामिल किया गया है, जिनमें स्वास्थ्य-रक्षा, शिक्षा, सस्टेनेबिलिटी, मोबिलिटी, स्पोर्ट्स एनालिटिक्स, डीप-टेक तथा सोशल इम्पैक्ट सम्मिलित हैं। अटल इन्क्यूबेशन सेंटर्स के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क से प्राप्त सामग्री के आधार पर यह पुस्तक भारत के एआई नवाचार परिदृश्य की भौगोलिक तथा विषयगत विविधता को प्रतिबिंबित करती है, जो पारंपरिक प्रौद्योगिकी केंद्रों से कहीं आगे तक विस्तृत है।

# भारत और आयरलैंड ने दूरसंचार तथा उभरती डिजिटल प्रौद्योगिकियों में सहयोग को और मजबूत करने हेतु नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक आयोजित की

**समाज जागरण**

केंद्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नई दिल्ली स्थित संचार भवन में आयरलैंड के सार्वजनिक व्यय, अवसंरचना, लोक सेवा सुधार एवं डिजिटलीकरण मंत्री महामहिम श्री जैक चैम्बर्स के साथ एक द्विपक्षीय बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल में संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, दूरसंचार विभाग के सचिव श्री अमित अग्रवाल तथा दूरसंचार विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। आयरिश प्रतिनिधिमंडल में आयरलैंड के सार्वजनिक व्यय, अवसंरचना, लोक सेवा सुधार एवं डिजिटलीकरण मंत्री श्री जैक चैम्बर्स, भारत में आयरलैंड के राजदूत श्री केविन केली तथा आयरलैंड सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित थे।

बैठक में दूरसंचार, डिजिटल अवसंरचना, उभरती प्रौद्योगिकियों तथा नियामकीय सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस अवसर पर दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ एवं मैत्रीपूर्ण संबंधों की पुनः पुष्टि की गई।

**भारत-आयरलैंड डिजिटल साझेदारी को सुदृढ़ करना**

दोनों पक्षों ने भारत की व्यापकता एवं त्वरित क्रियान्वयन क्षमता और आयरलैंड के अनुसंधान-आधारित नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तथा यूरोपीय संघ-अनुकूल नियामकीय ढांचे के बीच मजबूत पूरकताओं को समझा। बैठक में दूरसंचार विभाग और आयरलैंड के संचार विनियमन आयोग के मध्य संरचित सहयोग की संभावनाओं पर बल दिया गया, जिसे शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्टअप्स तथा उद्योग से जुड़े हितधारकों के सहयोग से आगे बढ़ाया जा सकता है।

माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, भारत और आयरलैंड, दोनों ही गतिशील एवं नवाचार-प्रेरित लोकतंत्र हैं जिनके बीच क्वांटम संचार से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नियामकीय नवाचार तथा ग्रामीण ब्रॉडबैंड सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। हम अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ में भारत की उम्मीदवारी के लिए आयरलैंड के समर्थन की भी अपेक्षा करते हैं। साथ मिलकर हम एक सुदृढ़ और भविष्य के लिए तैयार डिजिटल साझेदारी का निर्माण कर सकते हैं।



माननीय मंत्री ने आयरिश पक्ष को वर्ष 2014 के बाद भारत की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी परिवर्तन यात्रा से अवगत कराया। उन्होंने उल्लेख किया कि आज भारत विश्व के सबसे बड़े डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतिनिधित्व करता है, जहां 1.23 अरब से अधिक दूरसंचार उपभोक्ता तथा लगभग एक अरब इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं। उन्होंने बताया कि 5G कवरेज देश के लगभग 99.9 प्रतिशत जिलों तक विस्तारित हो चुका है। औसत डेटा शुल्क लगभग 0.10 अमेरिकी डॉलर प्रति जीबी होने के कारण डिजिटल कनेक्टिविटी व्यापक रूप से सुलभ और किफायती बनी है।

उन्होंने भारत के सस्ती दर पर वॉइस एवं डेटा उपलब्ध कराये जाने पर विशेष प्रकाश डाला, जो वैश्विक स्तर पर सबसे कम दरों में से हैं। साथ ही, उन्होंने भारत द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डी पी आई) के सफल निर्माण को रेखांकित किया। विशेष रूप से, उन्होंने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यू पी आई) के परिवर्तनकारी प्रभाव का उल्लेख किया, जो अंतःपरिचालनीय (इंटरऑपरेबल) डिजिटल भुगतान के वैश्विक मॉडल के रूप में विकसित हुआ है। इसके अतिरिक्त, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डी बी टी) प्रणाली का भी उल्लेख किया गया, जिसके माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में सरकारी धन राशि सीधे निर्बाध रूप से हस्तांतरित की जाती है, जिससे पारदर्शिता एवं दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

उन्होंने आयरलैंड से आगामी अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आई टी यू) चुनावों के लिए भारत की उम्मीदवारी के समर्थन का आग्रह किया। इसमें रेडियो संचार ब्यूरो के निदेशक पद हेतु सुश्री एम. रेवती की उम्मीदवारी, 2027-2030 की अवधि के लिए आईटीयू परिषद में भारत के पुनः निर्वाचन तथा वर्ष 2030 में आईटीयू की पूर्णाधिकारी सम्मेलन की मेजबानी के भारत के प्रस्ताव का समर्थन शामिल है।

भारतीय पक्ष ने डिजिलॉकर जैसे प्रमुख डिजिटल पहलों के अनुभव भी साझा किए, जिसमें व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा हेतु सुदृढ़ गोपनीयता एल्गोरिद्म समाहित हैं। साथ ही, डिजी यात्रा पहल का उल्लेख किया गया, जो हवाई अड्डों पर निर्बाध एवं कागजरहित यात्रा अनुभव को सक्षम बनाती है। इसके अतिरिक्त, संचार साथी पहल तथा इसके विभिन्न मॉड्यूल्स पर भी प्रकाश डाला गया। इनमें खोए या चोरी हुए मोबाइल उपकरणों की पुनर्प्राप्ति हेतु केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर (सी ई आई आर), अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल को रोकने करने हेतु (सीआईओआर), दूरसंचार ऑपरेटरों द्वारा स्पैम कॉल अलर्ट तंत्र, तथा फर्जी मोबाइल कनेक्शनों की पहचान के लिए एएसटीआरए (ए एस टी आर ए) प्रणाली शामिल हैं।

आयरलैंड के मंत्री महामहिम श्री जैक चैम्बर्स ने आयरलैंड की राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड योजना के संबंध में अपने विचार साझा किए। उन्होंने उल्लेख किया कि यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सार्वभौमिक, सार्थक तथा सस्ता संपर्क प्रदान करने के संदर्भ में महत्वपूर्ण अनुभव और उपयोगी सीख प्रदान करती है। उन्होंने आयरलैंड की अर्थव्यवस्था, नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तथा रोजगार सृजन में भारतीय समुदाय के उल्लेखनीय योगदान की भी सराहना की।

आयरलैंड के मंत्री ने बैठक में उनके अपने देश भर के लिए चल रही अरबों यूरो की लागत वाली फाइबर नेटवर्क विस्तार परियोजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत और आयरलैंड के बीच सुदृढ़ एवं निरंतर विकसित होते व्यापारिक संबंधों का भी उल्लेख किया, जो यूरोपीय संघ के साथ भारत के कुल व्यापार में एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखते हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई सी टी) क्षेत्र में व्यवसायों तथा उद्योग साझेदारियों के लिए आगे और अवसर तलाशने में गहरी रुचि व्यक्त की।

दोनों पक्षों ने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई सी टी) के क्षेत्र में व्यवस्थित विचार-विमर्श, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण तथा उद्योग-संयोजन इत्यादि क्षेत्रों में मिलकर कार्य करने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही बैठक में भारत और आयरलैंड के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और सुदृढ़ करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने, डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देने तथा व्यापार एवं निवेश को विस्तार देने के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की गई।

दोनों पक्षों ने अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आई टी यू) के ढांचे के अंतर्गत निकट सहयोग करने तथा नियामकीय एवं प्रौद्योगिकीय क्षेत्रों में सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया।

दोनों पक्षों ने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई सी टी) के क्षेत्र में संरचित सहभागिता, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण तथा उद्योग-संयोजन को सरकार-से-सरकार (जी 2 जी), सरकार-से-व्यवसाय (जी 2 बी) एवं व्यवसाय-से-व्यवसाय (बी 2 बी) संवाद के माध्यम से सुदृढ़ करने पर सहमति व्यक्त की।

बैठक में दोनों देशों द्वारा मुक्त, सुरक्षित, लचीले तथा अंतःपरिचालनीय डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने को लेकर साझा प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की गई, जो नवाचार, आर्थिक वृद्धि तथा विश्वसनीय वैश्विक संपर्क को प्रोत्साहित करे।

# आधार ऐप की बढ़ती लोकप्रियता और दैनिक उपयोगिता, ऐप के माध्यम से 1 मिलियन लोगों ने घर बैठे मोबाइल नंबर अपडेट किया

**समाज जागरण**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआइई) के नए आधार ऐप को लेकर आम जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ऐप को अपनाने की यह तेज गति सुरक्षित, डिजिटल और सुविधाजनक आधार सेवाओं के प्रति नागरिकों के बढ़ते भरोसे को दशार्ती है।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआइई) के नए आधार ऐप ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब तक इसे लगभग 14 मिलियन से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। यह सफलता देश भर में आधार सेवाओं को अधिक सुलभ, उपयोगकर्ता के अनुकूल और तुरंत उपलब्ध कराने में इस ऐप की महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ती है।

आधार ऐप एक नेक्स्ट-जेनरेशन का मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसे आधार संख्या धारकों (एएनएच) को अपनी डिजिटल पहचान रखने, साझा करने, दिखाने और सत्यापित करने के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और गोपनीयता-केंद्रित तरीका प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एंड्रॉइड और एप्पल आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

28 जनवरी को राष्ट्र को समर्पित किए गए इस नए ऐप को औसतन प्रतिदिन 1,00,000 से अधिक लोग डाउनलोड कर रहे हैं। इस ऐप की बढ़ती उपयोगिता ने आधार सेवाओं को निवासियों के लिए घर बैठे ही सुलभ बना दिया है। अब तक यह ऐप 1 मिलियन निवासियों को अपना मोबाइल नंबर अपडेट करने में मदद कर चुका है। वहीं 3,57,000 आधार धारकों ने ऐप के जरिए अपने बायोमेट्रिक्स को लॉक या अनलॉक किया है। इसी तरह, लगभग 8,00,000 निवासियों ने नए ऐप का उपयोग करके अपना ई-आधार डाउनलोड किया है।

इस ऐप में कई आधुनिक और उन्नत सुविधाएँ शामिल हैं, जैसे प्रेजेंस के प्रूफ के तौर पर फेस वेरिफिकेशन, सिंगल क्लिक में बायोमेट्रिक लॉक/अनलॉक, ऑथेंटिकेशन हिस्ट्री को देखने की सुविधा और कॉन्टैक्ट डिटेल्स को आसानी से साझा करने के लिए दफ्र-आधारित कॉन्टैक्ट कार्ड।

सभी यूजर्स की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया यह आधार ऐप, दैनिक जीवन के कई महत्वपूर्ण कार्यों में सहायक है। इसके माध्यम से होटल में चेक-इन के दौरान ऑफलाइन वेरिफिकेशन सीकिंग एंटिटी (ओवीएसई) क्यूआर कोड स्कैनिंग, उम्र का सत्यापन, अस्पतालों में भर्ती, कार्यक्रमों में प्रवेश और गिग वर्कर्स व सर्विस पार्टनर्स के सत्यापन जैसे कई कार्य सुगम हो गए हैं। इसके साथ ही, यूआईडीएआई एक ऐसा ऑफलाइन वेरिफिकेशन इकोसिस्टम भी विकसित कर रहा है, जिससे विभिन्न संस्थाएं पंजीकृत होकर आधार ऐप की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगी और सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाया जा सकेगा।

यह ऐप एक ही डिवाइस पर पांच आधार प्रोफाइल तक के प्रबंधन की सुविधा देता है, जो "वन फैमिली - वन ऐप" की अवधारणा को मुमकिन करता है। पता अपडेट के साथ-साथ, अब निवासी इस ऐप के माध्यम से अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर भी अपडेट कर सकते हैं। भविष्य में इसमें कई अन्य अपडेट सेवाएं जोड़ने की भी योजना है।

ऐप को इतनी बड़ी संख्या में अपनाना, सेवा वितरण में सुधार, यूजर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए तकनीक के उपयोग के प्रति यूआईडीएआई की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। नियमित अपडेट, उन्नत सुरक्षा फीचर्स और इसके सरल इंटरफेस ने सभी आयु वर्ग के लोगों और विभिन्न क्षेत्रों के निवासियों के बीच इस ऐप की व्यापक स्वीकार्यता सुनिश्चित की है।

जैसे-जैसे इस ऐप को अपनाने वालों की संख्या बढ़ रही है, आधार ऐप सभी के लिए सुविधाजनक, सुरक्षित और समावेशी डिजिटल पहचान सेवाएं प्रदान करने में और भी बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इतनी बड़ी संख्या में डाउनलोड्स का यह आंकड़ा केवल एक संख्या मात्र नहीं है, बल्कि एक अधिक डिजिटल रूप से सशक्त समाज ओर बढ़ते एक बड़े कदम का प्रतीक है।

# पंचायती राज मंत्रालय ने भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में जमीनी स्तर के शासन को मजबूत करने के लिए एआई हस्तक्षेपों पर प्रकाश डाला

**समाज जागरण**

केंद्रीय पंचायती राज मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित ह्यइंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026ह्व में पंचायती राज मंत्रालय के पवेलियन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बिहार के उप-मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार सरकार में उद्योग एवं सड़क निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, बिहार सरकार में सूचना प्रौद्योगिकी एवं खेल मंत्री सुश्री श्रेयासी सिंह, राज्यसभा सांसद श्री संजय कुमार झा और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



पंचायती राज मंत्रालय का यह पवेलियन जमीनी स्तर पर शासन में पारदर्शिता, सटीकता और दक्षता बढ़ाने के लिए मंत्रालय द्वारा विकसित एआई-सक्षम प्लेटफार्मों को प्रदर्शित कर रहा है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026 के दौरान सभासार, प्रमाण (पीआरएएमएएन) और ईग्रामसाथी का लाइव प्रदर्शन किया जा रहा है।

इस शिखर सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण "सरपंच की चौपाल, एआई का कमाल" शीर्षक से नुक्कड़ नाटक है, जिसमें दर्शाया गया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) किस प्रकार ग्रामसभा की कार्य प्रणाली को संरचित दस्तावेजीकरण और पारदर्शी प्रक्रियाओं के माध्यम से सुदृढ़ कर सकती है। शिखर सम्मेलन के विषय "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" के तहत मंत्रालय के हस्तक्षेप ग्राम सभा की कार्यवाही के विश्वसनीय डिजिटल रिकॉर्ड को संस्थागत बनाने, परिसंपत्ति निगरानी में प्रामाणिकता सुनिश्चित करने और वास्तविक समय में शासन सहायता उपलब्ध कराने पर केंद्रित हैं।

सभासार ग्राम स्थानीय भाषाओं में ग्रामसभा की बैठकों की एआई आधारित रिकॉर्डिंग, ट्रांसक्रिप्शन और संरचित बैठकों के कार्यवृत्त को स्वाचालित रूप से तैयार करने की सुविधा प्रदान करता है। प्रमाण (पीआरएएमएएन) विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत परिसंपत्ति की तस्वीरों के स्वचालित सत्यापन और गुणवत्ता जांच के लिए इमेज एनालिटिक्स का उपयोग करता है। ईग्रामसाथी पंचायत पदाधिकारियों और नागरिकों को एआई-संचालित, वास्तविक समय की सूचना सहायता प्रदान करता है। ये प्रौद्योगिकी-आधारित पहलें प्रधानमंत्री के उस विजन के अनुरूप हैं, जिसमें डिजिटल नवाचार का लाभ उठाकर सहभागी लोकतंत्र को गहरा करना और देश भर में अंतिम छोर तक शासन को मजबूत करना शामिल है।

आगंतुक 20 फरवरी 2026 तक भारत मंडपम (हॉल 5, बूथ 5ऋ8 एवं 5F9) में पंचायती राज मंत्रालय के पवेलियन का अनुभव कर सकते हैं। पवेलियन में "सरपंच बनें" नामक एक प्रत्यक्ष इंटरैक्टिव सिमुलेशन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें पारंपरिक नुक्कड़ नाटक प्रारूप के माध्यम से एआई-सक्षम निर्णय दस्तावेजीकरण का प्रदर्शन किया जाता है, साथ ही मंत्रालय के एआई प्लेटफार्म के लाइव मार्गदर्शित प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं।

# भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में ऊर्जा और पहुंच पर एआई इम्पैक्ट केसबुक जारी

**समाज जागरण**

ये केसबुक सरकारी मंत्रालयों, अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, अनुसंधान संगठनों और फाउंडेशन के बीच मिलकर तैयार की गई हैं। इन्हें अलग-अलग देशों में नीति निमार्ताओं और व्यवसायियों के लिए दीर्घकालिक ज्ञान संसाधनों के तौर पर डिजाइन किया गया है।

ऊर्जा सार-संग्रह को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के साथ साझेदारी में बनाया गया है। यह ऊर्जा परिवर्तन में एआई की दोहरी भूमिका को दिखाता है। एक तरफ, एआई बढ़ती कंप्यूट जरूरतों की वजह से बिजली की ज्यादा मांग बढ़ा रहा है। दूसरी तरफ, यह ऊर्जा व्यवस्था की दक्षता को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। यह कम्पेंडियम दस्तावेज ग्रिड ऑप्टिमाइजेशन, नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण, डेटा केंद्र की दक्षता और उभरते समाधान में मामलों का इस्तेमाल करता है, जो बढ़ती कंप्यूट जरूरतों को क्लाइमेट प्रतिबद्धता के साथ संतुलित करते हैं। एक्सेसिबिलिटी वॉल्यूम में असिस्टिव डिवाइस, जल्द डायग्नोसिस, अडैप्टिव लर्निंग, एडवांस्ड प्रोस्थेटिक्स और मेंटल हेल्थ सपोर्ट में एआई-लेड इंटरवेंशन दिखाए गए हैं। यह प्राइवेसी सेफगार्ड, एथिकल डिप्लॉयमेंट और कल्चर के हिसाब से नवोन्मेष के महत्व पर भी जोर देता है।शुरूआत के मौके पर एनआईसी के महानिदेशक और एमईआईटीवाई के अपर सचिव और इंडिया एआई के सीईओ, श्री अभिषेक सिंह ने कहा कि समिट पूर्व सलाह मशविरे का एक खास नतीजा यह था कि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में एआई के इस्तेमाल के मामलों, सर्वश्रेष्ठ कार्य प्रणालियों और वैश्विक अध्ययन को एकत्र करने की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि यह संग्रह देशों के लिए, खासकर ग्लोबल साउथ के लिए गाइडबुक का काम करेगा, जहां विकास की कई चुनौतियां एक जैसी हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान का संग्रह सरकारों और नवोन्मेषकों को सफल समाधान दोहराने, स्टार्टअप्स से जुड़ने और असरदार मध्यस्थता को बढ़ाने में मदद करेगी।

वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक, ऑफिस ऑफ द चीफ एनर्जी इकोनॉमिस्ट, आईईए के श्री सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि एआई से उत्पन्न ऊर्जा की मांग पर बहुत ध्यान दिया जाता है, लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि एआई का ऊर्जा क्षेत्र पर अच्छा असर पड़े। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पहल एआई के उपयोगी इस्तेमाल पर ज्यादा ध्यान देगी जिससे अर्थव्यवस्था और समाज को फायदा होगा। समारोह में बिजली मंत्रालय के अपर सचिव श्री पीयूष सिंह; नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव श्री संतोष कुमार सारंगी; एएलआईएमसीओ के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक श्री प्रवीण कुमार; और नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अभय बाकरे शामिल हुए। इन केसबुक का मकसद क्रॉस-कंट्री लर्निंग को सहयोग करना, साबित हो चुके मॉडल्स को दोहराने में मदद करना और क्लाइमेट एक्शन और सामाजिक समावेशिता से जुड़े क्षेत्र में एआई इस्तेमाल करने के लिए सबूतों का आधार मजबूत करना है।

## प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक, 7 से 14 मार्च तक मंडलों में आयोजित होंगे प्रशिक्षण शिविर



**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज**

21 फरवरी (शनिवार)। स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय, मंझिया मार्ग में प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। तत्पश्चात वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार ने प्रशिक्षण महाअभियान की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि आगामी 7 मार्च से 14 मार्च तक जिले के सभी मंडलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा, सेवा कार्य, सामाजिक समरसता एवं जनसंपर्क जैसे विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने प्रदेश द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पालन सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण में कार्यशालाओं के आयोजन पर विशेष बल दिया। बैठक में जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष ज्योति कुमार सोनू, जिला महामंत्री कौशल झा, मनीष सिन्हा, पंकज कुमार साहा, राकेश गुप्ता, जय किशन प्रसाद, प्रोफेसर मीना कुमारी, खुशो देवी, लखवीर कोर, संजय पासवान, अरविंद मंडल (नगर अध्यक्ष) सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, जिला पदाधिकारी एवं मीडिया प्रभारी सुबोध महेश्वरी उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण महाअभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष ज्योति कुमार सोनू ने किया।

## किशनगंज मेडिकल कॉलेज से युवक लापता, 21 दिन बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

अररिया जिला के सिमराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत मदरगंज गांव निवासी रामानंद पासवान के 40 वर्षीय पुत्र मुन्ना पासवान किशनगंज मेडिकल कॉलेज से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। घटना को 21 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं होने से परिजनों में गहरा आक्रोश है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुन्ना पासवान के दाहिने पैर में लगी रॉड को ऑपरेशन के माध्यम से निकालना था। इसके लिए उन्हें 29 जनवरी 2026 को किशनगंज मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने 3 फरवरी (मंगलवार) को ऑपरेशन की तिथि निर्धारित की थी।

परिजनों का आरोप है कि 30 जनवरी की मध्य रात्रि में, जब सभी लोग सो रहे थे, उसी दौरान मुन्ना पासवान शौचालय जाने के लिए वार्ड से बाहर निकले, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। अस्पताल परिसर में लगे



सीसीटीवी कैमरों की जांच में वे बाहर जाते हुए तो दिखाई दिए, लेकिन उसके बाद उनकी कोई गतिविधि दर्ज नहीं हुई।

घटना के बाद 31 जनवरी को परिजनों ने सदर थाना किशनगंज में गुमशुदगी का आवेदन दिया, जिसकी प्राप्ति रसीद 1 फरवरी 2026 की है। आरोप है कि आवेदन दिए जाने के बावजूद अब तक न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की जानकारी दी गई है। परिजन तीन अलग-अलग तिथियों में थाना पहुंचकर गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। पीड़ित पिता रामानंद पासवान ने बताया कि अब तक पुलिस की ओर से किसी प्रकार की प्रगति से उन्हें अवगत नहीं कराया गया है, जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है। उन्होंने किशनगंज के पुलिस अधीक्षक से मामले में हस्तक्षेप कर अविलंब प्राथमिकी दर्ज करने तथा उनके पुत्र की सकुशल बरामदगी सुनिश्चित करने की मांग की है।

इधर, पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर परिजनों में रोष व्याप्त है। परिवार का कहना है कि यदि समय रहते गंभीरता से कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति और जटिल हो सकती है। अब पूरा परिवार प्रशासन से न्याय की उम्मीद लगाए बैठा है।

## पटना जिले के पालीगंज में किया गया क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन



**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल सह प्रखण्ड क्षेत्र के चंदोस बाजार स्थित खेल के मैदान में शनिवार को मरहूम मोहम्मद शहजाद भाई क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार खेल का उद्घाटन पालीगंज बीडीओ शुशील कुमार व पालीगंज मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष आनन्द कुमार यादव ने विधिवत रूप से किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सुधीर कुमार ने बतलाया कि इस टूनार्मेंट का आयोजन प्रखण्ड क्षेत्र के मुखिया लोगों के द्वारा कराई गई है। इसमें किसी भी पंचायत के सिर्फ एक ही टीम भाग ले सकती है। वही मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष आनन्द कुमार यादव ने बताया कि जब बच्चे के मन मे खेल के प्रति रुझान हो तो उसे प्रोत्साहित करना चाहिए। खेल जगत में अपनी प्रतिभा के बदौलत बच्चे सफलता प्राप्त कर सकता है। साथ ही तरक्की कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर सकता है। वही बीडीओ शुशील कुमार ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। मौके पर कल्याणपुर पैपुरा पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष आनंद कुमार, कटका पैगम्बरपुर पंचायत के मुखिया ज्ञानवर्धन शर्मा, रानीपुर कुरकुरी पंचायत के मुखिया पप्पू कुमार, सुधीर कुमार, खानपुरा तारापुर पंचायत के मुखिया प्रत्याशी रोहित कुमार व सिंगोड़ी पंचायत के मुखिया सुबैदा खातून सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में योजनाओं की व्यापक समीक्षा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंजः जिले के समग्र विकास एवं विभिन्न केंद्रीय-राज्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता किशनगंज के सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने की। बैठक में उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की उपस्थिति रही। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आईसीडीएस, बुडको, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, खनन विभाग, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, विद्युत विभाग, जिला योजना, नगर निकाय, पीएचईडी (नल-जल योजना), पथ निर्माण विभाग, बीसीडी, राजस्व विभाग, लघु सिंचाई प्रमंडल, सहकारिता विभाग तथा अल्पसंख्यक विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं एवं कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

**जनप्रतिनिधियों ने उठाई क्षेत्रीय समस्याएं**

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों की प्रमुख समस्याएं रखीं। जर्जर सड़कों की मरम्मत, टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कमी, दोषी एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने तथा जांच कर कार्रवाई की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। आईसीडीएस पोठिया से संबंधित शिकायतों की जांच, किशनगंज में निगरानी विभाग की कार्रवाई, छतरगाछ में निमार्णाधीन अस्पताल में प्रयुक्त बालू की गुणवत्ता जांच, नशा एवं कैंसर से बचाव हेतु जन-जागरूकता, अल्पसंख्यक छात्रावासों के रखरखाव तथा बिना मान्यता के सीबीएसई/आईसीएसई विद्यालयों की जांच जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।

**सांसद ने दिए आवश्यक निर्देश**

डॉ. मोहम्मद जावेद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जिले में व्यापक कार्य हुए हैं, अतः किसी भी प्रकार की अनियमितता से जिले की छवि प्रभावित न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। आईसीडीएस पोठिया मामले पर उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए जांच की आवश्यकता बताई तथा इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखने हेतु विधायकों से आग्रह किया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में रिक्त चिकित्सक पदों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। टप्पू-दिघलबैंक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास निजी अस्पतालों द्वारा अवैध रेफरल की शिकायत पर जिला पदाधिकारी ने बताया कि आकस्मिक निरीक्षण हेतु टीम गठित कर जांच की जा रही है। जिले में बढ़ते कैंसर मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधान सचिव स्तर से जांच टीम भेजने की जानकारी दी गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग एवं पीएचईडी की संयुक्त टीम गठित कर विभिन्न स्थानों से पेयजल के नमूने लेने का निर्देश दिया गया।

**मंत्री ने गुणवत्ता व पारदर्शिता पर दिया जोर**

डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि मानक के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध ब्लैकलिस्टिंग सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी।

आईसीडीएस की समीक्षा में उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार के मामलों में अब तक 86 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई है तथा सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है।

नल-जल योजना में पीले पानी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए 24 घंटे में कारण स्पष्ट करने तथा एक सप्ताह के भीतर समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विभिन्न विभागों में स्थलीय निरीक्षण, समयबद्ध सुधार एवं अभियंताओं से स्पष्टीकरण लेने की भी बात कही गई।

**त्रैमासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित होगी**

बैठक के समापन पर सांसद ने कहा कि दिशा की बैठक प्रत्येक तीन माह में नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। जिले के औद्योगिक विकास, इंडस्ट्रियल हब में स्थानीय लोगों को रोजगार, भूमि के दुरुपयोग पर रोक एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए संतुलित कदम उठाने पर जोर दिया गया।

बैठक में मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रूकैया बेगम, सदर विधायक मो. कमरुल हूदा, ठाकुरगंज विधायक गोपाल अग्रवाल, कोचाधामन विधायक सरवर आलम, एडीएम अमरेन्द्र कुमार पंकज, डीडीसी प्रदीप कुमार झा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी जफर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार, जिला योजना पदाधिकारी-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कुंदन कुमार सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, विधायक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पटना पुलिस ने किया हत्याकांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक में दो वर्ष पहले राजू कुमार की बेरहमी से हत्या कर शव को छुपा दिया गया था। इस सनसनीखेज हत्याकांड में फरार चल रहे मुख्य आरोपी मनिष कुमार उर्फ गुड्डू को पुलिस ने गया जिले के चाकंद स्थित एक ईंट भट्ठा परिसर से गिरफ्तार कर लिया है। लंबे समय से पुलिस को उसकी तलाश थी। यह पूरा मामला 02 नवंबर 2023 का है। गौरीचक थाना क्षेत्र में राजू कुमार को मारपीट कर हत्या करने और साक्ष्य छुपाने का आरोप लगाया गया था। वादिनी के लिखित आवेदन पर मनिष कुमार और सन्दु कुमार सहित अन्य लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शुरूआत में मारपीट, धमकी और अपहरण से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज हुआ था, लेकिन अनुसंधान के दौरान हत्या और साक्ष्य मिटाने की धारा जोड़ दी गई। घटना के बाद से ही मुख्य आरोपी मनिष कुमार फरार चल रहा था। पुलिस ने उसके विरुद्ध न्यायालय से वारंट, इस्तेहार और कुर्की की कार्रवाई भी कराई, लेकिन वह गिरफ्त से बाहर था। पुलिस लगातार तकनीकी सर्विलांस और मानवीय सूचना के आधार पर उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही थी। आखिरकार विशेष टीम को सूचना मिली कि आरोपी गया जिले के चाकंद इलाके में छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे एक ईंट भट्ठा परिसर से दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिन्हें जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। छापेमारी दल का नेतृत्व थानाध्यक्ष विनय कुमार रंजन ने किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी की जा रही है। दो वर्ष पुराने इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी से मामले के खुलासे की उम्मीद और मजबूत हुई है। पुलिस का कहना है कि शेष फरार अभियुक्तों को भी जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## पटना में पूर्व सैनिक को गोली मारने का मुख्य आरोपी सहित चार गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के दौरान पूर्व सैनिक बृजनंदन राय की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है। एसपी सिटी पूर्वी परिचय कुमार ने बताया कि घटना 19 फरवरी 2026 की है। लिखित आवेदन के अनुसार एक एफजेड मोटरसाइकिल तथा टाटा पंच चारपहिया वाहन से चार से पांच लोग मौके पर पहुंचे। आरोप है कि विकास कुमार, अजय कुमार, चोखा यादव, संतोष कुमार और विजय कुमार ने बाउंड्री निर्माण का कार्य रुकवाया और विवाद के दौरान आवेदिका के पति तेजनंदन राय उर्फ बृजनंदन राय को पिस्तौल से गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक वर्ष 2005 में उक्त जमीन विकास कुमार के नाना से खरीद चुके थे और उसी जमीन पर चहारदीवारी खड़ी करवा रहे थे। इसी दौरान विकास कुमार उर्फ टेकर अपने साथियों के साथ पहुंचा और जमीन को अपनी बताते हुए विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और गोली चला दी गई। इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर मुख्य अभियुक्त विकास कुमार उर्फ टेकर तथा शंभु कुमार को गिरफ्तार किया।

उनकी निशानदेही पर एक विदेशी पिस्तौल, एक देशी कट्टा, ग्यारह जिंदा कारतूस, एक खोखा, घटना में प्रयुक्त टाटा पंच वाहन और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए. इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत अलग से कांड संख्या 101/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में विकास कुमार उर्फ टेकर, शंभु कुमार, धीरज कुमार और संतोष कुमार शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## पटना के पालीगंज में मद्ध निषेध पुलिस ने किया छह सौ लीटर शराब बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज स्थित इंद्रानगर में छापेमारी कर मद्ध निषेध पुलिस ने एक घर से छह सौ लीटर शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार मद्ध निषेध पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पटना जिले के पालीगंज स्थित इंद्रा नगर मुहल्ले में शराब कारोबार चल रहा है। जिसपर कार्यवाई करते हुए मद्ध निषेध पुलिस की टीम इंद्रा नगर मुहल्ले में छापेमारी किया। जिसके दौरान मद्ध निषेध बिभाग की टीम बिनय मिस्त्री के पुत्र गणेश कुमार के घर से लगभग 600 लिटर शराब बरामद किया है। ज्ञात हो कि आगामी होली के त्योहार को देखते हुए प्रशासन सतर्कता बरत रही है। इलाके में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए संदिग्ध स्थितियों पर नजर बनाए हुए है। इसी कड़ी में प्रशासन की ओर से शराबियो पर नकेल कसने की मुहिम चलाई जा रही है।

## टंडवा में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण



**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के लहंग कर्मा गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के समीप स्थित सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ शनिवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लंबे समय से विद्यालय के पास सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया गया था, जिससे स्थानीय लोगों और विद्यालय संचालन में परेशानी हो रही थी। मामले की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने स्थल का निरीक्षण कर कार्रवाई का निर्णय लिया। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई का नेतृत्व अंचल अधिकारी निकहत प्रवीण ने किया। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था की कमान टंडवा थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में सशस्त्र बल के जवानों की पर्याप्त तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। अंचल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न करें, अन्यथा विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## टंडवा थाना पुलिस की कार्रवाई, 70 लीटर देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और तस्करी के खिलाफ छापेमारी की। पुलिस द्वारा गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए थाना क्षेत्र के कंचन गांव के समीप छापेमारी के दौरान 70 लीटर देशी शराब जप्त की गई और 300 लीटर जावा महुआ घोल



विनष्ट किया गया। वहीं पुलिस ने मौके से शराब तस्कर गुड्डू रजवार को गिरफ्तार किया है, जो कंचन गांव, टंडवा थाना का रहने निवासी है। थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस की कारवाई में देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है साथ ही 300 लीटर जावा महुआ घोल को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस की इस कारवाई से क्षेत्र मे शराब तस्करो के बीच हड़कंप व्याप्त है।

## बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में प्रदूषण का कहरः

### दर्जनों खनन पट्टों के बीच मेडिकल सुविधा नदारद, रात्रि में चल रहे क्रशरों पर उठे सवाल।

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में प्रदूषण की मार झेल रहे स्थानीय निवासियों का जीवन दिन-प्रतिदिन दूभर होता जा रहा है। क्षेत्र में लगभग 35 के करीब खनन पट्टे स्वीकृत हैं, लेकिन नियमानुसार आम जनता के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं धरातल पर दिखाई नहीं दे रहीं।



नियमों के अनुसार प्रत्येक खनन पट्टेदार द्वारा क्षेत्र में कम से कम एक दिन का मेडिकल कैम्प आयोजित कर प्रदूषण से प्रभावित लोगों का उपचार कराना अनिवार्य है। साथ ही उत्तर प्रदेश खनिज परिहार नियमावली में यह भी स्पष्ट प्रावधान है कि खनन गतिविधियों से प्रभावित आमजन के स्वास्थ्य संबंधी दायित्व खनन पट्टेदार की जिम्मेदारी है। इसके बावजूद क्षेत्र में न तो नियमित मेडिकल कैम्प लगाए जा रहे हैं और न ही स्थायी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जिला खनिज फाउंडेशन (DMF) फंड से क्षेत्र में एक अस्पताल का निर्माण कर दिया जाए और उसके संचालन, डॉक्टर व अन्य खर्च का वहन खनन पट्टेदारों से कराया जाए तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, बल्कि प्रभावित जनता के प्रति न्यायपूर्ण कदम होगा।

सबसे गंभीर आरोप रात्रिकालीन प्रदूषण को लेकर है। क्षेत्र में क्रशर मशीनें रात में भी संचालित हो रही हैं, जबकि स्थानीय नागरिकों का दावा है कि रात्रि में क्रशर संचालन के लिए कोई स्पष्ट वैधानिक अनुमति नहीं है। रातभर उड़ती धूल और तेज शोर से बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लगभग छह वर्ष पूर्व इसी मुद्दे को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों ने तत्कालीन समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड से कई बार शिकायत व प्रदर्शन किया था, जिसके बाद कुछ समय के लिए रात्रि में चल रहे क्रशर बंद कराए गए थे। लेकिन मंत्री के व्यस्त होते ही स्थिति पुनः पहले जैसी हो गई और प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ गया। अब क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि रात्रिकालीन क्रशर संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, नियमित मेडिकल कैम्प सुनिश्चित किए जाएं तथा उद्धत्र फंड से स्थायी अस्पताल की स्थापना कर खनन कंपनियों से उसका खर्च वहन कराया जाए। प्रशासन की चुप्पी के बीच बिल्ली मारकुंडी के लोग आज भी स्वच्छ हवा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की आस में हैं।

## तिरुलडीह में अवैध बालू उत्खनन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर जब्त




**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

तिरुलडीह/ईचागढ़ : अनुमंडल क्षेत्र के तिरुलडीह थाना में अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ शनिवार को सघन छापामारी अभियान चलाया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संभावित स्थानों पर घेराबंदी कर जांच अभियान शुरू किया।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन ट्रैक्टरों को रोका, जिनमें अवैध रूप से बालू लदा हुआ पाया गया। जांच में करीब 300 सीएफटी अवैध बालू बरामद किया गया। पुलिस ने तत्क्षण तीनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखवा दिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है। अवैध खनन एवं परिवहन से सरकारी राजस्व की क्षति के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

थाना प्रभारी कौशल कुमार ने स्पष्ट किया कि अवैध बालू उत्खनन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आगे भी नियमित रूप से छापामारी अभियान चलाकर इस पर अंकुश लगाया जाएगा।

## ईट भट्ठा मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र में एक मजदूर की ईंट भट्ठे पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक की पहचान मुरारी कुमार के रूप में हुई है, जो शेखपुरा जिले के अरियरी थाना क्षेत्र के फॉरपर गांव का रहने वाला था। घटना के बाद से इलाके में तरह-तरह की चचाएं हैं और मौत के कारण को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।जानकारी




के अनुसार मृतक मुरारी रामनगर स्थित ईंट भट्ठे पर रहकर मजदूरी करता था। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम वह भट्ठे पर ट्रैक्टर चलाना सीख रहा था, तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे वह उसके नीचे दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि मुरारी सड़क हादसे घायल हुआ है, न कि भट्ठे पर। आनन फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। टंडवा थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर घटना की जानकारी उन्हें नहीं मिली है।आवेदन मिलने पर उचित कारवाई की जाएगी।

## होली एवं रमजान माह पर्व के दृष्टिगत थाना ओबरा क्षेत्र में पुलिस एवं CISF ने किया रूट मार्च

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

ओबरा/ सोनभद्र। आगामी होली पर्व एवं रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आज दिनांक 21.02.2026 को सायंकाल अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व में थाना ओबरा क्षेत्र में रूट मार्च किया गया। रूट मार्च में प्रभारी निरीक्षक ओबरा, थाना ओबरा पुलिस



बल एवं सीआईएसएफ (CISF) के जवान सम्मिलित रहे। यह मार्च क्षेत्र के मुख्य बाजारों, संवेदनशील स्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले इलाकों से होकर निकाला गया। रूट मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना है। अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या कानून-व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।